गरिमामयी परम्परा के १०७ वर्ष

भाजन

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
मध्यप्रदेश-राजस्थान संस्करण

Facebook आज आगरा
E-Paper ऑन लाइन पढ़ने के लिए वेबसाइड पर क्लिक करें
www.ajhindidaily.com

★
नगर संस्करण पृष्ठ १२

मूल्य ₹ ६



आगरा, 03 नवम्बर, 2026, मंगलवार, वर्ष 40 अंक 290 सौर 9 कार्तिक कृष्ण पक्ष नवमी सं. 2083 वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

मानदेय के बाद अब आंगनबाड़ी कर्मियों को फोन के साथ कैशलेस इलाज

योगी सरकारने दिवालीसे पहले दिया लाखों परिवारोंको उपहार



लखनऊ। इस बार प्रदेश की लाखों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की दिवाली पहले से अधिक खुशियों के साथ मनेगी। योगी सरकार ने त्योहार से पहले उनके मानदेय में बढ़ोतरी कर लाखों परिवारों को उपहार दिया है। लंबे समय से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की जिम्मेदारी निभा रहीं इन कर्मियों को अब बढ़ा हुआ मानदेय मिल रहा है। कार्यकर्ताओं का मानदेय 8 हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपये और सहायिकाओं का 4 हजार से बढ़ाकर 6 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है। इससे कार्यकर्ताओं को हर महीने 4 हजार और सहायिकाओं को 2 हजार रुपये अतिरिक्त मिल रहे। बढ़ी हुई आमदनी से जहां घर का बजट मजबूत होगा, वहीं त्योहार की तैयारियों में भी आसानी होगी। योगी सरकार ने करीब 3.35 लाख आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं व परिवार के सदस्यों की (शेष पृष्ठ २ पर)

राहुल ने प्रधानमंत्री को दी बहस की चुनौती



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा।

कहां-मैं जानता हूं आप डरते हो, विदेशी मददसे प्रधानमंत्री बननेसे लगाया आरोप

उन्होंने पीएम मोदी पर विदेशी मदद के सहारे सत्ता में बने रहने का आरोप लगाकर राजनीतिक विवाद तेज कर दिया। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और अब भी इसी मदद के सहारे इस पद पर बने हुए हैं। उन्होंने देश की आर्थिक व्यवस्था और विदेशी सोशल मीडिया को लेकर भी सवाल उठाए। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा कि वह किसी भी मंच पर और किसी भी समय उनसे चर्चा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री इसलिए बहस के लिए नहीं आएंगे, क्योंकि वह जानते हैं कि राहुल (शेष पृष्ठ २ पर)

सौर ऊर्जा से मजबूत हो रही देश की ऊर्जा सुरक्षा, रोजगार के नये अवसर भी बनेंगे-मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत में स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बदलाव तेजी से हो रहा है और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सौर ऊर्जा की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार न केवल बिजली का खर्च कम करने में मदद कर रहा है, बल्कि रोजगार के नए अवसर पैदा करने और देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी और ब्लूमबर्ग एलपी के संस्थापक माइकल आर. ब्लूमबर्ग द्वारा लिखे गए एक लेख को साझा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि लेख में नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार, रूफटॉप सोलर, ऊर्जा भंडारण और बिजली पारेषण के क्षेत्र में निवेश की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया गया है।मोदी ने केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी का एक अन्य लेख भी साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत की सौर ऊर्जा यात्रा नए अवसरों के द्वार खोल रही है। लेख में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और पीएम-कुसुम जैसी पहलों के माध्यम से सौर ऊर्जा के बढ़ते प्रसार का उल्लेख किया गया है। जोशी ने अपने लेख में सौर ऊर्जा से संचालित कृषि, ऊर्जा भंडारण, विनिर्माण और हरित रोजगार जैसे क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला है। भारत का लक्ष्य 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करना है और इस दिशा में सौर ऊर्जा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

एक लाख रिश्वत लेते प्रदूषण नियंत्रण बोर्डका जेई पकड़ाया

बांदा। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात अवर अभियंता (जेई) सलमान को विजिलेंस टीम ने एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी मूलरूप से मेरठ जिले का निवासी है और बांदा में आवास विकास कॉलोनी स्थित एलआईसी बिल्डिंग के पीछे रहता है। पकड़े गए जेई की पहचान सलमान पुत्र नसरुद्दीन निवासी मकान नंबर 235, रसूलपुर, औरंगाबाद, थाना भावनपुर, जिला मेरठ के रूप में हुई है। वह बांदा स्थित उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात था। विजिलेंस टीम ने उसे एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बरेली : जनसुनवाईमें लापरवाही पर थाना प्रभारी समेत तीन दरोगा निलंबित

बरेली। बरेली में जनसुनवाई में लापरवाही और पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई न करना सीबीगंज थाना पुलिस को भारी पड़ गया। सिर में गंभीर चोट होने के बावजूद पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज न करने के मामले में एसएसपी अनुराग आर्य ने सीबीगंज थानाध्यक्ष समेत तीन दरोगाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, सीबीगंज थाना क्षेत्र की एक पीड़िता ने 27 अक्तूबर को थाने पहुंचकर शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई (शेष पृष्ठ २ पर)

सोनिया गांधीने लालूसे की मुलाकात

नयी दिल्ली। दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से मुलाकात की। इंडिया ब्लॉक की रामलीला मैदान में हुई रैली के बाद इस मुलाकात को विपक्षी एकजुटता के लिहाज से अहम माना जा रहा है ऐसे समय में जब विपक्ष मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और वोट चोरी के मुद्दे पर केंद्र सरकार तथा चुनाव आयोग को घेर रहा है। कांग्रेस और राजद के शीर्ष (शेष पृष्ठ २ पर)

कांग्रेसने लगाया आईडीबीआई बैंककी बिक्रीमें घोटालेका आरोप



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने आईडीबीआई बैंक को कनाडा की कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स को बेचने की प्रक्रिया में बड़े घोटाले का आरोप लगाते हुए इसे तत्काल रोकने और पूरे मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस के पूर्व सांसद एवं प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल ने सोमवार

जेपीसीसे जांच कराने की मांग

को जारी बयान में आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मुनाफा कमाने वाले सरकारी बैंक को विदेशी कंपनी के हाथों सौंप रही है। उन्होंने दावा किया कि आईडीबीआई बैंक ने 2021 से 2026 के बीच 30,105 (शेष पृष्ठ २ पर)

ईडीकी गिरफ्तारीको लेकर सुप्रीम कोर्ट गये आजम

नयी दिल्ली। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जेल से रिहाई के तुरंत बाद ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के मामले में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इसी सप्ताह सुनवाई करने पर सहमति जताई है। सोमवार को अधिवक्ता निजाम पाशा ने सीजेआई सूर्यकांत के समक्ष मामले का उल्लेख किया था। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 29 अक्तूबर को दो पैन कार्ड से जुड़े मामले में आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को जमानत दी थी। अदालत ने आजम खान की 10 साल की सजा (शेष पृष्ठ २ पर)

सड़क बना रहे आठ मजदूरों की करेंट से मौत

नयी दिल्ली। राजस्थान के झुंझुनू जिले में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां छापोली इलाके में सड़क निर्माण कार्य के दौरान एक मशीन हाई वोल्टेज बिजली लाइन के संपर्क में आ गई. इससे आठ मजदूरों की मौत हो गई। सामने आया है कि पांच मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद 3 अन्य मजदूरों की भी मौत की बात सामने आई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला : सुप्रीम कोर्टने याचिकाओं पर किया निबटारा



नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी मामले में दायर याचिकाओं का निपटारा कर दिया। अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार के उस बयान को रिकॉर्ड पर लिया, जिसमें बताया गया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मामले में आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत को कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया।प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति वी. मोहना (शेष पृष्ठ २ पर)

पंजाबमें आप के तीन विधायक भाजपामें शामिल

नयी दिल्ली। पंजाब में आम आदमी पार्टी को झटका देते हुए उसके तीन विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह, हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौड़ामाजरा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। तीनों नेताओं ने सोमवार को नयी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी के पंजाब प्रभारी सतीश पूनिया की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इससे पहले तीनों विधायकों ने आप की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। कुंवर विजय प्रताप सिंह ने पंजाब विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है।

केजीएमयू में धर्मांतरण का मामला

१३ डॉक्टरों पर शिकंजा कसने की तैयारी, विभागाध्यक्ष व प्रशासनिक पद से भी हटेंगे

लखनऊ। केजीएमयू में धर्मांतरण से जुड़े मामले में 13 डॉक्टरों पर शिकंजा कसने की तैयारी तेज हो गई है। एसटीएफ की सात पेज की रिपोर्ट में सभी डॉक्टरों की भूमिका का विस्तार से उल्लेख किया गया है। आरोपों के घेरे में एक हिंदू डॉक्टर भी है, जिस पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने के आरोप हैं।छह नवंबर को बुलाई गई कार्यपरिषद की आपात बैठक में आरोपी डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कमेटी गठित करने पर फैसला हो सकता है। जांच के बाद विभागाध्यक्ष और अन्य प्रशासनिक पदों से भी हटाया जा सकता है।केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्रवाई की रूपरेखा तैयार कर ली है। कार्यपरिषद से कमेटी गठन की मंजूरी मिलने के बाद आरोपी डॉक्टरों को नोटिस जारी कर



जवाब मांगा जाएगा। कमेटी को सभी पहलुओं की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपनी होगी। इसके बाद रिपोर्ट शासन और उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।जांच के दौरान एसटीएफ से भी जरूरी जानकारी जुटाई जाएगी। कार्रवाई की जद में आए कुछ डॉक्टरों को रिटायरमेंट के बाद प्रशासनिक जिम्मेदारी मिलने की संभावना थी, लेकिन अब इस पर भी संकट मंडराने लगा है।एसटीएफ की रिपोर्ट में केजीएमयू के डेंटल विभाग में भी धर्मांतरण से जुड़ी गतिविधियों की आशंका जताई गई है। आरोप है कि विभाग के एक डॉक्टर हिंदू छात्रों को परीक्षा में पास कराने, रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में नौकरी दिलाने और भविष्य में स्थायी नियुक्ति कराने का भरोसा देकर प्रभावित करने की कोशिश करते थे। उन पर कट्टरपंथी विचारधारा के प्रचार-प्रसार के आरोप भी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, विरोध करने वाली छात्राओं को परीक्षा में फेल करने और कॅरिअर बर्बाद करने की धमकी दी जाती थी।

इससे वे मानसिक दबाव में आ जाती थीं और शिकायत करने से भी बचती थीं। एसटीएफ की रिपोर्ट में इन आरोपों और संबंधित डॉक्टरों की भूमिका का उल्लेख किया गया है।

सीनेमें दर्द की शिकायतके बाद शरद पवार अस्पतालमें भर्ती

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता शरद पवार को पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। उन्हें सांस लेने के दौरान सीने में दर्द की शिकायत हुई थी। इसके बाद सामान्य स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय निगरानी के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया।रूबी हॉल क्लिनिक के मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ, अध्यक्ष और प्रबंध न्यासी डॉ पुरवेज के. ग्रांट ने आधिकारिक बयान जारी किया। उन्होंने कहा, शरद पवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद सामान्य स्वास्थ्य जांच और मेडिकल निगरानी के लिए रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। उम्मीद है कि उनकी स्थिति में सुधार होगा। एहतियात के तौर पर उन्हें निगरानी में रखा जाएगा। शरद पवार गुट की नेता और उनकी बेटी सुप्रिया सुले ने एक्स पर पोस्ट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, लगातार खांसी के बाद बाबा को पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। उनकी चिकित्सकीय जांच की जा रही है और उनके स्वास्थ्य से जुड़े सभी मानक स्थिर हैं।

अब महबूबा मुफ्ती ने खोला नेकां के खिलाफ मोर्चा



जम्मू। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को सत्ताधारी नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) की आलोचना की। उन्होंने जम्मू कश्मीर और केंद्र के बीच बढ़ती दूरी के लिए नेकां के नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया।श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर पार्क में पीडीपी के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यकर्ताओं के एक बड़े सम्मेलन को संबोधित करते हुए, महबूबा ने सवाल किया कि कश्मीरियों को लगातार शक की निगाह से क्यों देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को परेशान किया जा रहा है, कश्मीरी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है और आदिवासी समुदायों को उनकी जमीनों से बेदखल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान को हमारे ऊपर इतना शक क्यों है? हमारे युवाओं को पीटा जा रहा है, कश्मीरी अधिकारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है और आदिवासियों को बेदखल किया जा रहा है। नेकां पर निशाना साधते हुए महबूबा ने कहा कि प्रधानमंत्री (वज़ीर-ए-आज़म) के पद से हटकर मुख्यमंत्री (वजीर-ए-आला) की व्यवस्था अपनाने के बाद, इस पार्टी ने स्वायत्तता (आटोनामी) की मांग को दफना दिया है।उन्होंने कश्मीर में आतंकवाद के मुश्किल दौर के लिए भी नेकां नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया।





आखरी सांस तक सत्ता परिवर्तन नहीं होने देंगे-फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का सत्ता परिवर्तन अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था, संविधान और संस्थाओं को कमजोर करने की गहरी साजिश है। उन्होंने दावा किया कि बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका में हुए राजनीतिक घटनाक्रम और संवैधानिक बदलाव एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हैं और भारत में भी इसी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। मुंबई में भाजपा की ओर से आयोजित लोकतंत्र और संविधान बचाओ रैली को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कि विपक्ष पहले लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का भरोसा कमजोर करने की कोशिश कर रहा है, ताकि उन्हें बदलने का रास्ता तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव के जरिए एक सरकार की जगह दूसरी सरकार लाना सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन सत्ता परिवर्तन का मतलब देश की राजनीतिक व्यवस्था, संविधान और संस्थाओं को बदलना है। फडणवीस ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार बदलने का अधिकार हर किसी को है, लेकिन देश की व्यवस्था और संस्थाओं को बदलने की कोशिश स्वीकार नहीं की जाएगी। फडणवीस ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल संविधान बचाओ के नारे की आड़ में सत्ता परिवर्तन का एजेंडा चला रहे हैं।

डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट का पांचवां अभियान शुरू

नयी दिल्ली। अगर आप पेंशन लेते हैं या आपके परिवार में कोई पेंशनर है, जिसे लाइफ सर्टिफिकेट बनवाने के लिए बार-बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ते है, तो अब आपके लिए राहत की खबर है. आप अपने स्मार्टफोन से ही चेहरा दिखाकर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवा सकते हैं. खास बात यह है कि इसके लिए किसी फिंगरप्रिंट मशीन या बायोमेट्रिक डिवाइस की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। सरकार ने 1 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक देशभर में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट का पांचवां अभियान शुरू किया है. यह अभियान देश के 2,000 शहरों और जिलों में चलाया जा रहा है. सरकार का लक्ष्य इस दौरान 2.30 करोड़ डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट तैयार करना है. इसमें से 1.50 करोड़ सर्टिफिकेट फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए बनाने का लक्ष्य रखा गया है. अब सवाल है कि आखिर यह काम कैसे होगा? इसके लिए पेंशनर्स को अपने स्मार्टफोन में छ्वद्गद्ग1ड्डठ्ठ क्कह्लड्डद्बड्डड्डठ्ठ स्नड्डष्द्म.श्रश्र ऐप डाउनलोड करना होगा. इसके बाद आधार और मोबाइल नंबर की मदद से रजिस्ट्रेशन करना होगा. रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद पेंशनर्स को मोबाइल के फ्रंट कैमरे के सामने अपना चेहरा दिखाना होगा. फेस ऑथेंटिकेशन पूरा होते ही डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेट हो जाएगा. यानी अब घर बैठे ही यह जरूरी काम पूरा किया जा सकता है.सरकार ने इस अभियान में 19 बैंक, 785 डाकघर और 56 पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन को शामिल किया है. इसके अलावा , रेलवे और राज्य सरकारें भी इसमें सहयोग करेंगी. जो बुजुर्ग पेंशनर्स खुद बैंक या कैंप तक नहीं जा सकते, उनके लिए जरूरत के हिसाब से घर पर सुविधा दी जाएगी. इसके अलावा कई जगहों पर विशेष कैंप भी लगाए जाएंगे, जहां हेल्थ चेकअप और आधार अपडेट कराने की सुविधा मिलेगी.अगर आप पेंशन लेते हैं और अभी तक अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा नहीं किया है, तो समय रहते यह काम पूरा कर लें।



काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने जताया विरोध

लंबित मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन शुरू

5 नवंबर को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन



कासगंज। फुपुक्टा (एफयूपीयूसीटीए) के आह्वान और राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रम्पुटा/आरएमपीयूटीए), अलीगढ़ के निर्देश पर के.ए. पीजी महाविद्यालय, कासगंज और गंजडुंडवारा पीजी कॉलेज, गंजडुंडवारा के शिक्षकों ने लंबित मांगों के समर्थन में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत करते हुए मांगों के शीघ्र समाधान की आवाज उठाई। यह विरोध फुपुक्टा की 25 अक्टूबर 2026 को प्रयागराज में हुई कार्यकारिणी बैठक में लिए गए निर्णय के क्रम में किया जा रहा है। दोनों महाविद्यालयों के शिक्षक संगठन के आह्वान पर आंदोलन में शामिल हुए और आगे भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपनी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प जताया। शिक्षक संघ इकाई के सचिव डॉ. बृजेंद्र यादव ने बताया कि आंदोलन के तहत 2, 3 और 4 नवंबर को प्रदेश के सभी महाविद्यालयों की शिक्षक संघ इकाइयां काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगी। साथ ही समाचार पत्रों के माध्यम से शिक्षकों की मांगों को उठाया जाएगा। इसके बाद 5 नवंबर को सभी जनपदों के शिक्षक एकत्रित होकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन भेजेंगे। इकाई की अध्यक्ष डॉ. अंजना वशिष्ठ रावत ने कहा कि शिक्षकों के हित, सम्मान और अधिकारों से जुड़े विषयों का समाधान जरूरी है। संगठन एकजुट होकर लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेगा। उन्होंने शिक्षक साथियों से आंदोलन के निर्धारित कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की अपील की। इस दौरान इकाई के संरक्षक डॉ. ए.पी. गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. उमेश यादव, संयुक्त सचिव डॉ. अजीत यादव, कोषाध्यक्ष डॉ. साबिस्ता अंजुम, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुपम पाठक, अंकित कौशल, डॉ. हर्ष मिश्रा, डॉ. कुशहर साहनी, लेफ्टिनेंट अभिषेक यादव, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. पूनम रानी शर्मा, फुपुक्टा डेलीगेट डॉ. कमलेश सिंह और डॉ. पवन दुबे मौजूद रहे।

सदर बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ चला प्रशासन का अभियान

जेसीबी से हटवाए टीनशेड और नालियों पर किए गए कब्जे

दुकानदारों को 24 घंटे में अतिक्रमण हटाने की चेतावनी

जसवंतनगर/इटावा। सदर बाजार में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए सोमवार को प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। बस स्टैंड चौराहे से पालिका बाजार और बड़े चौराहे से गोले वाली मस्जिद तक सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जे हटवाए गए। प्रशासन की कार्रवाई से दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। कई दुकानदारों ने सड़क पर रखा सामान खुद ही दुकानों के अंदर रख लिया। अभियान का नेतृत्व तहसीलदार जितेंद्र कुमार पटेल, क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बचन सरोज ने किया। अधिकारियों ने दुकानों के सामने रखे स्टूल, मेज और अन्य सामान हटवाया। नालियों को ढककर किए गए अतिक्रमण और अवैध टीनशेड नगर पालिका की जेसीबी से हटाए गए। रविवार को क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने नगर भ्रमण के दौरान दुकानों के बाहर सड़क पर सामान रखे होने पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने दुकानदारों को सामान अंदर रखने के निर्देश दिए थे और सोमवार सुबह अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को 24 घंटे में स्वयं अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी। चेतावनी दी गई कि समय सीमा में कब्जा नहीं हटाने पर सामान जब्त करने के साथ जुमार्ना भी वसूला जाएगा। अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों से जुमार्ना भी वसूला गया। हालांकि, कुछ दुकानदारों ने कार्रवाई में भेदभाव के आरोप लगाए। इस दौरान थाना प्रभारी कमल भाटी, कस्बा इंचार्ज हेमंत कुमार, ललित कुमार चतुर्वेदी, नगर पालिका के विश्वनाथ प्रताप सिंह यादव सहित अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन ने कहा कि बाजार को जाम से राहत दिलाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

अहेरीपुर-मुकुटपुर मार्ग के निर्माण में घटिया ईंटों के इस्तेमाल का आरोप

ग्रामीणों ने खड़ंजा निर्माण में मानकविहीन ईंटें लगाए जाने का विरोध किया

जेई ने ठेकेदार को बेहतर गुणवत्ता की ईंटें लगाने के निर्देश दिए

बकेवर, इटावा। विकासखंड महेवा के ग्राम अहेरीपुर से मुकुटपुर को जोड़ने वाले मार्ग के खड़ंजा निर्माण में मानकविहीन ईंटों के इस्तेमाल का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में घटिया ईंटें लगाए जाने का विरोध किया है। जिला पंचायत के जेई ने मामले को संज्ञान में लेकर ठेकेदार को उच्च गुणवत्ता की ईंटें लगाने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, अहेरीपुर से मुकुटपुर को जोड़ने वाले कच्चे रास्ते पर जिला पंचायत की ओर से खड़ंजा निर्माण कराया जा रहा है।

आरोप है कि संबंधित ठेकेदार निर्माण में बेहद घटिया ईंटों का इस्तेमाल कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लाई गई ईंटें ऐसी प्रतीत हो रही हैं, जैसे किसी नीलामी के मलबे से लाई गई हों। जिला पंचायत के जेई अफरोज खान ने दूरभाष पर बताया कि सोमवार सुबह ग्रामीणों की शिकायत मिली थी। इस पर संबंधित ठेकेदार को घटिया ईंटें हटाकर उच्च गुणवत्ता की ईंटें लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि निर्देशों का पालन नहीं होने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

अग्रबंधु सेवार्थ संस्थान ने दिवंगत सदस्य के परिवार को दी 1.22 लाख की आर्थिक सहायता

500 अग्रबंधुओं के सहयोग से जुटाई गई राशि, पत्नी अलका बंसल के खाते में की गई हस्तांतरित

फिरोजाबाद। महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धांत एक ईंट, एक रुपया की भावना को आत्मसात करते हुए अग्रबंधु सेवार्थ संस्थान ने सामाजिक सहयोग और संवेदनशीलता की मिसाल पेश की है। संस्थान के सदस्य स्वर्गीय शालीन बंसल के आकस्मिक निधन के बाद उनके परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से संस्था ने सहयोग अभियान चलाया।

संस्थान की कार्यकारिणी के अनुसार, जनपद के करीब 500 अग्रबंधुओं ने 250-250 रुपये का आर्थिक सहयोग दिया। इस सामूहिक प्रयास से कुल 1,22,600 रुपये की सहायता राशि एकत्रित हुई, जिसे दिवंगत शालीन बंसल की पत्नी अलका बंसल के बैंक खाते में डिजिटल माध्यम से हस्तांतरित किया गया। संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य के असमय निधन से परिजनों के सामने आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां खड़ी हो जाती हैं। ऐसे कठिन समय में केवल सांत्वना देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जरूरतमंद परिवार को वास्तविक सहयोग उपलब्ध कराना भी समाज की जिम्मेदारी है। संस्था का उद्देश्य इसी भावना के साथ संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा होना है। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठित समाज की वास्तविक शक्ति उसके सदस्यों के पारस्परिक सहयोग और संवेदनशीलता में निहित होती है। अग्रबंधु सेवार्थ संस्थान ने समाज के लोगों से अपील की है कि वे औपचारिक सहभागिता तक सीमित न रहकर जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं। संस्थान की सदस्यता के लिए पंजीकरण पूर्णतः निःशुल्क है।

कोतवाली प्रभारी ने प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था परखी

कासगंज। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जगदीशचंद्र ने सोमवार को व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था परखी। इस दौरान व्यापारियों से बातचीत की। इंस्पेक्टर जगदीशचंद्र ने बताया कि उन्होंने पुलिस बल के साथ अमांपुर रोड पहुंचकर विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों की चेकिंग की। इस दौरान प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। व्यापारियों से बातचीत की। सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद इंस्पेक्टर सोरों गेट स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा पर पहुंचे। बैंक का निरीक्षण कर आसपास संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली, वाहनों की चेकिंग की। यहां लोगों से बातचीत कर उनमें सुरक्षा की भावना जाग्रत की।

अवैध पटाखों के भंडारण पर पुलिस का छापा, देशी बम बरामद

पुलिस को देखकर आरोपी फरार, तीन आधे कट्टे देशी बम और फूलझड़ी बरामद

कासगंज। दीपावली के मद्देनजर अवैध पटाखों और विस्फोटक सामग्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमांपुर पुलिस ने ग्राम रजपुरा में छापेमारी कर अवैध पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस की कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अमांपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रजपुरा निवासी सुनील कुमार अपने घेर में बिना लाइसेंस के अवैध पटाखों का भंडारण किए हुए है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विकास सक्सेना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी सुनील कुमार फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने घेर की तलाशी ली, जहां से अवैध पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने मौके से आवाज करने वाले देशी बम के तीन आधे कट्टे तथा एक पीली क्रेट में आधा क्रेट बिना आवाज वाली देशी फूलझड़ी बरामद की। मामले में आरोपी सुनील कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम रजपुरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बीएनएस और विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं में कासगंज प्रदेश में प्रथम

97.20 प्रतिशत आवेदनों का हुआ निस्तारण, अक्टूबर माह में हासिल की उपलब्धि

कासगंज। ई-गवर्नेंस एवं डिजिटल जनसेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में जनपद कासगंज ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। अक्टूबर 2026 में ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन प्रमाणपत्र आवेदनों के निस्तारण में जिला प्रदेश के सभी जनपदों में अव्वल रहा। कासगंज ने 97.20 प्रतिशत निस्तारण दर दर्ज कर यह उपलब्धि हासिल की है। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंसुल माहेश्वरी ने बताया कि अक्टूबर माह में जिले में कुल 21,629 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 21,023 का निस्तारण किया गया। इनमें 18,992 आवेदन स्वीकृत किए गए। जिलाधिकारी प्रणय सिंह के नेतृत्व एवं नियमित समीक्षा, प्रभावी मॉनिटरिंग तथा विभागीय समन्वय के चलते यह सफलता मिली है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि पर संबंधित विभागों, तहसील स्तरीय अधिकारियों, ई-डिस्ट्रिक्ट टीम और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह टीमवर्क और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगे भी आमजन को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से नागरिकों को घर बैठे आय, जाति, निवास सहित विभिन्न प्रमाणपत्रों की ऑनलाइन सुविधा मिल रही है।

अचानक गिरी मकान की छत, बालिका व किशोरी गम्भीर

कासगंज। शहर कोतवाली क्षेत्र के भिटौना में सोमवार की तड़के करीब साढ़े चार बजे एक मकान की छत अचानक गिर पड़ी। जिससे नीचे सो रही बालिका व किशोरी मलबे में दब गईं। चीखपुकार की आवाज सुनकर परिवारीजन दौड़कर पहुंचे और मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। परिजनों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने दोनों घायलों को उपचार दिया है। भिटौना निवासी अजय कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे पुराने मकान की छत अचानक नीचे आ गिरी। जिससे छत के नीचे सो रहीं 12 वर्षीय करिश्मा, 10 वर्षीय भूमि पुत्रीगण अलवर भिटोना मलबे में दब गईं। चीखपुकार की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर पहुंचे और मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। दोनों को घायलावस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को उपचार दिया है।

यातायात माह के दूसरे दिन विभिन्ने क्षेत्रों वाहनों की हुई चेकिंग

कासगंज। यातायात माह नवम्बर के दूसरे दिन यातायात पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में वाहनों की चेकिंग की। यातायात पुलिस ने नियमों के उल्लंघन पर कुल 306 वाहनों के चालान काटे। इन वाहन चालकों पर 723500 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस ने ओवर स्पीड, प्रेशर हॉर्न, मॉडीफाइड साइलेंसर को लेकर सख्ती बरती। दो वाहन सीज किए गए। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि सोमवार को यातायात पुलिस ने सिकंद्राराऊ रोड तिराहा एवं गढ़ी तिराहा क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चार वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। मोडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न पर आठ वाहन और तीन दोपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।

जुआ के अड्डे पर छापेमारी, तीन आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। सिढ़पुरा थाना पुलिस ने क्षेत्र में जुआ के अड्डे पर छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से ताश पत्ते एवं 4620 रुपये की नकदी बरामद की गई है। आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है। सिढ़पुरा थानाध्यक्ष प्रदीप मलिक ने बताया कि थाना पुलिस ने रविवार की शाम जुआ के अड्डे पर छापेमारी की। पुलिस ने जुआ खेलते हुए राहत रसूल उर्फ छोटे पुत्र लल्लन पहलवान निवासी गांधी नगर, सिढ़पुरा, भूरे पुत्र वकील, शाजिव पुत्र नत्थू निवासीगण किदवई नगर सिढ़पुरा को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की है।

प्रथम पृष्ठ के शेष

राहुलने..

उनके बारे में क्या जानते हैं।राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री मोदी को सीधे निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा, मोदी जी, इस देश से झूठ बोलना बंद कीजिए। आप विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और विदेशी मदद से ही प्रधानमंत्री बने हुए हैं। राहुल ने आगे आरोप लगाया कि देश की आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह विदेशियों के नियंत्रण और समर्थन में है। उन्होंने यह भी दावा किया कि विदेशी सोशल मीडिया पूरी तरह प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ा है।राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी को खुली बहस की चुनौती दी। उन्होंने लिखा, %मैं आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं। कोई भी मंच, किसी भी समय। हिम्मत है तो आइए।% राहुल ने बहस के लिए न तो किसी खास जगह का नाम लिया और न ही कोई तारीख या समय तय किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी मंच पर आने की चुनौती दी। इसके बाद राहुल ने कहा, %आप नहीं आएंगे, क्योंकि जो मैं आपके बारे में जानता हूं आप उससे डरते हैं।% इस तरह उन्होंने बहस की चुनौती के साथ प्रधानमंत्री पर यह आरोप भी लगाया कि वह उनके पास मौजूद जानकारी से डरते हैं। हालांकि, राहुल ने यह नहीं बताया कि वह प्रधानमंत्री के बारे में किस जानकारी की बात कर रहे हैं।

ईडी..

पर रोक लगाई थी, लेकिन उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद 31 अक्तूबर को दोनों रामपुर जेल से रिहा हुए। हालांकि, जेल के बाहर मौजूद ईडी की टीम ने आजम खान को हिरासत में ले लिया। ईडी ने यह कार्रवाई मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के अलग मामले में की थी। इसके बाद रविवार को गाजियाबाद की विशेष पीएमएलए अदालत ने आजम खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अब उन्होंने ईडी की इस कार्रवाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

बरेली...

कार्रवाई नहीं की। इसके बाद 29 अक्तूबर को पुलिस कार्यालय से निर्देश दिए जाने के बावजूद पीड़िता के सिर में गंभीर चोट होने पर भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। मामले में जनसुनवाई के प्रति लापरवाही और पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने की बात सामने आने पर एसएसपी ने कार्रवाई की। निलंबित होने वालों में सीबीगंज थानाध्यक्ष विनोद सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार और उप निरीक्षक अश्वनी शर्मा शामिल हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने तीनों के खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं।

सोनिया...

नेताओं की यह बैठक गठबंधन की आगे की रणनीति के संकेत देती है।रामलीला मैदान की रैली में तेजस्वी यादव ने वोट चोरी के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में वोट चोरी की शुरुआत बिहार से हुई। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को %दो नंबरी सरकार% बताते हुए उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान में इस बार वोट चोरों के खिलाफ महाभारत का आयोजन किया गया है। महाभारत के शकुनि और उसके पासों का उदाहरण देते हुए तेजस्वी ने चुनावी प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने इस लड़ाई को देश के मतदाताओं और धोखेबाजों के बीच की लड़ाई बताया।तेजस्वी ने अपने संबोधन में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का भी जिक्र किया। उन्होंने विपक्षी दलों से एकजुट होकर भाजपा को हराने का आह्वान किया। इससे साफ है कि राजद इस मुद्दे को केवल बिहार तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष की साझा राजनीतिक मुहिम बनाना चाहता है। बिहार की राजनीति में कांग्रेस और राजद का साथ बने रहना इंडिया गठबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। राजद के पास राज्य में अपना मजबूत संगठन और सामाजिक आधार है, जबकि कांग्रेस का राष्ट्रीय नेटवर्क और अन्य विपक्षी दलों के साथ समन्वय की भूमिका है। काफी समय से दोनों दलों के बीच तालमेल बना हुआ है तो विपक्ष को साझा मुद्दों पर आवाज उठाने, कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने और भाजपा के खिलाफ राजनीतिक अभियान चलाने में मदद मिलती रही है।

राम मंदिर...

की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि एसआईटी की जांच में चढ़ावे की रकम की गिनती के दौरान चोरी होने की बात सामने आई है। कुछ आरोपियों ने चोरी की रकम से संपत्तियां खरीदीं, जबकि कुछ ने धनराशि बैंक खातों में जमा कर रखी है।पीठ ने याचिकाकर्ताओं को इस मामले की सुनवाई के दौरान अयोध्या की स्थानीय अदालत की सहायता करने की अनुमति भी दी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उसने मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है।

कांग्रेसने...

करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। इसके बावजूद सरकार बैंक में अपनी हिस्सेदारी बेचकर उसका नियंत्रण और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक का दर्जा समाप्त करने जा रही है। गोहिल के मुताबिक, सरकार और एलआईसी की कुल 62.72 प्रतिशत हिस्सेदारी 52,878 करोड़ रुपये में बेचने की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई। उन्होंने सवाल उठाया कि पहले बैंक का मूल्यांकन 94.42 रुपये प्रति शेयर किया गया था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 75 रुपये कर दिया गया। इसके बाद 81 रुपये प्रति शेयर की दर से बिक्री का फैसला किया गया। उन्होंने दोनों मूल्यांकन रिपोर्ट सार्वजनिक करने और दूसरे बोलीदाता की जानकारी देने की मांग की। गोहिल ने कहा कि 2003 में तत्कालीन वित्त मंत्री जसवंत सिंह ने संसद में आश्वासन दिया था कि आईडीबीआई बैंक में सरकार की हिस्सेदारी कभी 51 प्रतिशत से कम नहीं होगी। उन्होंने सवाल किया कि मोदी सरकार इस आश्वासन के विपरीत बैंक को विदेशी कंपनी के हाथों क्यों सौंप रही है।

मानदेय...

स्वास्थ्य सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी है। अब उन्हें अपने परिवार के साथ हर साल 5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज का प्रावधान है। सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में जरूरत होने पर इसका लाभ ले सकती हैं। इसके अलावा अब तक मिलने वाली दो साड़ियों के स्थान पर तीन साड़ियां दी जाएंगी। इसके लिए 500 रुपये अतिरिक्त उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। इस पर सरकार करीब 20 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इन सुविधाओं से त्योहार की खुशियों के साथ परिवार की स्वास्थ्य संबंधी चिंता कम करने में भी मदद मिलेगी।आंगनवाड़ी व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए सरकार तकनीकी सुविधाओं का भी विस्तार कर रही है। पहले चरण में 1,23,398 स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जा चुके हैं इसके बाद रिप्लेसमेंट पॉलिसी के तहत 69,803 और स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए। इससे बच्चों के पोषण और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारियां रियल टाइम में दर्ज करना आसान हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को अपना भवन उपलब्ध कराने का लक्ष्य भी रखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन कर्मियों की भूमिका को बच्चों के भविष्य की नींव बताते हुए उनके योगदान की सराहना की है। कोरोना काल में भी इन महिलाओं ने गांव-गांव पहुंचकर स्क्रीनिंग और संक्रमित लोगों की सेवा में अहम भूमिका निभाई थी। मानदेय वृद्धि, परिवार की स्वास्थ्य सुरक्षा और कार्यसुविधाओं का विस्तार इस बात का संकेत है कि सरकार आंगनबाड़ी कर्मियों के योगदान के साथ उनके परिवारों की खुशहाली को भी महत्व दे रही है। इस बार उनके घरों में दिवाली के दीये बढ़ी आमदनी और सुरक्षा के भरोसे के साथ और अधिक रोशनी बिखेरेंगे।अपर मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग लीना जौहरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार 1,75,982 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और 1,70,656 सहायिकाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता से कार्य रही है। मानदेय में वृद्धि से उन्हें हर महीने अतिरिक्त आर्थिक संबल मिल रहा है। इसके साथ ही परिवार को 5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा देने का निर्णय उनके जीवन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है। सरकार का प्रयास है कि बच्चों के पोषण और देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली इन कर्मियों को बेहतर सुविधाएं और सम्मान मिले। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री ने हा कि मानदेय में बढ़ोतरी का फैसला हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी खुशी की बात है। हर महीने 4 हजार रुपये अतिरिक्त मिलने से घर के खर्च और बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। दिवाली के समय सरकार की इस सौगात से हमारी खुशियां दोगुनी हो गई हैं। वहीं सीमा ने कहा कि मानदेय बढ़ने के साथ पूरे परिवार को 5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा मिलना बहुत महत्वपूर्ण है। कई बार बीमारी के समय परिवार के सामने आर्थिक परेशानी खड़ी हो जाती है। अब इस सुविधा से बड़ी राहत मिलेगी। सरकार ने हमारी मेहनत और जिम्मेदारियों को महत्व दिया है। योगी सरकार ने वर्ष 2017 में सत्ता संभालने के बाद से आंगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय में लगातार बढ़ोतरी की है। उस समय कार्यकर्ताओं को तीन हजार और सहायिकाओं को 1,500 रुपये प्रतिमाह मिलते थे। अब कार्यकर्ताओं को 12 हजार और सहायिकाओं को छह हजार रुपये मिलेंगे। यानी शुरुआती मानदेय की तुलना में दोनों श्रेणियों में चार गुना वृद्धि हुई है। यह बढ़ोतरी इन महिलाओं के लिए आर्थिक मजबूती के साथ परिवार की जरूरतों को पूरा करने में अतिरिक्त मददगार बनेगी। दिवाली के मौके पर बढ़ा हुआ मानदेय उनके लिए सरकार की ओर से विशेष सौगात बनकर आया है।

कारोवार का तेजी से विस्तार किया

आगरा। अपनी बॉल-शेप्ड पैकेजिंग और बोल्ड फ्लेवर्स के लिए मशहूर ईजी-टू-ड्रिंक एल्कोहलिक बेवरेज ब्रांड बजबॉल्ज ने अपनी लोकप्रिय ड्रिंक रेंज पॉप.सिप.बज. को उत्तर प्रदेश के ग्राहकों के लिए पेश किया है। यह रेंज अब नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, आगरा और कानपुर के लाइसेंसशुदा रिटेल आउटलेट पर उपलब्ध होगी। बजबॉल्ज ने पिछले साल दिसंबर में बेंगलुरु में कदम रखते हुए भारत में अपना कारोबार शुरू किया था। उसके बाद से कंपनी गोवा और महाराष्ट्र में भी विस्तार कर चुकी है। बजबॉल्ज के प्रेसिडेंट जेस शीरहॉन ने कहा भारत ऐसा बाजार है जिसके लिए हम लंबे समय से प्रतिबद्ध रहे हैं।

धनतेरस को लेकर विचार व्यक्त किये

आगरा। धनतेरस वह अवसर है, जब परिवार समृद्धि के स्वागत के लिए एक साथ आते हैं, परंपराओं का जश्न मनाते हैं और ऐसी खरीदारी करते हैं, जो उनके दिल के बेहद करीब होती है। इस धनतेरस पर सोनी सब के कलाकार दीक्षा जोशी, जितेन लालवानी, करुणा पांडे और गुल्की जोशी खरीदारी की अपनी सबसे यादगार कहानियाँ साझा कर रहे हैं। जितेन लालवानी ने कहा, हमारे लिए धनतेरस हमेशा महँगी चीजें खरीदने के बजाय पारिवारिक परंपराओं का पर्व रहा है। कानपुर में बड़े होते हुए हम आमतौर पर कटोरियाँ, थालियाँ, चम्मच और गिलास जैसे चाँदी के बर्तन खरीदा करते थे। जब मेरी माँ मुंबई आ गईं, तो मैंने इस परंपरा को आगे बढ़ाने का फैसला किया और उन्हें चाँदी के बर्तन उपहार में दिए।

सितारों ने खूबसूरत किरदार निभाया

आगरा। कभी-कभी कोई इंसान हमारी जिंदगी में हमें बदलने नहीं, बल्कि खुद को नए सिरे से पहचानने में मदद करने आता है। शेमारूमी के रिश्तों पर आधारित ड्रामा दिल पड़ोसी में शिवानी एम. सिंह द्वारा निभाया गया मंजरी का किरदार भी इसी सोच को दिखाता है। मंजरी एक गृहिणी है, जिसकी शादीशुदा जिंदगी बाहर से सामान्य दिखती है, लेकिन इसमें उसकी अपनी इच्छाओं और पहचान के लिए बहुत कम जगह बची है। घर और परिवार की जिम्मेदारियाँ निभाते हुए वह अपनी खुशियों और जरूरतों को पीछे छोड़ चुकी है। कहानी में वह धीरे-धीरे अपनी जिंदगी और रिश्ते को नए नजरिए से देखने लगती है।

एक्सक्लूसिव आउटलेट का किया शुभारंभ

आगरा/अलीगढ़। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में अपने एक्सक्लूसिव की आउटलेट का भव्य उद्घाटन किया। यह आउटलेट जीएस कॉलेज इन फ्रंट ऑफ अब्दुल्ला कॉलेज गेट नंबर वन मारिश चैराहा, अलीगढ़ में स्थित है। इस अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक घनश्याम ढोलकिया की गरिमामयी उपस्थिति रही, जो किसना के रिटेल विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह किसना का उत्तर प्रदेश में 34 वां स्टोर है, जबकि देश में उनके स्टोरों की संख्या 181 पहुंच गई है।

विजिलेंस ने घूसखोर जेई और संविदाकर्मी को दबोचा

नया कनेक्शन जारी करने को दस हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी

आगरा। विजिलेंस ने विद्युत विभाग के घूसखोर जेई और संविदा कर्मी को रंगे हाथ दबोच लिया, किसी काम के बदले जेई ने दस हजार रूप्ये की घूस ली थी, जिसे रंगे हाथ पकड लिया। विजिलेंस की कार्यवाही से विद्युत विभाग में हडकंप मच गया, पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर थाने ले गई।

पुलिस आज उन्हें मेरठ की एंटी करप्शन कोर्ट में पेश कर जेल भेजेगी। एसपी विजिलेंस राजकुमार ने मीडिया को बताया कि विभाग ने हाल ही में सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार रोकने के लिए पोस्टर चस्पा किये हैं, जिन पर विजिलेंस का नंबर दर्ज किया गया है। इसी नंबर पर उन्हें शिकायत मिली थी, शिकायतकर्ता अर्जुन सिंह पुत्र रामसेवक निवासी मोहल्ला टोला, शमसाबाद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनसे काम के बदले घूस मांगी जा रही है। शिकायत सही पाये जाने पर विजिलेंस ने जाल बिछा दिया, अर्जुन का कहना है कि उन्होंने अपने नए मकान के लिए 24 अक्तूबर को नए विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, इस पर विभाग के कर्मचारियों ने घर पर निरीक्षण किया था। उनसे कहा गया था कि वह जेई विनेश यादव से भेंट कर लें। आरोप है कि जब अर्जुन शमसाबाद उपखंड कार्यालय में जेई से मिला तो उन्होंने नया कनेक्शन पास कराने की एवज में दस हजार रूप्ये की रिश्वत मांगी। शिकायत मिलने पर इसकी जांच कराई गई तो शिकायत सही निकली।

सोमवार को विजिलेंस टीम मौके पर पहुंची। विजिलेंस की टैज्प टीम ने योजना के तहत कार्यवाही करते हुए जेई विनेश यादव एवं संविदाकर्मी लोकेन्द्र सिंह को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड लिया। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस दोनों को थाने ले गई, जहां से आज मेरठ की एंटी करप्शन कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जायेगा। जेई को रंगे हाथ पकडने पर विद्युत विभाग में हडकंप मच गया। कार्यालय में दिनभर कोई काम नहीं हुआ। अधिकारी और कर्मचारी रिश्वतखोर जेई और संविदाकर्मी को लेकर चर्चा करते रहे।

श्यामलाल वाल्मीकि के निधन पर शोक व्यक्त

आगरा। अखिल भारतीय वाल्मीकि नवयुवक संघ के तत्वावधान में वाल्मीकि समाज तथा ग्रामीण एवं शहर के सफाईकर्मियों ने महेश चंद चौधरी की अध्यक्षता में पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्यामलाल वाल्मीक के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया। सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति एवं परिवार को धैर्य प्रदान किये जाने की ईश्वर से प्रार्थना कीं। शोक सभा में रमेश चंद पारासर, घनश्याम धनवार, रमेश चंद मेवाती, गुमान सिंह परिहार, मुकेश चौधरी, चौधरी राजू लौधे, राजेश चौधरी, श्याम पाथरे, हरि, अमर सिंह वाल्मीकि, संतोष वाल्मीकि, सनोज गंगोत्री, रवि परिहार, रमेश चंद थनवार, मुन्नालाल वाल्मीकि, मुकेश कुमार नुनहेर, देवीदास भारती, राज बाबू डागौर, सतगुरू सरन, विकास कुमार, राधेश्याम, राजाबाबू, एवं धर्मवीर आदि मौजूद थे। उन्होंने कहा कि श्यामलाल वाल्मीकि के निधन से समाज को भारी क्षति हुई है। वह सफाईकर्मियों के सच्चे और सर्वमान्य नेता थे, उनके कार्यों को समाज भुला नहीं सकता है।

डीईआई में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

सुरेखा यादव

आगरा। कार्यक्रम का मुख्य विषय था एक देश एक चुनाव रहा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए विषय के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, विचार अभिव्यक्ति एवं संसदीय कार्यप्रणाली की समझ विकसित करना तथा राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर युवाओं को संवाद एवं चर्चा के लिए मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने एक देश एक चुनाव विषय पर अपने विचार रखते हुए चुनावी व्यवस्था, लोकतांत्रिक सहभागिता, प्रशासनिक प्रक्रिया एवं इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एन.पी.एस. चंदेल जी, डीन शिक्षा संकाय, डी. ई. आई. रहे। उन्होंने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। युवा संसद जैसे कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं प्रभावी ढंग से अपने विचार रखने की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को देश एवं समाज से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्राप्त कर अपनी सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार



सहगल जी द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि युवा देश की महत्वपूर्ण शक्ति हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवा संसद जैसे कार्यक्रम युवाओं को संसदीय कार्यप्रणाली को समझने तथा तर्क एवं संवाद के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. सनिल कुमार, अखिलेश तिवारी, ज्योतिषाचार्य डॉ. हिमालय, एस.एन. मेडिकल कॉलेज के सहायक प्रोफेसर, डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी, विभागाध्यक्ष, एस.एन. मेडिकल कॉलेज तथा डॉ अपेक्षा जैन ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों के विषय ज्ञान, विचार अभिव्यक्ति, तर्क, प्रस्तुतीकरण एवं आत्मविश्वास के आधार पर मूल्यांकन किया गया तथा परिणाम घोषित किए गए। युवा संसद कार्यक्रम में प्रथम स्थान कनक चौहान, द्वितीय स्थान खुशबू मिश्रा, तृतीय स्थान अतिशय जैन, चतुर्थ स्थान सोनी चौधरी तथा पंचम स्थान अर्शिया हाशमी ने प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में प्रतिभागी युवाओं ने **"One Nation, One Election"** विषय पर अपने विचार प्रभावी एवं तर्कपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किए। युवाओं ने विषय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपनी समझ एवं विचार साझा किए तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका और सहभागिता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का मंच संचालन सिमरित कौर एवं तनुजा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में मेरा युवा भारत एन.वाई.वी. के अमन, कुलदीप, दीक्षा, अर्जुन, नितेश कुमारी, रवि, अर्चना, ब्रजमोहन, अंकित एवं आशा रानी सहित अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, निर्णायक मंडल, प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं आयोजन में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. ललित मोहन, डॉ. निकिता एवं डॉ. मोनिका तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन, सहयोग एवं समर्पण से युवा संसद भाषण प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिली। आयोजन में उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

रेलवे के असिस्टेंट ऑपरेटिंग मैनेजर की संदिग्ध मौत

पत्नी ने लगाया प्रताड़ना का गम्भीर आरोप, पुलिस छानवीन में जुटी, शव पोस्टमार्टम को भेजा



आगरा। उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल के सहायक परिचालन प्रबंधक अभिषेक कुमार कुशवाह की रविवार रात करीब साढे दस बजे संदिग्ध मौत हो गई। उनका शव डीआरएम कार्यालय स्थित उनके चैंबर में सोफे/कुर्सी पर पडा मिला। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, परिजन भी आ गए, मृतक की पत्नी ने अधिकारियों पर उत्पीडन के गम्भीर आरोप लगाये हैं। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच-पडताल में जुटी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। अभिषेक की मौत से घर में कोहराम मच गया, उनका एक मासूम बच्चा है। मृतक की पत्नी आस्था रानी और मां सुशीला देवी ने परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों पर आरोप लगाए हैं कि अभिषेक से अतिरिक्त ड्यूटी कराई जाती थी और काम के नाम पर उनका उत्पीडन किया जाता था इसलिए वह मानसिक रूप से काफी परेशान थे। परिजनों का आरोप है कि घटना के लिए अधिकारियों की कार्यशैली जिम्मेदार है। मूलरूप से गाजीपुर के रहने वाले अभिषेक का चार माह पूर्व प्रमोशन हुआ था, जिसके तहत उन्हें प्रयागराज से आगरा भेजा गया था। सोमवार को पीइटी परीक्षा के चलते उनकी ड्यूटी डीआरएम कार्यालय के कंट्रोल रूम में थी। रात दस बजे तक वह ड्यूटी के बाद अपने चैंबर में रहे। उन्होंने कर्मचारियों से कहा था कि उन्हें सबकुछ ठीक नहीं लग रहा है, वह बेचैन हैं। देर रात घर नहीं पहुंचने पर परिजन उनकी तलाश में जुट गए। वह सीधे कार्यालय पहुंचे, रात साढे दस बजे देखा कि अभिषेक सोफे पर अचेत पडे हैं। परिजन तुंरत अभिषेक को लेकर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे किन्तु डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस गहनता से जांच पडताल में जुटी है। बताया गया है कि मृतक के एक मासूम बच्चा है।

शिल्प से उद्यम तक: डीईआई में छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

पाँच उत्पादक कंपनियों के 20 कारीगरों को शैक्षणिक विशेषज्ञता से जोड़ने की पहल





सुरेखा यादव

आगरा। पारंपरिक हस्तशिल्प कौशल को उद्यमिता और बाजार की समझ से जोड़ने के उद्देश्य से दयालबाग शिक्षण संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) में छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का शुभारंभ हुआ। संस्थान के हस्तशिल्प तकनीकी प्रशिक्षण एवं कौशल केंद्र में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन सामाजिक विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता एवं अधिष्ठाता प्रशासन प्रो. संगीता कुमार ने किया। वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में पाँच उत्पादक कंपनियों के 20 कारीगर भाग ले रहे हैं। प्रतिभागी काँच शिल्प, धातु शिल्प, लकड़ी शिल्प, जरी-जरदोजी एवं बाँस शिल्प का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह पहल कारीगरों के पारंपरिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव को संस्थान की शैक्षणिक विशेषज्ञता से जोड़ने पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों में उद्यम स्थापना, व्यवसाय संचालन तथा अपने उत्पादों को बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने की समझ बढ़ाना है। उद्घाटन अवसर पर विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय के हस्तशिल्प सेवा केंद्र, आगरा से हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी रामजी त्रिपाठी, कालीन प्रशिक्षण अधिकारी अमित कुमार मिश्रा एवं अवर श्रेणी लिपिक दिनेश सिंह उपस्थित रहे। डीईआई के वाणिज्य संकाय की प्रो. शालिनी दुबे, हस्तशिल्प तकनीकी प्रशिक्षण एवं कौशल केंद्र की प्रमुख डॉ. पारुल भटनागर तथा वस्त्र मंत्रालय की पैनलबद्ध डिजाइनर सुश्री शिखा चोपड़ा भी उपस्थित रहीं। सात नवंबर तक चलने वाले कार्यक्रम में उद्यमिता, डिजाइन, विपणन, वित्तीय प्रबंधन और डिजिटल माध्यमों से व्यवसाय के अवसरों जैसे विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रस्तावित है। डीईआई के निदेशक प्रो. सी. पटवर्धन ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी जितेंद्र कांत शर्मा दयालबाग ने दी हैं

युवक पर लाठी-डंडों से हमला

फतेहपुर सीकरी। क्षेत्र के दाउदपुर गांव में काम से घर लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दाउदपुर निवासी मुकेश पुत्र सुघड़ सिंह ने पुलिस को बताया कि 30 अक्टूबर को शाम वह भरतपुर से काम करके अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि गांव में पहुंचने पर अजीत पुत्र रणधीर, महेंद्र पुत्र बाबूलाल, मुन्नी पत्नी रणधीर और विनीता पत्नी अजीत ने उसे रोक लिया इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।

सड़क चौड़ीकरण-नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ



फतेहपुर सीकरी। विकास कार्यों को गति देते हुए क्षेत्रीय विधायक चौधरी बाबूलाल ने फतेहपुर सीकरी रेलवे स्टेशन से शाहकुली मार्ग के चैड़ीकरण एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क, जल निकासी एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

कमला नगर प्रोफेसर कॉलोनी में चोरी की बड़ी वारदात

नकाबपोश बदमाश लाखों रुपये की ज्वैलरी ले गए

पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी, इलाके में सनसनी, वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद, रात को पुलिस गश्त की मांग

आगरा। थाना कमलानगर क्षेत्र की पॉश प्रोफेसर कॉलोनी में चोरी की बडी वारदात हुई है। पीवीसी दरवाजे के कारोवारी संदीप अग्रवाल के घर को बदमाशों ने निशाना बनाया। बदमाश यहां से लाखों रुपये की ज्वेलरी ले गए, सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, सीसीटीवी फुटैज को खंगाला। पुलिस फुटैज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है। पीडित कारोवारी संदीप ने पुलिस को बताया कि रात करीब 3 बजे तीन नकाबपोश बदमाश घर में घुस गए और फिर अंदर से कुंडी लगा ली। उन्होंने परिवार के लोगों को एक कमरे में बंद कर दिया फिर वारदात को अंजाम दिया। चोर यहां से अलमारी में रखी लाखों रुपये की ज्वैलरी लूट कर फरार हो गए। चोर सडक किनारे बने कमरे की खिडकी की ग्रिल काट कर अंदर घुसे थे। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बदमाशों ने अपना चेहरा छिपा रखा था, रात को परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में थे जो कि अलग-अलग कमरों में सो रहे थे, बाहर से बदमाशों ने कुंडी लगा दी, सुबह जब उठे तो तीसरे कमरे में सामान बिखरा मिला, तब मालुम हुआ कि घर में चोरी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची सीसीटीवी फुटैज को खंगाला, तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि फुटैज के आधार पर बदमाशों की तलाश जारी है, जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा। पॉश कालोनी में चोरी की वारदात से कारोवारी दहशत में हैं, उन्होंने पुलिस से गश्त की मांग की है।

नये श्रम कानूनों को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन

आगरा। इंटक नेता भगवान सिंह सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन नवम्बर को होटल ग्रांड आगरा कैंट में नये श्रम कानूनों को लेकर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंटक के राष्ट्रीय महासचिव केके तिवारी होंगे। गोष्ठी में उपश्रमायुक्त सहित अन्य विभागीय अधिकारी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सुबह दस बजे किया गया है।

कंगना रनौत की रिवीजन खारिज

आगरा। जिला जज संजय कुमार मलिक ने अपने आदेश में संविधान के अनुच्छेद का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी सार्वजनिक विषय पर की गई कठोर, विवादास्पद अथवा अमर्यादित टिप्पणी नागरिक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में आती है इससे राजनीतिक और सामाजिक असहमति उत्पन्न हो सकती है, लेकिन यह अपने आप में आपराधिक कृत्य नहीं बन जाती। अदालत ने कहा कि सामान्यत: किसी अपराध के संबंध में कानून को सक्रिय करने का अधिकार किसी भी व्यक्ति को हो सकता है। लेकिन जहां विधि के अनुसार परिवादी का स्वयं पीड़ित अथवा व्यथित होना आवश्यक हो या शासकीय स्वीकृति अनिवार्य हो, वहां संबंधित कानूनी अपेक्षाओं की पूर्ति के बिना परिवाद पोषणीय नहीं होता। जिला जज ने परिवादी की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके पुत्र ध्रुव शर्मा का हाईस्कूल परीक्षा 2026 का प्रमाणपत्र दाखिल किया गया है इसमें उसकी जन्मतिथि 31 अक्टूबर 2009 अंकित है। कंगना रनौत ने 27 जुलाई 2026 को विवादित टिप्पणी की थी। इस प्रकार टिप्पणी के समय परिवादी का पुत्र अवयस्क था। अदालत ने कहा कि पुत्र के नीट परीक्षा में सम्मिलित होने अथवा नीट की परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों के संबंध में की गई टिप्पणी से उसकी व्यक्तिगत भावनाओं को ठेस पहुंचने का निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। परिवादी ने यह भी नहीं बताया कि घटना के समय वह स्वयं अथवा उसका पुत्र घटनास्थल पर मौजूद थे। आदेश में कहा गया कि कंगना रनौत की ओर से यदि कोई टिप्पणी की गई थी तो वह वहां उपस्थित विद्यार्थियों के संदर्भ में थी। किसी सार्वजनिक विषय पर की गई कठोर अथवा विवादास्पद टिप्पणी से असहमति हो सकती है, लेकिन मात्र इस आधार पर अपराध गठित नहीं होता। इन्हीं आधारों पर अदालत ने रिवीजन को पोषणीय नहीं मानते हुए अंगीकरण के स्तर पर ही खारिज कर दिया। प्रकरण को प्रकीर्ण वाद के रूप में दर्ज करने का आदेश भी दिया गया।

अवैध निर्माण को सील किया

आगरा। एडीए ने अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। बीते रोज प्रवर्तन दल ने रकाबगंज वार्ड नंबर एक में कचहरी रोड बालूगंज स्थित सेवा सिंह के मकान को सील कर दिया, भवन स्वामी ने बगैर नक्शा पास कराये भूखण्ड पर निर्माण करा लिया, इस पर उन्हें नोटिस थमा दिया किन्तु जबाव नहीं दिया गया। सोमवार को प्रवर्तन दल अधिकारी मौके पर पहुंचे, उन्होंने अवैध निर्माण को सील कर दिया, प्रवर्तन दल हर रोज कहीं न कहीं सीलिंग की कार्यवाही कर रहा है। भवन निर्माण से पूर्व नियमानुसार नक्शा पास कराने की जानकारी दी जा रही है फिर भी लोग नियमों का पालन नहीं करते हैं और अपनी मनमर्जी से निर्माण करा लेते हैं, जिनके खिलाफ एडीए कार्यवाही में जुटा है।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
आर.वी.सिंह यादव
स्वत्वाधिकारी ज्ञान मण्डल प्राईवेट लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष ३६ पूर्णांक संख्या १३९६३
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं.- ०५६२२५२१५१६
सम्पादकीय-०५६२२८५३२२२,०५६२४३१५२३१

ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com
ajagraeditor@gmail.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५
पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।

निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक 6 को

डीएम ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया

आगरा। जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने आगामी 6 नवंबर को आगरा में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा 12 जनपदों के जिलाधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक के आयोजन के दृष्टिगत सिकंदरा स्थित ऊर्जा भवन पहुंचकर तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। गौरतलब है कि 6 नवंबर को आगरा में प्रस्तावित इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 12 जनपदों के जिलाधिकारी प्रतिभाग करेंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के संबंध में मतदाता सूची, स्वीप सहित विभिन्न निर्वाचन संबंधी विषयों की समीक्षा की जाएगी। जिलाधिकारी ने बैठक स्थल पर उपलब्ध विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने बैठक के लिए निर्धारित मीटिंग हॉल का निरीक्षण करने के उपरांत निर्देश दिए कि बैठक में प्रतिभाग करने वाले भारत निर्वाचन आयोग, राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों तथा 12 जनपदों के जिलाधिकारियों की संख्या के अनुरूप बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक कक्ष में अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था, टेबल-कुर्सियां, नाम पट्टिका, आवश्यक फर्नीचर, बैठक की कार्यवाही के लिए निर्धारित स्थान सहित अन्य समस्त व्यवस्थाएं समयबद्ध सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने बैठक में प्रतिभाग करने वाले विभिन्न जनपदों के अधिकारियों के आगमन एवं प्रस्थान की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि उन्हें बैठक स्थल तक पहुंचाने के लिए नियुक्त अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की जाए।

वुमेंस प्रो वॉलीबॉल लीग में दम दिखाएगी पंजाब शेरनीज

आगरा। महिला वॉलीबॉल को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों को पेशेवर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित वुमेंस प्रो वॉलीबॉल लीग के पहले सीजन में पंजाब शेरनीज की टीम प्रतिभाग करेगी। रविवार को होटल भावना क्लार्क्स इन, कैलाशपुरी, सिकंदरा में आयोजित प्रेस वार्ता में टीम प्रबंधन ने फ्रेंचाइजी, खिलाड़ियों, कोच एवं सहभागियों की जानकारी देते हुए लीग की रूपरेखा साझा की। फ्रेंचाइजी के सह-स्वामियों में शामिल इन्द्रेश प्रताप सिंह ने लीग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आईपीएल एवं वुमेंस कबड्डी लीग की तर्ज पर पॉवर स्पाइक इंटरनेशनल द्वारा आयोजित इस लीग में देश के विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली छह टीमें खेलेंगी। लीग का आयोजन 11 से 21 नवंबर 2026 तक लखनऊ के इकाना इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा। इस दौरान कुल 18 मुकाबले खेले जाएंगे, जिनका सीधा प्रसारण जियो हॉटस्टार पर प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से देखा जा सकेगा।

ICICI Home Finance | कॉर्पोरेट ऑफिस:- आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, इंडिया

ब्रांच का पता:- ऑफिस नंबर-8, दूसरी मंजिल, समृद्धि बिजनेस सूट्स, 38/4-ए, संजय प्लेस, आगरा- 282002

[नियम 8(6) का परंतुक देखें] अचल संपत्ति की बिक्री के लिए सूचना

सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (और इसके साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8 (6) का प्रावधान) के तहत अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता और खास तौर पर उधार लेने वालों (उधारकर्ताओं) और गारंटी देने वालों (जमानतदार) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे बताई गई अचल संपत्ति, जिसे सुरक्षित लेनदार (सुरक्षित लेनदार) के पास गिरवी/चार्ज किया गया था और जिसका कब्ज़ा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी ने ले लिया है, उसे नीचे दी गई संक्षिप्त जानकारी के अनुसार "जैसा है, जहाँ है" (जैसा है कहाँ है), "जैसा है, वैसा है" (जैसा है, वैसा ही) और "जो कुछ भी है" (जो कुछ भी है) के आधार पर बेचा जाएगा;

क्र.सं.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/कानूनी वारिस का नाम। लोन खाता संख्या।	सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, जिन पर कोई ज्ञात भार हो, यदि कोई हो तो।	बकाया राशि	रिज़र्व प्राइस अर्नेस्ट मनी डिपॉज़िट	प्रॉपर्टी के निरीक्षण की तारीख और समय	नीलामी की तारीख और समय	नीलामी की तारीख से एक दिन पहले	सरफेसी चरण
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)	(H)	(I)
1.	बिकास कुमार मिश्रा (उधारकर्ता) सीमा मिश्रा (सह-उधारकर्ता) लोन नंबर LHLUC00001608152	प्लॉट नंबर 2 का हिस्सा, खसरा नंबर 51 पर संपत्ति, मौजा नरहौली, अंदरुन त्रिलोक नगर कॉलोनी, तहसील और जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश	रु. 2,83,68,478/- 29 अक्टूबर, 2026	रु. 4,44,08,250/- रु. 44,40,825	12 नवंबर, 2026 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक	19 नवंबर, 2026 दोपहर 02:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक	18 नवंबर, 2026 शाम 05:00 बजे से पहले	प्रतीकात्मक कब्ज़ा

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी 'वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड' की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- https://BidDeal.in) पर की जाएगी। गिरवी रखने वालों (मॉर्गेजर्स) को 18 नवंबर, 2026 को शाम 05:00 बजे तक अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया राशि चुकाने का आखिरी मौका दिया जा रहा है; ऐसा न करने पर इन सुरक्षित संपत्तियों को ऊपर बताए गए शेड्यूल के अनुसार बेच दिया जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को अर्नेस्ट मनी डिपॉज़िट (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) के ज़रिए आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड की शाखा कार्यालय में जमा करना होगा (शाखा का पता लेख के ऊपर दिया गया है); यह जमा 18 नवंबर, 2026 को शाम 04:00 बजे या उससे पहले हो जाना चाहिए। संभावित बोलीदाताओं को रजिस्ट्रेशन फ़ॉर्म और बोली की शर्तों और नियमों वाले फ़ॉर्म की हस्ताक्षरित (साइन की हुई) कॉपी भी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड की शाखा कार्यालय में जमा करनी होगी (शाखा का पता लेख के ऊपर दिया गया है); यह 18 नवंबर, 2026 को शाम 05:00 बजे या उससे पहले जमा करना होगा। अर्नेस्ट मनी डिपॉज़िट का डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड - नीलामी" के पक्ष में बना होना चाहिए और इसका भुगतान लेख में ऊपर बताए गए शाखा कार्यालय के पते पर देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी की शर्तों और नियमों या टेंडर जमा करने के बारे में किसी भी और जानकारी के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई अतिरिक्त कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया https://www.icicihfc.com पर जाएँ।

दिनांक :-3 नवंबर 2026
स्थान :-मथुरा

अधिकृत अधिकारी, "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड",
CIN Number:- U65922MH1999PLC120106

भोगांव आईटीआई में रोजगार मेले में युवाओं को मिले अवसर

विधायक रामनरेश अग्निहोत्री और चेयरमैन प्रतिनिधि आशीष तिवारी ने किया शुभारंभ

भोगांव। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में सोमवार को विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक रामनरेश अग्निहोत्री और विशिष्ट अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि आशीष तिवारी ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया गया। विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है। आधुनिक तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास से युवाओं को जोड़ना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेलों का उद्देश्य युवाओं को घर के पास ही प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। चेयरमैन प्रतिनिधि आशीष तिवारी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों से जोड़ने की पहल सराहनीय है। युवाओं के आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनने से क्षेत्र की प्रगति सुनिश्चित होगी। रोजगार मेले में ऑटोमोबाइल, आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल और सर्विस सेक्टर की कंपनियों ने स्टॉल लगाए। सुबह नौ बजे से पंजीकरण काउंटर पर अभ्यर्थियों की भीड़ रही। कंपनियों के एचआर प्रतिनिधियों ने दस्तावेजों की जांच के बाद साक्षात्कार लिए। कई कंपनियों ने मौके पर ही योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर चयन पत्र और शॉर्टलिस्टिंग लेटर दिए। आईटीआई के प्रधानाचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया और मेले की रूपरेखा तथा कंपनियों के विवरण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, कंपनियों के प्रतिनिधि, आईटीआई स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



नवंबर के त्योहारों को देखते हुए जिले में धारा 163 लागू

30 नवंबर की रात तक प्रभावी रहेगा आदेश

मैनपुरी। अपर जिला मजिस्ट्रेट श्यामलता आनंद ने बताया कि नवंबर 2026 में विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की गई है। आदेश 30 नवंबर 2026 की रात तक प्रभावी रहेगा, जब तक इसे बीच में वापस नहीं लिया जाता। उन्होंने बताया कि आठ नवंबर को दीपावली, नौ नवंबर को गोवर्धन पूजा, 11 नवंबर को भैया दूज और चित्रगुप्त जयंती, 15 नवंबर को छठ पूजा तथा 24 नवंबर को गुरु नानक जयंती, कार्तिक पूर्णिमा और तेग बहादुर शहीद दिवस मनाया जाएगा। त्योहारों के दौरान असामाजिक और अराजक तत्वों के साथ कुछ संगठन अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए विभिन्न जातियों, संप्रदायों और वर्गों के बीच वैमनस्य, द्वेष या दुर्भावना फैलाकर जनशांति भंग करने का प्रयास कर सकते हैं। इसे देखते हुए जिले की सीमा में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदेश लागू किया गया है। आदेश की किसी भी धारा या अनुच्छेद का उल्लंघन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की संबंधित धाराओं के तहत दंडनीय होगा।

जर्जर बिजली के पोल की वेल्डिंग के बाद फिर गिरने का आरोप

दो महीने से शिकायत के बाद मरम्मत, एक घंटे में फिर खराब हुआ पोल



भोगांव। क्षेत्र में जर्जर विद्युत पोल की मरम्मत को लेकर बिजली विभाग की लापरवाही का आरोप सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार, करीब दो महीने से शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। एक उपभोक्ता ने फेसबुक पर शिकायत की, जिसके बाद विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि कर्मचारियों ने गिरने की कगार पर पहुंचे पोल पर साधारण वेल्डिंग कराकर मरम्मत की औपचारिकता पूरी कर दी। वेल्डिंग के करीब एक घंटे बाद ही पोल फिर से खराब हालत में पहुंच गया। ग्रामीणों ने रोष जताते हुए कहा कि बिजली जैसी गंभीर समस्या को इस तरह टालने से हादसे का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि लापरवाही के कारण कोई दुर्घटना होने पर जिम्मेदारी किसकी होगी। क्षेत्रवासियों ने उच्चाधिकारियों से जर्जर पोल को तत्काल बदलवाने और लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मामले की शिकायत दोबारा जिलाधिकारी से की जाएगी और नया पोल लगवाने की मांग की जाएगी।

स्कूली बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

ईको क्लब के विद्यार्थियों ने स्कूल के आसपास से प्लास्टिक कचरा जुटाया

बेवर। पर्यावरण संरक्षण की सीख जब व्यवहार में उतरती है, तो बदलाव की शुरूआत होती है। इसी उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालय चनेपुर छबीलेपुर में ईको क्लब के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानाध्यापिका मयंका शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विद्यालय के आसपास फैला प्लास्टिक कचरा एकत्र किया और स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि प्लास्टिक मिट्टी और जल को प्रदूषित करता है, नालियों को अवरुद्ध करता है और पशु-पक्षियों के लिए भी नुकसानदायक है। बच्चों को प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने और पॉलीथिन के बजाय कपड़े या जूट के थैलों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने अभियान में उत्साह से भाग लिया और आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। विद्यालय का ईको क्लब बच्चों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।



विवाहिता ने ससुरालियों पर भूमि कब्जाने और उत्पीड़न का आरोप लगाया

पति की मौत के बाद हिस्से की भूमि पर कब्जे की कोशिश का आरोप, डीएम ने एसडीएम को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए

भोगांव। बेवर कस्बे के उत्तरी काजी टोला निवासी विवाहिता सोनम बैस पत्नी विनय बैस ने ससुरालियों पर भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास करने और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। सोनम बैस के अनुसार, उनका विवाह करीब 10 वर्ष पहले हुआ था और उनकी दो नाबालिग पुत्रियां हैं। आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद ससुराल पक्ष उनके हिस्से की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने घर से निकालने, धमकाने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप भी लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने थाना बेवर और पुलिस के उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। शिकायत पर जिलाधिकारी इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मामले को चिन्हित करते हुए उप जिलाधिकारी पियूष जायसवाल को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पीड़िता ने अपनी और दोनों नाबालिग पुत्रियों की सुरक्षा, सम्मान तथा वैधानिक अधिकारों की रक्षा की मांग की है। एसडीएम पियूष जायसवाल ने तहसीलदार घासीराम को क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो से तत्काल जांच कराकर निष्पक्ष निस्तारण करने को कहा है। थाना बेवर पुलिस को मौके पर जाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने और वैधानिक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।

अहिरावण और रावण वध के मंचन के बाद पुतले का दहन

रामलीला मैदान में उमड़ी श्रद्धालुओं और दर्शकों की भीड़

भोगांव। ऐतिहासिक रामलीला मैदान में अहिरावण वध और दशानन रावण वध का भव्य मंचन किया गया। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक इस आयोजन को देखने के लिए मैदान में श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन प्रतिनिधि आशीष तिवारी ने प्रतीकात्मक रूप से धनुष से तीर चलाकर किया। इसके बाद मंच पर राम और रावण की सेनाओं के बीच भीषण युद्ध का मंचन हुआ। कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। युद्ध के अंतिम चरण में राम ने बाण से रावण की नाभि में स्थित अमृत कुंड को सुखाकर उसका वध किया। रावण के वध के साथ ही मैदान ह्यजय श्रीरामह्ण और ह्यसत्य सनातन धर्म की जयह्ण के नारों से गूंज उठा। इसके बाद मैदान में स्थापित रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। आतिशबाजी और जयकारों के बीच लोगों ने असत्य पर सत्य की जीत का उत्सव मनाया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि आशीष तिवारी, कमेटी अध्यक्ष ब्रज मोहन कठेरिया, सुरेंद्र शुक्ला, बाबूराम पाल, राजेश पाल, बदरुन निशा बेगम, महासचिव नृपेंद्र शर्मा, अमित कुमार शुक्ला, संजय शर्मा, अस्तेंद्र गुप्ता, शैलेश सक्सेना, प्रदीप श्रीवास्तव, संजीव वर्मा, वीरेंद्र शाक्य और कल्लू वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



शुभी शर्मा की प्रस्तुतियों पर झूमे दर्शक, अव्यवस्था में टूटीं कुर्सियां

रामलीला महोत्सव का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन

जसवंतनगर/इटावा। विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक मैदानी रामलीला महोत्सव का रविवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। भोजपुरी फिल्म स्टार शुभी शर्मा की प्रस्तुतियां देखने के लिए हजारों दर्शक पहुंचे। उन्होंने ह्यकच्ची कलीह्ण और ह्यमासूम चेहराह्ण सहित कई लोकप्रिय गीतों पर प्रस्तुतियां दीं। गायिका कामिनी ठाकुर और रॉक स्टार शैजी ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शुभी शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रामलीला प्रबंधक राजीव गुप्ता बबलू ने ऐतिहासिक रामलीला की परंपरा पर प्रकाश डाला। समिति पदाधिकारियों ने कलाकारों को सम्मानित किया। अनुमान से अधिक भीड़ पहुंचने के कारण बैठने की व्यवस्था बिगड़ गई। कुछ युवकों ने कई दर्जन कुर्सियां तोड़ दीं। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाओं को जमीन पर बैठकर कार्यक्रम देखना पड़ा, जबकि वीआईपी दर्शकों के लिए सोफों की व्यवस्था थी। सीओ आयुषी सिंह और थानाध्यक्ष कमल भाटी ने पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

लुधियानी में स्वास्थ्य शिविर, 75 मरीजों की जांच; 18 में डेंगू की पुष्टि

बीमारी से बालक की मौत के बाद स्वास्थ्य और पंचायती राज विभाग की टीमें पहुंचीं

बकेवर। लुधियानी गांव में बीमारी फैलने की खबरों के बाद स्वास्थ्य विभाग और पंचायती राज विभाग की टीमें सक्रिय हुईं। स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाकर मरीजों की जांच की, वहीं एडीओ पंचायत की मौजूदगी में सफाई कर्मचारियों ने अभियान चलाकर गांव के पास पड़े घूरे हटवाए और नालियों की सफाई की। गौरतलब है कि बीमारी से 15 वर्षीय बालक की मौत के बाद जिला प्रशासन की सख्ती पर दोनों विभागों की टीमें गांव पहुंचीं। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. सतेंद्र यादव, सीएचसी महेवा के अधीक्षक डॉ. अभिषेक वर्मा, डॉ. शशिकांत पटेल, एक्सरे टेक्नीशियन नितिन गौड़, भोले तिवारी और प्रशांत यादव ने शिविर में कुल 75 मरीजों की जांच की। इनमें 18 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई। अन्य मरीज दूसरी बीमारियों से पीड़ित पाए गए। चिकित्सकों ने मरीजों को दवा दी और ग्रामीणों को बीमारी से बचाव तथा साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। एडीओ पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया ने सफाई नायक चंद्रशेखर के नेतृत्व में पहुंचे कर्मचारियों से नालियों की सफाई कराई और करीब दस स्थानों से घूरे हटवाए।

पीले झोले में 16 क्वार्टर देशी शराब, अधेड़ गिरफ्तार

बकेवर। थाना बकेवर पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से पीले रंग के झोले में रखे देशी शराब के 16 क्वार्टर बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उपनिरीक्षक राजपाल सिंह पुलिस टीम के साथ शनिवार को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम ललितपुर से हुमायूंपुर जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति झोले में अवैध देशी शराब लेकर जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर ललितपुर गांव से करीब 250 मीटर आगे संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम विनोद (50) पुत्र स्वर्गीय बद्री प्रसाद निवासी कुड़रिया, थाना बकेवर बताया। तलाशी में उसके झोले से दीवाना ब्रांड देशी शराब के 16 क्वार्टर बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, आरोपी शराब रखने का लाइसेंस नहीं दिखा सका। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार और कांस्टेबल राजू प्रजापति शामिल रहे।

सुनील कुमार दुबे ने बेवर में खंड शिक्षा अधिकारी का कार्यभार संभाला

शिक्षकों से समय पर विद्यालय पहुंचने और शिक्षण कार्य में रुचि लेने की अपील, विभागीय सूचनाएं निदेशों के अनुरूप पूरी करने पर दिया जोर



बेवर। बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से खंड शिक्षा अधिकारियों के ब्लॉक परिवर्तन के क्रम में सुनील कुमार दुबे ने विकासखंड बेवर के खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों से समय पर कार्य पूरा करने और विभागीय सूचनाएं दिए गए निदेशों के अनुरूप उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचें और शिक्षण कार्य में रुचि लें। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश यादव, सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी जेपी पाल, एआरपी राहुल यादव, अनुपम यादव, संजीव दुबे, इंद्रेश यादव, सत्यवीर यादव, शैलेंद्र सिंह चौहान, अश्विनी बघेल, राजीव कुमार बघेल, संदीप कुमार, नंदिता चौहान, कल्पना शाक्य, प्रवेश कुमार सहित शिक्षक और बीआरसी स्टाफ मौजूद रहा।

ई-रिक्शा पलटने से युवक की मौत, दो घायल

सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप की रोशनी से चालक का नियंत्रण बिगड़ा



बेवर। थाना क्षेत्र में सोमवार रात करीब साढ़े सात बजे ई-रिक्शा पलटने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, लालपुर निवासी विमल (27) पुत्र तोताराम अपने बुआ के बेटे रोहित आनंद (29) पुत्र सुल्तान सिंह निवासी रूई, थाना भोगांव के साथ सोमवार सुबह परिवार के रोहित (24) पुत्र विश्राम सिंह के ई-रिक्शा से धान बेचने छिबरामऊ गए थे। धान बेचने के बाद विमल और आनंद शाम को नवीगंज पहुंचे और ई-रिक्शा चालक रोहित को उन्हें गांव ले जाने के लिए बुलाया। तीनों ई-रिक्शा से गांव लौट रहे थे। गांव जिनौरा के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप की तेज रोशनी चालक की आंखों में पड़ी, जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में रोहित आनंद की मौके पर मौत हो गई, जबकि रोहित और विमल घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सूचना

मेरा पति आजाद खान पुत्र अली खान, 47/3, ग्राम साहिबाबाद, गाजियाबाद से कोई संबंध व सरोकार नही है कृत्य–अपकृत्य एवं विवाह पंजीकरण का कही भी गलत इस्तेमाल करता है तो स्वयं जिम्मेदार होगा।

साईमा पुत्री मुस्तान
नगला छितर, किशोरपुर, गौतमबुद्धनगर
हाल नि0– जलाखा, गभाना, चण्डौस, अलीगढ़

कर्ज के दबाव में युवक ने की आत्महत्या, परिवार में कोहराम

मिनी गैस एजेंसी बंद होने के बाद बढ़ी थी कर्ज चुकाने की परेशानी, करीब 30 लाख रुपये का लोन लेने की बात, परिजनों ने बताई आर्थिक तंगी

बकेवर। लवेदी थाना क्षेत्र के नवादा खुर्दकला गांव में एक युवक ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, युवक ने गांव के चौराहे पर मिनी गैस एजेंसी खोलने के लिए करीब 30 लाख रुपये का लोन लिया था। एजेंसी बंद होने के बाद बैंक का कर्ज चुकाने का दबाव बढ़ गया था। नवादा खुर्दकला निवासी संदीप सिंह (30) पुत्र के बारे में उनके बड़े भाई कुलदीप सिंह ने बताया कि संदीप ने गांव के चौराहे पर मिनी गैस एजेंसी खोली थी। कुछ समय संचालन के बाद एजेंसी बंद हो गई। इसके बाद बैंक के कर्ज की अदायगी को लेकर परेशानी बढ़ गई। परिजनों के मुताबिक, लोन की रकम वसूलने के लिए लोग घर पहुंचने लगे थे। इसी बीच संदीप ने घर के कमरे में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। संदीप की मौत से मां माया देवी, पत्नी शिवानी देवी और पांच वर्षीय बेटे सिब्बू का रो-रोकर बुरा हाल है। संदीप की शादी करीब दस वर्ष पहले हुई थी। वह दो भाइयों में छोटा था। उसके बड़े भाई कुलदीप सिंह और तीन बहनें पार्वती, रिंकी व मधु हैं। तीनों बहनों की शादी हो चुकी है। परिजनों ने सोमवार सुबह यमुना नदी किनारे संदीप का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट में कार्रवाई

बंबा पुलिया के पास पुलिस को देखकर भागने लगा था आरोपी

बहन के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद सुरक्षा के लिए चाकू रखने की बात कही

बकेवर। थाना बकेवर पुलिस ने नगला खादर और महिपालपुर के बीच बंबा पुलिया से एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक संजीव कुमार पुलिस टीम के साथ रविवार को कस्बा लखना बाजार में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि नगला खादर और महिपालपुर के बीच बंबा पुलिया पर एक युवक अवैध चाकू लेकर बैठा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो युवक भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी में युवक के लोअर की बाईं तरफ फंसा चाकू बरामद हुआ। उसकी पहचान रमन (23) पुत्र जहान सिंह निवासी कुदनपुर, थाना बकेवर के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, बरामद चाकू की कुल लंबाई एक बालिश्त छह अंगुल है। आरोपी चाकू का लाइसेंस नहीं दिखा सका। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में रमन ने बताया कि उसकी बहन के साथ गोलू नाम के युवक ने दुष्कर्म किया था। इसके बाद से वह अपनी सुरक्षा के लिए चाकू रखता था। पुलिस ने उसे धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संजीव कुमार के साथ कांस्टेबल पंकज कुमार और राजकुमार शामिल रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सिकन्दराराऊ (हाथरस)

पत्रांक 2777/ई.टै./न.पा.परि. सि.राऊ — दिनांक 02-11-2026

ई–निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत निविदाताओं/ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि से उक्त कार्य सम्पादित कराना चाहती है। ठेकेदार/फर्मो से निविदायें दिनांक 16.11.2026 को आमंत्रित की जाती है, निविदाएं वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक 16.11.2026 तक उपलब्ध रहेगी, जहां से इसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 16.11.2026 अपरान्ह 2.00 बजे तक वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं।

Publish Date and time for Ref	06.11.2026
Last Date and time for submission e-Tender	16.11.2026 समय अपरान्ह 02.00 बजे
Date and Time of Opening E-Tender	17-11-26 समय अपराहन 2.00 बजे से 3.00 बजे
Place of opening E-Tender	**Office Nagar Palika Parishad, S.Rao**
E-tender Document Processing	**As Per E-tender**

नोट- बिना धरोहर राशि/टैण्डर मूल्य तथा सम्बंधित दस्तावेज के किसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। यहां यह भी अवगत कराना है कि निविदा डालने से पूर्व समस्त नियम व शर्ते जान लें, किसी भी त्रुटि के लिए पालिका जिम्मेदार नहीं होगी। समस्त निविदाएं अथवा किसी एक एक निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

(संदीप कुमार सक्सैना)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिकंदराराऊ, हाथरस

(मुहम्मद मुशीर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सिकंदराराऊ, हाथरस

नोएडा जा रहे नवविवाहित दंपती की बाइक में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, पति की मौत

एटा। रिजोर थाना क्षेत्र में निधौली खुर्द गांव के पास सोमवार तड़के अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों नोएडा जा रहे थे। उनकी शादी महज एक महीने पहले हुई थी। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। रिजोर थाना क्षेत्र के खेमई गांव निवासी सूरज पुत्र पूरन सिंह नोएडा में अपोलो फार्मेसी में डिलीवरी का काम करते थे। उनके भाई राहुल ने बताया कि सूरज सोमवार सुबह करीब तीन बजे पत्नी काजल के साथ बाइक से नोएडा जाने के लिए घर से निकले थे। निधौली खुर्द गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।



मृतक का फाइल फोटो।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों को वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। घायल काजल का उपचार चल रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव, दो महीने पहले हुई थी शादी

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र के बनगांव नगला कुंदन में सोमवार दोपहर 34 वर्षीय युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजन उसे फंदे से उतारकर वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बाबूराम के पुत्र ललित मोहन सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 12 बजे घर में किसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद हुआ था। इसके बाद ललित मोहन सिंह ने घर के अंदर फांसी लगा ली। परिजनों ने उन्हें फंदे पर लटका देखा तो आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। मृतक के भतीजे अतुल ने बताया कि ललित की शादी महज दो महीने पहले हुई थी। कोतवाली नगर प्रभारी धर्मेंद्र पवार ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। परिजन पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए शव घर ले गए।

जलेसर में आवासीय प्लाटों पर कब्जे का आरोप-लेखपाल की भूमिका संदेह के घेरे में

- **नक्शे में निर्धारित 50 मीटर के बजाय 58 मीटर फ्रंट देने का दावा**
- **जेसीबी से खुदाई जारी, एसडीएम से पैमाइश और कब्जा हटवाने की मांग**



जलेसर/एटा। जलेसर में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बाहर चुंगी क्षेत्र में आवासीय प्लाटों की भूमि पर कथित अवैध कब्जे के मामले में क्षेत्रीय लेखपाल और स्थानीय भू.माफिया की मिलीभगत के आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि निजी भूमि के निर्धारित फ्रंट में मनमाने ढंग से आठ मीटर की बढ़ोतरी कर आसपास के आवासीय प्लाटों की जमीन पर कब्जा कर लिया गया है । पीड़ित आवंटियों ने एसडीएम जलेसर से निष्पक्ष पैमाइश कराकर कब्जा हटवाने की मांग की है, लेकिन शिकायतें लंबित होने के बावजूद विवादित स्थल पर जेसीबी से खुदाई जारी है। प्रभावित आवंटियों द्वारा 31 अक्टूबर 2026 को एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, गाटा संख्या 1472/2 रकबा 0.162 हेक्टेयर में 80-80 वर्गमीटर के आवासीय प्लाट आवंटित हैं। आवंटियों का कहना है कि पूर्व में इन प्लाटों की पैमाइश कराई जा चुकी थी और मौके पर सीमा दीवारें भी निर्मित थीं। इसके बावजूद गाटा संख्या 1473, रकबा 0,304 हेक्टेयर की भूमि का नक्शे में निर्धारित 50 मीटर के बजाय 58 मीटर फ्रंट दर्शाकर आवासीय प्लाटों की भूमि और सीमा दीवारों को प्रभावित किया गया है।

शिकायत में क्षेत्रीय लेखपाल , जलेसर के भू.माफिया के साथ मिलीभगत कर यह लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। संबंधित निजी भूमि अजीम खां पुत्र मुइज्जदीन निवासी मोहल्ला ठगेलान जलेसर के नाम बताई गई है। आवंटियों का आरोप है कि राजस्व अभिलेखों और नक्शे के अनुरूप सीमांकन कराने के बजाय मनमाने तरीके से अधिक फ्रंट दिए जाने से उनके वैध आवासीय अधिकार प्रभावित हुए हैं। मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पीड़ितो ने 2 नवंबर को इस संबंध में शिकायत संख्या 40020126021770 और 40020126021765 दर्ज कराई गई। जिनकी स्थिति लंबित बताई जा रही है। शिकायतों में भी लेखपाल पर निर्धारित सीमा से अधिक फ्रंट देने का आरोप लगाया गया है। वहीं विवादित स्थल पर जेसीबी से खुदाई किए जाने का फोटो सामने आने से राजस्व विभाग की ईमानदारी पर सवाल उठ रहा है कि जब भूमि का सीमांकन और विवाद का निस्तारण नहीं हुआ तो मौके पर निर्माण अथवा खुदाई की कार्रवाई किस आधार पर जारी है।

शिकायत की प्रतियां मुख्यमंत्री, आयुक्त अलीगढ़ मंडल, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा को भी भेजी गई हैं। पीड़ितों ने राजस्व विभाग की स्वतंत्र टीम गठित कर गाटा संख्या 1473 की नक्शे के अनुसार पैमाइश कराने, वास्तविक सीमाओं का निर्धारण करने और यदि अवैध कब्जा पाया जाए तो उसे तत्काल हटवाने की मांग की है।

रोजगार मेले में 202 अभ्यर्थियों का चयन

350 युवाओं ने किया प्रतिभाग, कंपनियों ने योग्यता के आधार पर किया चयन



रोजगार मेला का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए पूर्व विधायक प्रजापालन वर्मा।

एटा। जिला सेवायोजन कार्यालय और डॉ. जेडएच पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को एटा सदर विधानसभा क्षेत्र में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न कंपनियों ने प्रतिभाग कर 350 अभ्यर्थियों में से 202 का चयन किया। रोजगार मेले का शुभारंभ पूर्व विधायक प्रजापालन वर्मा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व शिक्षक दयानंद श्रीवास्तव ने किया। मेले में कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता, कौशल और निर्धारित मानकों के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की।

इसके साथ ही युवाओं को प्री-प्लेसमेंट करियर काउंसलिंग के माध्यम से साक्षात्कार की तैयारी, कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं और रोजगार संबंधी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने युवाओं से कौशल विकास पर ध्यान देने और रोजगार के अवसरों का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की।

पीस कमैटी की बैठक-व्यापारी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाये

एटा। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने व्यापारियों, सराफा कारोबारियों और संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आपसी सौहार्द और भाईचारा कायम रखने की अपील की।

इस दौरान व्यापारियों को अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा सुरक्षा के जरूरी इंतजाम करने के लिए जागरूक किया गया।

पुलिस ने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके।

बैठक में व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुना गया। पुलिस अधिकारियों ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। एटा पुलिस ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और जनपद में शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की

सपा का दलित सम्मेलन 15 को आगरा में

अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचे दलित-रणजीत सुमन



बैठक मे उपस्थित सपाई।

जलेसर/एटा। जलेसर विधान सभा के अन्तर्गत समाजवादी पार्टी की एक अति आवश्यक बैठक पूर्व विधायक युवा नेता रणजीत सुमन के आवास ग्राम रामगड़ी जलेसर पर सम्पन्न हुई। बैठक में श्री सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 15 नवम्बर 2026 रविवार को जी0आई0 सी0 मैदान पचकुइयां आगरा में समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में समूचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक विशाल दलित सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के आयोजक एवं कार्यक्रम संयोजक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व केन्द्रीय मंत्री राज्यसभा सांसद मा० रामजीलाल खुमने रहेंचो । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री माननीय अखिलेश यादव जी रहेंगे। श्री सुमन ने विधान सभा क्षेत्र जलेसर के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में दलित सम्मेलन में भाग लेने की अपील की है। सपा के सभी दलित नेता सम्मेलन में मौजूद रहेंगे।

इस अवसर पर धमेन्द्र यादव , एम०पी० सिंह प्रदीप जाटव, सोनीराम, राकेश यादव, अन्नू जाटव, अनिल जाटव, टीटू अंजानी, बन्टी यादव, पासू यादव , अनूप जाटव, प्रमोद यादव, साहब सिंह, रामू जाटव, बजेश मधुर, गजराज सिंह, रवि चौधरी सहित सहित तमाम सपाई मौजूद थे।

पटाखा बिक्री की अनुमति और खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन

व्यापारी और किसान यूनियन ने उठाई आवाज

एटा/जलेसर। सर्किल क्षेत्र जलेसर के अवागढ़ में पटाखा बिक्री की अनुमति देने और किसानों को खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर सोमवार को व्यापारियों एवं भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाई। भाकियू भानु के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव शिवप्रताप सिंह ने बताया कि 30 अक्टूबर को इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन मांग पूरी नहीं होने पर प्रदर्शन करना पड़ा। उन्होंने कहा कि फायर ब्रिगेड की सुविधा नहीं होने के कारण प्रशासन ने अवागढ़ में पटाखा बिक्री की अनुमति नहीं दी है, जबकि व्यापारी वर्षों से निर्धारित स्थान पर सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए बिक्री करते आ रहे हैं। आसपास के 10 से 15 किलोमीटर क्षेत्र के लोग भी पटाखे खरीदने अवागढ़ आते हैं। प्रदर्शनकारियों ने हड़ताल के चलते किसानों को खाद नहीं मिलने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आलू की बुआई के सीजन को देखते हुए क्रय-विक्रय केंद्रों पर प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में खाद वितरण कराने की मांग की। प्रदर्शन में ऋषिपाल सिंह, हर्ष गुप्ता, कृष्ण गोपाल, प्रशांत यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते व्यापारी व भाकियू के पदाधिकारी।

राजा का रामपुर में फूड इंस्पेक्टर की दस्तक से बाजार में मची हलचल

देखते ही देखते बंद हो गईं मिठाई की दुकानें



अलीगंज/राजा का रामपुर। कस्बे में सोमवार दोपहर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के आने की सूचना मिलते ही बाजार में हलचल मच गई। देखते ही देखते कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए और बाजार की अधिकांश दुकानें बंद हो गईं। जानकारी के अनुसारए टीम ने केवल एक फर्म पर जांच कर लाइसेंस आदि चेक किए तथा खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इस दौरान स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहा। जांच के बाद टीम वापस लौट गई।

गौरतलब है कि दीपावली और भाई दूज जैसे त्योहारों के चलते बाजार में खाद्य पदार्थों की खरीदारी बढ़ जाती है। ऐसे में खाद्य विभाग की टीम के आने की सूचना मात्र से दुकानों का बंद होना कई सवाल खड़े करता है। हालांकिए दुकानों के बंद होने से मिलावट की पुष्टि नहीं होतीए लेकिन खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर संदेह जरूर पैदा होता है। लोगों ने त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए शासन.प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग से नियमित जांच अभियान चलाने की मांग की है ताकि मिलावटी सामान लोगों की रसोई तक न पहुंच सके।

खेत की मेड़ पर पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग महिला का शव

एटा। नयागांव थाना क्षेत्र में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने खेत की मेड़ पर पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एटा मोर्चरी भेजा है। मृतका की पहचान रामादेवी पत्नी रजवारी निवासी नयागांव के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, परिवार के लोग बाजरा काटने खेत पर गए थे, जबकि रामादेवी घर पर अकेली थीं। वह घर से खेत की ओर चली गईं और बालिस्टर के खेत की मेड़ पर खड़े पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर जान दे दी। दामाद कश्मीर सिंह ने बताया कि रामादेवी बीमार रहती थीं और उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह पहले भी आत्महत्या की कोशिश कर चुकी थीं। नयागांव थाने के दरोगा चंद्रशेखर त्रिपाठी ने बताया कि बेटे दिनेश ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले परिजन शव को नीचे उतारकर घर ले आए थे। बेटे ने थाने में लिखित सूचना दी है। पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ऑनलाइन चिकित्सा बिल व्यवस्था के विरोध में पेंशनरों का धरना, ऑफलाइन विकल्प की मांग



मांगों को लेकर बैठक करते पेंशनर्स।

एटा। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जिला इकाई ने सोमवार को चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल ऑनलाइन जमा करने की अनिवार्यता के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। पेंशनरों ने ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन तरीके से भी चिकित्सा बिल जमा करने की व्यवस्था बहाल करने की मांग की। दोपहर करीब 12:30 बजे मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नौ सितंबर 2026 के शासनादेश के तहत एक अक्टूबर से ऑफलाइन बिल जमा करने की व्यवस्था बंद कर दी गई है। इससे बुजुर्ग पेंशनरों को परेशानी हो रही है। अधिकांश पेंशनरों को कंप्यूटर और ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी नहीं है। वहीं, कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों के ईएचआरएमएस कोड भी पोर्टल पर दर्ज नहीं हैं। उन्होंने बताया कि 28 सितंबर की पेंशन सलाहकार समिति की बैठक और 26 सितंबर व 12 अक्टूबर को शासन को पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन समाधान नहीं हुआ। बिल जमा नहीं होने से चिकित्सा दावों की समय-सीमा समाप्त होने का खतरा है। संगठन ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर हजारों पेंशनर विधानसभा के सामने प्रदर्शन करेंगे। धरने में मंत्री चन्द्रपाल सिंह सहित संगठन के पदाधिकारी और पेंशनर मौजूद रहे।

मारहरा में पांच नवंबर को लगेगा रोजगार मेला

कल्याणी गर्ल्स पीजी कॉलेज में सुबह 10 बजे से होंगे साक्षात्कार

एटा। बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए पांच नवंबर को मारहरा स्थित कल्याणी गर्ल्स पीजी कॉलेज में विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन कार्यालय और कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेला सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। कंपनियों के प्रतिनिधि महिला और पुरुष अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लेंगे।

योग्यता और पात्रता के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों से रोजगार मेले में शामिल होने से पहले रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराने की अपील की है। साथ ही शैक्षिक योग्यता, आयु और वर्ग के अनुसार पोर्टल पर उपलब्ध कंपनियों में ऑनलाइन आवेदन करने को कहा है, ताकि चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकें।

चारों विधानसभा क्षेत्रों में आरओ और एआरओ नियुक्त

एटा। विधानसभा निर्वाचन संबंधी कार्यों को सुचारु एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए जनपद के चारों विधानसभा क्षेत्रों में रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) नियुक्त किए गए हैं। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एम. अरुन्मोली ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 103-अलीगंज में एसडीएम अलीगंज आरओ होंगे। 104-एटा में एसडीएम एटा, 105-मारहरा में अपर एसडीएम एटा तथा 106-जलेसर (अजा) में एसडीएम जलेसर को आरओ बनाया गया है। इनके सहयोग के लिए संबंधित तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारियों को एआरओ की जिम्मेदारी दी गई है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय से निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। कार्यों का विभाजन कर सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराने को कहा है।

जलेसर कस्बे के मंदिर में अज्ञात चोरों ने की चोरी से मचा हड़कम्प

दानपात्र और पूजा की सामग्री चोरी

जलेसर/एटा । जलेसर कोतवाली क्षेत्र के जलेसर-समुसपुर मार्ग स्थित महादेव परशुराम खाटू श्याम मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है इससे क्षेंत्र में हड़कम्प मच गया। बताया जाता है कि अज्ञात चोर सोमवार 02 नवम्बर को मंदिर से दानपात्र और पूजा की सामग्री चोरी कर ले गए।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मंदिर में चोरी होने की थाने में तहरीर दी है। वहीं मंदिर से जुड़े अजय उपाध्याय के अनुसार पहले भी इस मंदिर में चोरी हो चुकी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गंजडुंडवारा पालिका में सियासी घमासान, अध्यक्ष के खिलाफ 14 सभासद लामबंद

25 सदस्यीय बोर्ड में 14 बनाम 11 की खेमेबंदी, बैठक न बुलाने का आरोपय सभासदों ने डीएम से मांगा हस्तक्षेप

कासगंज। नगर पालिका परिषद गंजडुंडवारा में अध्यक्ष और सभासदों के बीच विवाद खुलकर सामने आ गया है। 25 सदस्यीय बोर्ड के 14 सभासदों ने अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जिलाधिकारी को सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपा है। सभासदों ने अध्यक्ष पर मनमानी और बोर्ड की बैठकें नहीं बुलाने का आरोप लगाया है। सभासदों का कहना है कि अध्यक्ष के करीब साढ़े तीन साल के कार्यकाल में महज 13-14 बोर्ड बैठकें ही आयोजित हुई हैं। इससे नगर के विकास कार्य और जनहित से जुड़े प्रस्ताव प्रभावित हो रहे हैं। आरोप है कि 14 अक्टूबर 2026 को नगर पालिका अधिनियम की धारा 86(2) के तहत बैठक बुलाने के लिए अध्याचन दिया गया था। 30 अक्टूबर को रिमाइंडर देने के बावजूद बैठक नहीं बुलाई गई। इसके बाद 14 सभासदों ने डीएम से हस्तक्षेप कर वैधानिक प्रक्रिया के तहत बोर्ड बैठक बुलवाने की मांग की है। वहीं, 11 सभासद दूसरे खेमे में बताए जा रहे हैं। अब सभी की निगाहें जिलाधिकारी के रुख पर टिकी हैं।



तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 शुरू

एटा। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सोमवार को जनपद में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में सीएमओ कार्यालय में शपथ ग्रहण और जागरूकता गोष्ठी आयोजित हुई। अभियान के तहत 60 दिनों तक युवाओं और आमजन को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। सीएमओ ने सार्वजनिक स्थलों पर बैनर लगाने और जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। गोष्ठी में कोटपा अधिनियम 2003 की धाराओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, तंबाकू उत्पादों का विज्ञापन, नाबालिगों को बिक्री तथा शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में बिक्री प्रतिबंधित है। थाना प्रभारियों से अपने थानों को तंबाकू मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की गई। कार्यक्रम में डॉ. राममोहन तिवारी और डॉ. अमन प्रताप सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

सुभाषित *जहां मूर्ख नहीं पूजे जाते, जहां अन्नकी सुरक्षा की जाती है और जहां परिवारमें कलह नहीं होती, वहां लक्ष्मी निवास करती है ।* ❐ **अथर्ववेद**

चुनाव आयोग की सख्ती

मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में हुई गड़बड़ियोंके आरोपोंसे घिरे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारको पदसे हटानेकी मांगको लेकर राजधानी दिल्लीमें विपक्षकी रैली और उसके जवाबमें भारतीय जनता पार्टीके नेतृत्वमें आयोजित रैलीने इस घटनाक्रमको रोचक मोड़पर पहुंचा दिया है। दोनों पक्षोंकी ओरसे परस्पर विरोधी बयानोंको लेकर दिल्लीमें सियासी सरगर्मी चरमपर पहुंच गयी है। वार और पलटवारमें भाषाकी मर्यादाओंको दरकिनार कर दिया गया है, जो स्वस्थ लोकतंत्रके हितमें नहीं है। इस बीच एक अच्छी खबर यह भी आयी है कि मतदाता सूचीमें गड़बड़ी करने वाले दोषी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियोंको कदापि बख्शा नहीं जायगा और ऐसे लोगोंको सेवासे निलम्बित करनेके साथ ही उन्हें सजा भी होगी। चुनाव आयोगने उत्तर प्रदेशके पीलीभीत जिलेमें ऐसा ही एक मामला पकड़ा है और इसमें संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियोंके खिलाफ सख्त काररवाई करनेका रास्ता साफ हो गया है। इन लोगोंके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व कानून (आरपी एक्ट) के साथ अब भारतीय दण्ड संहिता (बीएनएस) की धारा १९८ में भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसमें एक सालकी सजा और जुर्माना दोनों साथ-साथ होंगे। चुनाव आयोगकी ओरसे दोषी पाये गये अधिकारियोंके खिलाफ मुकदमा दर्ज करानेका यह सम्भवत: पहला मामला होगा। तत्कालीन निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) मयंक गोस्वामी और हेमन्त चौधरीको तत्काल प्रभावसे निलम्बित करनेके साथ ही दोनों अधिकारियों और मतदाता पंजीकरण केन्द्रके कम्प्यूटर आपरेटर अनिल कुमारके खिलाफ दर्ज प्राथमिकीमें भारतीय न्याय संहिता, २०२३ की धारा १९८ जोड़नेका भी निर्देश दिया गया है। इससे एक बात और साफ हो गयी है कि मतदाता सूचीमें गड़बड़ियां की गयी हैं और चुनाव आयोगने इसपर कड़ा रुख अपनाते हुए काररवाई भी कर दी है। पीलीभीत मामलेकी जांचमें यह बात सामने आयी है कि कम्प्यूटर आपरेटरने बिना आवेदन और दस्तावेजोंके ही लगभग दस हजार मतदाताके नामोंको जोड़ने और हटानेको लेकर गम्भीर अनियमितताएं की थीं। दोनों ईआरओने इन परिवर्तनोंको बिना जांचके ही स्वीकृति प्रदान कर दी है। चुनाव आयोगने कड़ा कदम उठाया है, वह उचित है। ऐसे लोगोंके खिलाफ कड़ी काररवाई होनी ही चाहिए। इससे एक बड़ा सन्देश जायगा साथ ही गड़बड़ी करने वालोंके लिए यह नसीहत भी है। अब आवश्यकता इस बातकी है कि जहां भी मतदाता सूचीमें गड़बड़ीकी आशंका है, वहां अवश्य जांच की जाय जिससे कि दोषियोंको सजा दी जा सके।

गिग वर्कर्सकी सुरक्षा

केन्द्र सरकारका गिग वर्कर्सके लिए नेशनल सोशल सिक्योरिटी बोर्डके गठनका निर्णय स्वागतयोग्य और महत्वपूर्ण कदम है। देशमें बढ़ते गिग वर्कर्सकी मांगको देखते हुए श्रम और रोजगार मंत्रालयने गिग फोर्सको सामाजिक सुरक्षा और कल्याणको मजबूत करनेके लिए इस बोर्डका गठन किया है, जो आजकी महती आवश्यकता है। यह इसलिए भी जरूरी था, क्योंकि गिग वर्कर्सका काम जोखिमपूर्ण और इनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। खास बात यह है कि इसके तहत सरकारने डिजिटल प्लेटफार्म, श्रमिक संघटनों, केन्द्र और राज्य सरकारोंके प्रतिनिधियों तथा विषय विशेषज्ञोंको एक साथ जोड़ा है, जो सरकारकी दूरदर्शिताका परिचायक है। बता दें कि भारतके सबसे बड़े गिग-इकोनामी आजीविका प्लेटफार्मोंमें एक होनेके नाते रैपिडो इस बोर्डमें शामिल होने वाला एकमात्र ऐप-आधारित पैसेंजर मोबिलिटी प्लेटफार्म है। इस पालिसीकी प्रमुख मानस्वी मानको बोर्डका सदस्य नामित किया गया है। केन्द्र सरकारका यह कदम नीति-निर्माणके प्रति सहयोगात्मक और परामर्शपूर्ण दृष्टिकोणको दर्शाता है। यह पहल सरकारके उन प्रयासोंका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य गिग और प्लेटफार्म वर्कर्सके लिए अधिक समावेशी और सुलभ सामाजिक सुरक्षा उपाय विकसित करना है। इस बोर्डका गठन ऐसे समयमें किया गया है जब आजीविकाके अवसर पैदा करनेमें प्लेटफार्म आधारित कामकी व्यापक रूपसे पहचाना जा रहा है। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, ताकि गिग वर्कर्सको सम्मानपूर्वक जीनेका अधिकार प्राप्त हो सके। सरकारका यह कदम अत्यन्त महत्वपूर्ण माना जायगा, क्योंकि इससे रोजगारके अवसर बढ़ेंगे। गिग वर्कर्सकी सुरक्षाकी सुधि लेते हुए केन्द्रकी पहल सराहनीय है।

लोक संवाद

सामाजिक न्याय

महोदय,-हालके दो अदालती फैसलोंके बाद एक बार फिर आरक्षणपर बहस छिड़ गयी है। देशमें आरक्षणपर बहस मुख्य रुपसे सामाजिक न्याय, ऐतिहासिक भेदभाव और योग्यताके इर्द-गिर्द घूमती है। इस विषयपर समाजमें दो मुख्य दृष्टिकोण हैं। पहला आरक्षणके पक्षमें तर्क है, जिसे सामाजिक न्यायका पक्ष कहकर प्रचारित किया जाता है। इसके समर्थकोंका मानना है कि सदियोंसे जाति-व्यवस्थाके कारण दलितोंका सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक शोषण हुआ है। उनका मानना है कि आरक्षणका उद्देश्य सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानोंमें इन वंचित वर्गोंको उचित प्रतिनिधित्व देना है। दूसरा पक्ष मानता है कि आरक्षण केवल आर्थिक आधारपर होना चाहिए। मेरा मत है कि आरक्षणको खत्म किया जाय। -अमित, वाया ईमेल।

साइबर सुरक्षा तंत्र की निगरानी

पिछले दिनों साइबर हमलोंमें वृद्धिने कई देशोंमें आनलाइन सेवाओंको पंगु कर डाला। इन हमलोंको देखते हुए साइबर सुरक्षा विशेषज्ञोंने इसे 'ब्लैक अक्तूबर' नाम दिया है, जबकि कुछ इसे वल्नरेबिलिटीकी प्रलय कह रहे हैं। साइबर हमला तब होता है जब किसी वेबसाइटको चलाने वाले सॉफ्टवेयरमें सेंध लगानेकी गुंजाइश होती है।

❐ दिनेश शर्मा

साइबर हमलोंमें भारी वृद्धिने बैंक, बीमा कम्पनियां, सरकारी सेवाएं, शिक्षा और यूटिलिटी सेवाएं कई मामलोंमें प्रभावित हुई हैं। जापानकी एक आनलाइन वित्तीय सेवा कम्पनीने अपने विदेशी मुद्रा व्यापार प्लेटफॉर्मपर हुए साइबर हमलेके कारण ग्राहकोंको हुए नुकसानकी भरपाई करनेका फैसला किया है। अमेरिकामें कई सरकारी और निजी वेबसाइटोंको अपने सिस्टममें बचावके उपाय करनेके लिए कुछ समयके लिए आफलाइन करना पड़ा। टेक्सासकी एक यूटिलिटी कम्पनीने डेटा लीक होनेकी सूचना दी, जिससे दस लाखसे अधिक निवासी प्रभावित हुए और उनकी निजी जानकारी उजागर हो गयी। भारतीय स्टेट बैंकके लगभग ४,००० ग्राहकोंका डेटा लीक हो गया, जबकि तेलंगाना सरकारकी औद्योगिक मंजूरीसे जुड़ी एक वेबसाइटको हैक कर लिया गया। इन हमलोंके व्यापक दायरेको देखते हुए, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञोंने इसे 'ब्लैक अक्तूबर' का नाम दिया है, जबकि कुछ इसे 'वल्नपोकैलिप्स' यानी वल्नरेबिलिटीकी प्रलय कह रहे हैं। साइबर हमला तब होता है, जब किसी वेबसाइट को चलाने वाले सॉफ्टवेयरमें सेंध लगानेकी गुंजाइश होती है। सुरक्षा विशेषज्ञोंका काम ऐसी कमियोंका पता लगाना और उन्हें ठीक करना होता है।



हालांकि यह पूरी प्रक्रिया उतनी आसान नहीं है, जितनी सुननेमें लगती है। इसमें कई तरहके सॉफ्टवेयर प्रोग्राम शामिल होते हैं। जैसे कि ऑपरेटिंग सिस्टम, एप्लिकेशन, फर्मवेयर, क्लाउड, डेटाबेस मैनेजमेंट, नेटवर्किंग, एंटरप्राइज प्लानिंग, सप्लाई चेन आदि और इनकी खरीद अलग-अलग आपूर्तिकर्ताओं या वेंडरोंसे हो सकती है। ये कमियां मसलन, मेमोरी सुरक्षासे जुड़ी समस्याएं, इंजेक्शन फ्लां, आथेंटिकेशनमें गड़बड़ी, क्रिप्टोग्राफिक विफलताएं और डिपेंडेंसी कन्फ्यूजन हो सकती हैं। एक हैकर सिस्टमकी किसी भी कमीका फायदा उठा सकता है।

एआई इंजन और टूल्सके आनेसे इस 'कमियों और हैकिंग' वाले इकोसिस्टममें बहुत बड़ा बदलाव आया है। अबतक किसी कमीका पता लगाना एक जटिल, समय लेने वाला और मेहनत भरा काम था। केवल उच्च कोटिके विशेषज्ञ हैकर ही ऐसा कर पाते थे और उन्हें भी इसमें बहुत मशक्कत करनी पड़ती थी। लेकिन अब जेनरेटिव एआई टूल्सकी मददसे कमियों को आसानीसे ढूंढ़ा जा सकता है, जिससे हैकिंगका काम स्वचालित हो गया है। यही कारण है कि इस महीने हमलोंकी बाढ़-सी आ गयी है। एआई टूल्स व्यापक रूपसे इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयरमें कमियोंका पता लगानेमें मदद कर सकते हैं, जिनमें वे कमियां भी शामिल हैं, जो पहले किसीकी नजरमें नहीं आयी थीं। ऐसा लगता है कि हमलोंका यह मौजूदा दौर पीएचपी प्रारूप आधारित साइटोंमें मौजूद कमियोंसे जुड़ा है। पीएचपी एक ओपन-सोर्स स्क्रिप्टिंग भाषा है, जिसका इस्तेमाल डायनामिक वेबपेज बनानेके लिए किया जाता है। दुनियाभरकी लाखों वेबसाइटें हमलोंकी चपेटमें आ सकती हैं। हैकर्स महत्वपूर्ण डिजिटल साइटोंमें पीएचपीकी कमजोरियोंका पता लगाने और उनपर हमला करनेके लिए एआई टूल्सका इस्तेमाल कर रहे हैं। जहां एक तरफ हैकर्स 'बग' खोजनेके कामको ऑटोमेट करने और नये तरहके मैलवेयर बनानेके लिए एआई इंजन और एलएलएमका इस्तेमाल कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ एआई कम्पनियां खुद ऐसी कमजोरियोंकी पहचान करनेके लिए टूल्स विकसित कर रही हैं, ताकि किसी हमलेसे पहले ही उसका तोड़ हाथमें हो। ओपन एआई और एंथ्रोपिक नामक कम्पनियोंने साइबर सुरक्षाके मूल्यांकनके लिए एडवांस्ड 'जेनरेटिव एआई एजेंट' विकसित किये हैं।

हालांकि एआई एक दोधारी तलवार है। यदि कोई एआई एजेंट किसी कमजोरीका पता लगा ले तो वह सिस्टमको हैक करनेके लिए उसका फायदा भी उठा सकता है। इन दोनों कम्पनियों द्वारा विकसित किये गये प्रयोगात्मक एजेंटोंने ठीक ऐसा ही किया। उन्होंने असल दुनियामें बाहरी सिस्टमोंपर हमले किये। इस सालकी शुरुआतमें एंथ्रोपिकने खुलासा किया कि उसके एक एजेंटने संवेदनशील जानकारी और कारपोरेट डेटा चुरा लिया। इतना ही नहीं, उसे यह पता होनेके बावजूद कि वह किसी लैबमें नहीं, बल्कि लाइव इंटरनेटपर काम कर रहा है, उसने अपना हमला जारी रखा। ओपन एआईके एक एजेंटने तो एक जर्मन वेबसाइटको हैक करके उसे एआई एजेंटोंके लिए एक निजी मैसेज बोर्डमें बदल दिया।

भारतको अपने विशाल डिजिटल तंत्र और ऑनलाइन सार्वजनिक सेवाओंको देखते हुए इन घटनाओंपर ध्यान देना चाहिए और जरूरी बचावके कदम उठाने चाहिए। साइबर सुरक्षाकी निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसी, 'इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम' (सीईआरटी-इन) ने हाल की घटनाओं, जिनमें पीएचपीकी कमजोरियां भी शामिल हैं, को लेकर कई चेतावनियां जारी की हैं। इससे भी गम्भीर बात यह है कि एजेंसीने भारतीय डिजिटल संपत्तियोंपर एआई एजेंटों द्वारा किये गये हमलोंकी पुष्टि की है। एजेंसीके अनुसार ये एजेंट खुद अपना काम प्लान करने, कमांड देने, टूल तैनात करने और लंबे समयतक वेबपर सक्रिय रहनेमें सक्षम हैं। जो एआई एजेंट अभी रिसर्च और मूल्यांकनके चरणमें थे, वे गलतीसे रिलीज हो गये और अनधिकृत तरीकेसे भारतीय डिजिटल तंत्रतक पहुंच गये। भारतीय संघटनोंकी लाइव वेबसाइटोंपर हुए इन हमलोंके कारण उनके बिजनेस रिकॉर्ड, व्यक्तिगत डेटा और गोपनीय जानकारी लीक हो गयी। सबसे चिन्ताजनक बात यह है कि संबंधित संघटनोंको इन डेटा लीक्सका पता ही नहीं चला। यह बात तब सामने आयी, जब एआई मॉडल डेवलपर्सने खुद सीईआरटी-इनको इसकी जानकारी दी।

इसके अलावा एजेंसीने पाया है कि हैकर्सने ओपन-सोर्स एजेंटिक टूल्सका इस्तेमाल करके भारतीय वेबसाइटोंपर आर्थिक लाभके लिए घुसपैठ की है। भारतमें हालमें हुए हमलोंसे पता चलता है कि एआई टूल्स हमलोंके पैमानेको पूरी तरहसे बदल देंगे। अब किसी सिस्टममें घुसपैठ होने और उसके गम्भीर परिणाम सामने आनेके बीचका समय कुछ दिनोंसे घटकर केवल कुछ घंटे रह गया है। हमलावरोंने कई एआई एजेंटोंका इस्तेमाल किया, जो घंटोंसे लेकर कई दिनोंतक सक्रिय रहे। इससे पता चलता है कि एआई-आधारित हमलोंमें एक साथ कई एजेंटोंका इस्तेमाल किया जा सकता है। जिन संघटनोंपर हमला हुआ, उन्होंने बचावके जो उपाय किये, वे आधे-अधूरे थे। नतीजतन कुछ ही दिनोंके भीतर उनपर और भी ज्यादा तीव्रतासे दोबारा हमला किया गया। इन सभी हमलोंमें एआई एजेंटोंने पुरानी या बंद हो चुकी एपीआई जैसी पारम्परिक कमजोरियोंको निशाना बनाया।

भारतीय डिजिटल तंत्रपर हुए ये सभी हमले काफी गम्भीर लग रहे हैं, हालांकि सीईआरटी-इनने उन संघटनों या वेबसाइटोंके नाम नहीं बताये हैं, जिनपर हमला हुआ था। उन एआई कम्पनियोंके नाम भी उजागर नहीं किये गये हैं, जिनके एजेंट अनियंत्रित होकर भारतीय संघटनोंके महत्वपूर्ण डेटातक पहुंच गये। एजेंसीने एआई मॉडल डेवलपर्स, रिसर्च लैब और एआई एजेंटोंका मूल्यांकन करने वाली संस्थाओंके लिए कुछ सामान्य दिशा-निर्देश जारी किये हैं। उनसे कहा गया है कि यदि कोई एजेंट किसी वास्तविक सिस्टमतक पहुंच जाता है तो तुरन्त प्रभावित संघटनोंको सूचित करें। सरकारको जेनरेटिव एआई मॉडल विकसित करने और उनका परीक्षण करने वाली कम्पनियोंके लिए सुरक्षाका एक ढांचा तैयार करना चाहिए। इसी तरहका ढांचा उन संघटनोंके लिए भी जरूरी है, जो अपने कामकाजमें एआई एजेंटोंका इस्तेमाल करते हैं, खासकर वित्तीय क्षेत्रकी कम्पनियोंके लिए।

> **भारतको अपने विशाल डिजिटल तंत्र और आनलाइन सार्वजनिक सेवाओंको देखते हुए इन घटनाओंपर ध्यान देना चाहिए और जरूरी बचावके कदम उठाने चाहिए। साइबर सुरक्षाकी निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसी, सीईआरटी-इनने हालकी घटनाओं, जिनमें पीएचपीकी कमजोरियां भी शामिल हैं, को लेकर कई चेतावनियां जारी की हैं। इससे भी गम्भीर बात यह है कि एजेंसीने भारतीय डिजिटल संपत्तियोंपर एआई एजेंटों द्वारा किये गये हमलोंकी पुष्टि की है।**

अल नीनो के असर से प्रभावित उपज

अल नीनोके प्रभाव और वर्षामें १२.६ फीसदीकी कमीके बावजूद खाद्यान्न और तिलहनकी बोआईका रकबा पिछले वर्षकी तुलनामें १.२ फीसदी घटा। यही नहीं, बोया गया कुल रकबा सामान्य स्तरसे लगभग दो फीसदी अधिक रहा।

❐ एन. गुप्त

पिछले २६ वर्षोंके आंकड़ोंके आधारपर वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें जब बारिश सामान्यसे लगभग दस फीसदी या उससे अधिक कम रही खरीफकी बोआईके रकबेमें औसतन केवल ०.९ फीसदीकी गिरावट आयी। इस अवधिमें ऐसे आठ वर्ष रहे यानी वित्त वर्ष २००१, २००३, २००५, २०१०, २०१५, २०१६, २०१९ और २०२४। मध्यम या प्रबल अल नीनो वाले वर्षोंमें ऐसे केवल चार वर्ष थे जब खरीफकी बोआईका रकबा औसतन १.९ फीसदी घटा। ये थे वित्त वर्ष २००३ २०१०, २०१६ और २०२४। सामान्य वर्षोंमें यानी जब न तो अल नीनोकी स्थिति थी और न ही वर्षामें उल्लेखनीय कमी, खरीफकी बोआईके रकबेमें औसत वृद्धि एक फीसदीसे भी कम रही। इसलिए २०२६ में बोआईके रकबेमें दर्ज १.२ फीसदीकी गिरावट असामान्य स्थिति नहीं है। रकबेमें मामूली गिरावटके बावजूद वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें खरीफ फसलोंकी प्रति हैक्टेयर पैदावार औसतन ६.५ फीसदी घटी। वहीं अल नीनो वाले वर्षोंमें इसमें सालाना औसतन ८.४ फीसदीतकको गिरावट आयी। इसके विपरीत सामान्य वर्षोंमें खरीफ फसलोंकी पैदावारमें सालाना चारसे छह फीसदीकी वृद्धि हुई। कम पानीकी उपलब्धता और अधिक तापमानके कारण पैदावार घटनेसे कम बारिश वाले वर्षोंमें खरीफ फसलोंका कुल उत्पादन सालाना लगभग सात फीसदी गिरा। अल नीनोकी स्थितिमें यह गिरावट सालाना दस फीसदीतक पहुंच गयी। इसकी तुलनामें सामान्य वर्षोंमें खरीफ फसलोंके कुल उत्पादनमें औसतन ५.७ फीसदीकी वृद्धि हुई। नतीजतन वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें कृषिके वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में सालाना औसतन ०.३ फीसदीकी गिरावट दर्ज की गयी। इसके उलट सामान्य वर्षों में कृषिके वास्तविक जीवीएमें औसतन ४.५ फीसदीकी वृद्धि हुई। दिलचस्प यह है कि अल नीनो या वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें कृषिके वास्तविक जीवीएपर प्रतिकूल प्रभाव पूरी तरह वर्षकी दूसरी छमाहीमें केंद्रित रहा। उदाहरणके लिए वर्षाकी कमी वाले वर्षोंकी पहली छमाहीमें कृषिके वास्तविक जीवीएकी औसत वृद्धि दो फीसदी रही। अल नीनो वाले वर्षोंमें यह वृद्धि एक फीसदी थी। लेकिन प्रभावित अवधिके दौरान कृषिके वास्तविक जीवीएमें सालाना लगभग दो फीसदीकी गिरावट आयी।

वित्त वर्ष २०२६-२७ की पहली तिमाहीमें कृषिके वास्तविक जीवीएमें पिछले वर्षकी समान अवधिकी तुलनामें ३.६ फीसदीकी वृद्धि हुई। हालांकि पैदावारपर प्रतिकूल असर पड़नेके साथ हमें दूसरी तिमाहीमें यह वृद्धि घटकर सालाना आधारपर दो फीसदी रहनेकी उम्मीद है। वित्त वर्ष २०२६-२७ की दूसरी छमाहीमें वृद्धि दर और घटकर ०.४ फीसदी रह सकती है हालांकि इसमें गिरावट नहीं आयगी। इसका अर्थ है कि वित्त वर्ष २०२६-२७ में कृषिके वास्तविक जीवीएकी वृद्धि दर १.४ फीसदी रह सकती है जबकि वित्त वर्ष २०२५-२६ में यह तीन फीसदी थी। कृषिके वास्तविक जीवीएके साथ-साथ इसका ग्रामीण आय या मजदूरीमें वृद्धिपर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। श्रम ब्यूरोके उपलब्ध मासिक आंकड़ोंके आधारपर देखें तो वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें ग्रामीण मजदूरीकी वास्तविक वृद्धि दर सालाना औसतन ०.५ फीसदी रही। यह सामान्य वर्षोंमें दर्ज १.८ फीसदीकी सालाना वृद्धिका लगभग एक-चौथाई ही है। अल नीनो वाले वर्षोंमें यह दर ०.९ फीसदी थी। इसका प्रतिकूल प्रभाव गैर-कृषि मजदूरीकी तुलनामें कृषि मजदूरीपर अधिक पड़ा। वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें कृषि मजदूरीकी वृद्धि सामान्य अवधिके औसतका केवल लगभग पांचवां हिस्सा रही, जबकि गैर-कृषि मजदूरीकी वृद्धि सामान्य अवधिके औसतकी लगभग आधी थी।

वित्त वर्ष २०२६-२७ के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में ग्रामीण मजदूरीकी वास्तविक वृद्धि दर पिछले वर्षकी समान अवधिकी तुलनामें औसतन ०.६ फीसदी रही। इसमें कृषि गतिविधियोंमें वृद्धि केवल ०.३ फीसदी और गैर-कृषि गतिविधियोंमें ०.९ फीसदी रही। इसके अलावा प्रभावित वर्षोंमें वास्तविक निजी अंतिम उपभोग व्ययकी वृद्धि भी धीमी रही। ऐसे वर्षोंमें इसकी औसत सालाना वृद्धि दर ५.५ फीसदी थी जबकि सामान्य वर्षोंमें यह छह फीसदी रही। हालांकि हैरानीकी बात यह है कि खाद्य मुद्रास्फीतिपर इसका असर उतना स्पष्ट नहीं है। अल नीनो वाले वर्षोंमें खाद्य महंगी अधिक रही है लेकिन वर्षाकी कमी वाले सभी वर्षोंको मिलाकर देखें तो इसका प्रतिकूल प्रभाव उतना प्रमुख नहीं दिखाई देता। कुल मिलाकर खरीफ फसलोंके बोआई क्षेत्रमें साल-दर-साल १.२ फीसदीकी गिरावट इस बातका भरोसेमंद प्रमाण नहीं है कि अल नीनोका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। अतीतमें भी बोआई क्षेत्रमें इसी तरहकी गिरावटके बावजूद कमजोर मानसून वाले वर्षोंमें पैदावार और इस कारण कुल उत्पादनमें तेज गिरावट देखी गयी है। विभिन्न फसलोंके सिंचित क्षेत्रमें वृद्धि हुई है, लेकिन इसका स्तर अब भी कम है। वर्ष २०२३-२४ में धानकी खेतीका लगभग ७० फीसदी क्षेत्र सिंचित था जबकि एक दशक पहले यह अनुपात ६० फीसदी और २००० के दशकके मध्यमें लगभग ५५ फीसदी था। इसी तरह दलहनोंके लगभग ३५ फीसदी क्षेत्रमें सिंचाईकी सुविधा थी जबकि एक दशक पहले यह अनुपात २० फीसदी था। यह भी कारण है कि अत्यंत प्रबल अल नीनो और वर्षामें भारी कमीके बावजूद हमें वित्त वर्ष २०२६-२७ में कृषिके वास्तविक जीवीएमें गिरावटकी आशंका नहीं है। वित्त वर्ष २०११-१२ के आधार वर्षपर गणनाके अनुसार कुल कृषि जीवीएमें फसलोंकी हिस्सेदारी वित्त वर्ष २०११-१२ और २०१२-१३ के लगभग ६५ फीसदीसे घटकर वित्त वर्ष २०२३-२४ में ५४ फीसदी रह गयी थी। लेकिन वित्त वर्ष २०२२-२३ में बढ़ाकर ६२ फीसदी कर दी गयी और वित्त वर्ष २०२४-२५ तक इसी स्तरपर बनी रही। हमारा मानना है कि अल नीनो और वर्षामें भारी कमीका प्रतिकूल प्रभाव वित्त वर्ष २०२६-२७ की दूसरी छमाहीमें दिखाई देगा। सरकारी खर्चमें वृद्धि धीमी होगी, जो अनुमान इस धारणापर आधारित है कि सरकार जीडीपीके ४.५ फीसदीके राजकोषीय घाटेके लक्ष्यको पूरा करेगी। इससे जीडीपी वृद्धि भी प्रभावित होगी रिजर्व बैंकके लिए दिसंबरके बाद दरें बढ़ाना भी मुश्किल हो जायगा, यानी दरोंमें वृद्धिका यह चक्र काफी सीमित रह जायगा।

आत्मबोध

समयका प्रबन्धन

❐ श्रीराम शर्मा

संसारमें प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनमें हर क्षेत्रमें सफल होना चाहता है। लेकिन सफलता ख्याली पुलाव पकानेवाले या कोरी कल्पनाओंमें रहकर सपने देखनेवालोंको नहीं मिलती। दुनियाके सफलतम व्यक्ति जिन्होंने अपने जीवनमें कामयाबी हासिल की, उन्होंने कुछ सूत्रोंको जीवनमें स्थान दिया। सफलताके शिखरको जिन्होंने छुआ, उसपर प्रतिष्ठित हुए। ऐसे महापुरुषोंके जीवनमें अपनाये गये प्रयोगोंसे हम प्रेरणा लें। सफलताका मूल मनुष्यकी इच्छाशक्तिमें सन्निहित होती है। समुद्रसे मिलनेकी प्रबल आकांक्षा करनेवाली नदीकी भांति वह मनुष्य भी अपनी सफलताके लिए मार्ग निकाल लेता है, जिसकी इच्छाशक्ति दृढ़ और बलवती होती है, उसके मार्गमें कोई भी रुकावट बाधा नहीं डाल सकती। संसारके सभी छोटे-बड़े कार्य किये जा सकनेका माध्यम शक्ति है। लेकिन वास्तविक शक्ति मनुष्यकी इच्छा शक्ति है। इच्छाकी स्फुरणसे कर्म करनेकी प्रेरणा मिलती है। प्रेरणासे व्यक्ति कर्म करनेके लिए प्रवृत्त हो जाता है। जो व्यक्ति अपने शरीरसे हमेशा अपने लक्ष्यके अनुरूप श्रम करनेको तत्पर रहता है, अपनी शक्तियोंका समुचित उपयोग करता है, वह कृतकृत्य हो जाता है। सक्रियता ही जीवन है और निष्क्रियता ही मृत्यु। श्रम करनेसे शरीर स्वस्थ एवं स्फूर्तिवान बनता है। जिससे वांछित सफलताकी ओर बढ़नेकी प्रेरणा मिलती है। कोई व्यक्ति परिश्रमी पुरुषार्थी तो है किन्तु उसमें आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरताकी भावनाका अभाव है तो भी उसका पुरुषार्थ व्यर्थ चला जायगा। अपने आपको दीन-हीन नहीं शक्तिशाली समझें। विश्वास करें कि बीज रूपमें मेरे भीतर सारी शक्तियां विद्यमान है। मैं सब कुछ कर सकता हूं, जो अन्य सफल व्यक्तियोंने किया है। जो व्यक्ति लक्ष्यकी प्राप्तितक बिना रुके निरंतर चलते रहते हैं, सफल हो जाते हैं। जिन्हें अपने ध्येय, लक्ष्यके प्रति लगन है, निष्ठा है, उसके मार्गमें ऐसा कौन-सा अवरोध हो सकता है जो उसे रोक सके। लेकिन आजका सोया हुआ कल बदल गया या चार दिन परिश्रम करनेके बाद पानीके बुलबुलेकी भांति लक्ष्य देनेके बाद कुछ दिन लक्ष्यके प्रति समर्पण दिखानेके बाद आराम करने लग गये तो उन्हें असफलता ही हाथ लगेगी। लक्ष्यके प्रति समर्पित व्यक्तिका सूत्र होता है। कोई छुट्टी नहीं, किसीसे कोई अपेक्षा नहीं, कोई भेदभाव नहीं। नकारात्मक सोच अर्थात निराशा, भय, संदेह, उद्विग्नता, अविश्वासके भाव, घुटन भरी सोच। चिंता और चिता एक ही सिक्केके दो पहलूकी तरह हैं, जो व्यक्तिकी जीवनी शक्ति एवं कार्यक्षमताको घटाते-घटाते समाप्त कर देती है। अतीत या भविष्यको लेकर चिंतित न हों, बल्कि स्वस्थ चिंतन करें।

राष्ट्रीय सम्प्रभुता के सामने उभरती नयी चुनौतियां

❐ प्रो. धर्मेन्द्र कुमार सिंह

संप्रभुताका मतलब किसी राष्ट्रकी स्वतंत्रता, उसके कानूनोंकी सर्वोच्चता और नागरिकोंके हितोंकी रक्षा करनेकी क्षमता है। अबतक इसे भू-भाग, सेना, अर्थव्यवस्था और राजनीतिक सत्तासे जोड़कर देखा जाता रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल नेटवर्क और उपग्रह संचारके आनेसे इस अवधारणाका दायरा बढ़ा है। आज सवाल सिर्फ सीमाओंके नियंत्रणका नहीं है। यह भी उतना ही अहम है कि देशके नागरिकोंका डेटा, संचार व्यवस्था और डिजिटल अवसंरचना किसके हाथमें है। बदलते दौरमें ताजा उदाहरण एलन मस्ककी कम्पनी स्पेसएक्सकी उपग्रह इंटरनेट सेवा स्टारलिंक है। अक्तूबर २०२६ में भारतमें इसकी प्रस्तावित शुरुआतपर विवाद तब खड़ा हुआ, जब मस्कने आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली कारोबारी समूह अपना एकाधिकार बचानेके लिए स्टारलिंकके प्रवेशमें बाधा डाल रहे हैं। सरकारसे जवाब आया कि नियामकीय प्रक्रिया बिल्कुल निष्पक्ष है और सभी कम्पनियोंको सुरक्षा शर्तें माननी होंगी। इस तरहसे यह बहस बाजार प्रतिस्पर्धासे आगे बढ़कर राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुतातक पहुंच गयी है।

इसके तकनीकी पहलुओंसे इनकार नहीं किया जा सकता। पर्वतीय इलाकों, सीमावर्ती गांवों और आपदा प्रभावित क्षेत्रोंमें, जहां मोबाइल नेटवर्क और फाइबरकी पहुंच सीमित है, उपग्रह इंटरनेट बड़ा सहारा बन सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और सरकारी सेवाओंकी पहुंच बढ़ानेमें भी इसकी भूमिका हो सकती है। ऐसी तकनीकका स्वागत करनेके पर्याप्त कारण हैं। फिर भी सुविधा और राष्ट्रीय नियंत्रणके बीच संतुलन बनाये रखना भी उतना ही जरूरी है। परम्परागत व्यवस्थामें राज्य अपने क्षेत्रकी संचार व्यवस्थाको नियंत्रित करता है, कानून लागू करता है और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उपग्रह इंटरनेट इस ढांचेके सामने नयी चुनौती खड़ी करता है। पारम्परिक दूरसंचार नेटवर्क देशके भीतर लगे टावरों, केबलों और अन्य अवसंरचनापर टिके होते हैं। उपग्रह आधारित नेटवर्क अंतरिक्षमें स्थित उपग्रहों और कई देशोंमें फैली तकनीकी प्रणालियोंसे चल सकते हैं। ऐसेमें यह पक्का करना होगा कि भारतीय उपयोगकर्ताओंका संचार यातायात निर्धारित भारतीय नेटवर्क और गेटवेसे गुजरे और सुरक्षा एजेंसियोंको वैधानिक परिस्थितियोंमें जरूरी जानकारी तथा निगरानीकी सुविधा मिले।

यह चिन्ता किसी एक कम्पनीतक सीमित नहीं है। कोई भी विदेशी संचालित नेटवर्क यदि भारतीय क्षेत्रमें व्यापक संचार सेवाएं देता है तो संकट, युद्ध या सुरक्षाकी आपात स्थितिमें उसपर वास्तविक नियंत्रणकी क्षमता होनी चाहिए। किसी खास क्षेत्रमें सेवा रोकने, वैधानिक निगरानी लागू करने और संवेदनशील डेटा सुरक्षित रखनेकी व्यवस्था अनिवार्य है। स्टारलिंकके मामलेमें इन शर्तोंका पालन कैसे सुनिश्चित होगा, यह देखना होगा। मामला एकआईके व्यापक परिदृश्यसे भी जुड़ा है। ये कम्पनियां केवल सेवा प्रदाता नहीं हैं। डेटाके संग्रह, विश्लेषण और उपयोगके जरिये वे आर्थिक और सामाजिक गतिविधियोंको प्रभावित करनेकी क्षमता भी रखती हैं। यदि सरकारें अपनी डिजिटल सेवाओंके लिए विदेशी कम्पनियोंपर निर्भर हो जायं तो उनकी नीतिगत स्वतंत्रता कमजोर पड़ सकती है। सेवा-शर्तोंमें बदलाव, तकनीकी प्रतिबंध या सेवा बाधित होनेका असर सार्वजनिक व्यवस्थापर गम्भीर हो सकता है। इसलिए प्रभावी कानूनी जवाबदेही भी शामिल होना चाहिए। बहसका एक पहलू उपभोक्ता और डेटा अर्थव्यवस्थासे जुड़ा है। दूरसंचार कम्पनियां, इंटरनेट सेवा प्रदाता और बड़ी प्रौद्योगिकी कम्पनियां जब अपनी सेवाओंका विस्तार करती हैं तो उन्हें केवल अधिक ग्राहक नहीं मिलते। उन्हें लोगोंके व्यवहार, रुचियों, सामाजिक संपर्कों और उपभोग की आदतोंसे जुड़े डेटातक पहुंच भी मिलती है। यह डेटा एआई माडलके प्रशिक्षण, एल्गोरिदमको सुधारने और भविष्यकी सेवाओंको अधिक व्यावसायिक बनानेके काम आता है। डेटा अब भविष्यकी डिजिटल अर्थव्यवस्थाकी सबसे कीमती पूंजी बन चुका है। इसमें बुनियादी विरोधाभास भी दिखता है। उपभोक्ता सेवाके लिए भुगतान करता है और साथ ही अपनी गतिविधियोंसे डेटा भी देता है। यानी वह ग्राहक होनेके साथ अनजानेमें उस डेटा अर्थव्यवस्थाका विषय भी बन जाता है, जिससे कम्पनियां अपने उत्पाद तैयार करती हैं। आगे चलकर बेहतर एल्गोरिदमसे उसकी जरूरतों और भुगतान क्षमताका आकलन कर अलग-अलग मूल्य निर्धारण जैसी रणनीतियां तैयार की जाती हैं। इस तरह उपभोक्ता वर्तमानमें कीमत चुकानेके साथ भविष्यमें अपने ही दोहनकी जमीन भी तैयार करता है।

राष्ट्रीय स्तरपर प्रश्न और गम्भीर हो जाता है। जब किसी देशकी बड़ी आबादीका डेटा विदेशी कम्पनियोंकेके हाथों लग जाता है तो वह केवल कारोबारतक सीमित नहीं रहता। उससे उस समाजके व्यवहार, राजनीतिक रुझानों और सांस्कृतिक गतिविधियोंको समझनेकी क्षमता भी मिल सकती है। एआई आधारित विश्लेषणसे इस जानकारीका उपयोग जनमतको प्रभावित करने, दुष्प्रचार फैलाने और संवैधानिक प्रक्रियाओंके प्रति भरोसा कम करनेमें हो सकता है। यदि देश विरोधी ताकतें या उससे समर्थित समूह ऐसी क्षमताओंका इस्तेमाल करे तो बिना सैन्य हस्तक्षेपके भी देशकी राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्थाको अस्थिर किया जा सकता है। भारत सहित अन्य देशोंके सामने एक सीधा सवाल है। जब नागरिक सेवाओंके लिए भुगतान भी कर रहे हैं और उनका डेटा कम्पनियोंके लिए अहम संसाधन भी बन रहा है तो क्या उसके संग्रहण, प्रसंस्करण और भंडारणपर संबंधित देशका प्रभावी नियामकीय नियंत्रण नहीं होना चाहिए। क्या डेटाको देशमें सुरक्षित रखने, उसके सीमापार हस्तांतरणको नियंत्रित करने और उसके उपयोगकी स्पष्ट कानूनी जवाबदेही तय करनेकी जरूरत नहीं है। फिर भी डिजिटल संप्रभुताको केवल डेटातक समेट देना उचित नहीं होगा। असली मकसद डेटाके भंडारण, परिवहन, सीमापार हस्तांतरण, पहुंच और दुरुपयोगसे सुरक्षापर प्रभावी नियंत्रण है। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी विदेशी सरकार या उसके प्रभावमें काम करने वाली संस्थाओंको नागरिकोंके संवेदनशील डेटातक अनधिकृत पहुंच न मिले। डेटाका देशमें संग्रहण अच्छी शुरुआत है, परन्तु उसके साथ मजबूत साइबर सुरक्षा, पारदर्शी डेटा-प्रबंधन, स्वतंत्र नियामकीय निगरानी और विदेशी हस्तक्षेपसे बचावके उपाय भी जरूरी हैं। एआई कम्पनियोंके बीच तेज होड़ इस चुनौतीको और पेंचीदा बनाती है। आगे निकलनेकी दौड़में डेटा सुरक्षा, पारदर्शिता और नैतिक जिम्मेदारीके पिछड़नेका खतरा है। सभी कम्पनियोंको एक ही तराजूपर तौलना भी उचित नहीं होगा, लेकिन केवल उनके आश्वासनोंके भरोसे रहना भी ठीक नहीं। स्वतंत्र सुरक्षा, स्पष्ट नियामकीय शर्तें और उल्लंघनपर जवाबदेही जरूर तय होनी चाहिए। स्टारलिंक विवाद हमें याद दिलाता है कि इक्कीसवीं सदीमें संप्रभुता केवल सीमाओंकी रक्षातक सीमित नहीं, बल्कि वह डेटा, संचार नेटवर्क, तकनीकी संसाधनों और निर्णय लेनेकी स्वतंत्रतासे भी जुड़ा है। किसी देशकी असली ताकत इससे तय होगी कि वह नयी तकनीकका लाभ उठाते हुए नागरिक अधिकारों और राष्ट्रीय हितोंकी कितनी प्रभावी तरीकेसे सुरक्षा कर पाता है।

यमुना एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा: दो पिकअप की भिड़ंत, सड़क पर खड़ी गाड़ी बनी काल; दो की मौत

मथुरा। यमुना एक्सप्रेसवे पर नौहझील के पास माइलस्टोन ६३ पर रविवार देर रात दो मैक्स पिकअप की भिड़ंत में बिहार निवासी दो लोगों की मौत हो गई। एक्सल टूटने के कारण सड़क पर खड़ी पिकअप में पीछे से दूसरी गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल चालक और परिचालक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। दूसरी पिकअप का चालक मौके से फरार हो गया, जबकि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। नौहझील थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर रविवार देर रात माइलस्टोन ६३ के समीप दो मैक्स पिकअप की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। एक पिकअप का एक्सल टूटने के कारण वह बीच सड़क पर खड़ी थी। इसी दौरान पीछे से आई दूसरी पिकअप ने उसमें टक्कर मार दी। हादसे में एक्सल टूटी मैक्स पिक अप के चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान दो लोगों ने दम तोड़ दिया, जबकि हादसे के बाद दूसरी पिकअप का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है व सूचना परिजनों को दी है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब १२ बजे यमुना एक्सप्रेसवे कंट्रोल रूम से माइलस्टोन ६३ पर गांव अवाखेड़ा-कटैलिया के बीच आगरा से नोएडा की ओर सड़क हादसे की सूचना मिली। थाना प्रभारी अंजीश कुमार और उपनिरीक्षक हरेंद्र तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि एक मैक्स पिकअप का एक्सल टूटने के कारण वह बीच सड़क पर खड़ी थी। चालक और परिचालक वाहन के पास खड़े थे। इसी दौरान पीछे से आई दूसरी मैक्स पिकअप ने खड़ी गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी नौहझील पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की शिनाख्त शिव शंकर और इंदल निवासी ग्राम मानपुर, जिला सीतामढ़ी बिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर किनारे खड़ा कराया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो गया। दुर्घटना करने वाली पिकअप का चालक मौके से फरार है। पुलिस के अनुसार, तहरीर मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में योगेन्द्र ट्रैजरी वाले वैश्य मित्र रजत पदक अवॉर्ड से सम्मानित



मथुरा। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यसमिति,साधारण आम सभा और सम्मान समारोह का आयोजन देश की राजधानी दिल्ली के रोहिणी स्थित होटल सेवन में में भव्यता और धूम धाम से किया गया स अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (प्ट१) का यह आयोजन वैश्य समाज की एकता, सामाजिक नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका को रेखांकित करने के संकल्प के साथ आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में मथुरा से अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य योगेन्द्र ट्रेजरी वालों को उत्तर प्रदेश से एकमात्र पहला वैश्य मित्र रजत पदक अवॉर्ड प्रदान किया गया स ट्रेजरी वालों को सम्मान में रजत पदक, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया और पटका और माला पहनाकर सम्मानित किया गया स समारोह में लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला मुख्य अतिथि तथा उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल अति विशिष्ट अतिथि के रूप में और भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज के तीन व्यक्तियों को रामदास सेवा सामना से सम्मानित किया गया स समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को वैश्य मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के माध्यम से शिक्षा,उद्योग,सामा. जिक सेवा,चिकित्सा,संस्कृति तथा जन कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों के योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ है दीप प्रज्ज्वलन किया और गणेश वंदना की प्रस्तुति के साथ किया गया। आई वी एफ के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि फेडरेशन का उद्देश्य समाज को संगठित करना ही नहीं बल्कि सेवा,संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से नई पीढ़ी को सशक्त बनाकर राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान देना है। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता,विपिन राम अग्रवाल,कोषाध्यक्ष राजीव मित्तल,महिला कार्यकारी अध्यक्षा श्रीमती मिथलेश अग्रवाल,मीरा मित्तल, विनीता अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने की और संचालन राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. अजय गुप्ता ने किया।

भाजपा की जिला स्तरीय बैठक में आगामी चुनावों की तैयारियों पर मंथन, 'अराजकता हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' मार्च को सफल बनाने की बनी रणनीति

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी जिला मथुरा की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक सोमवार को जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी चुनावों की तैयारियों, संगठन की मजबूती और पार्टी की आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही कल बरेली में आयोजित होने वाले 'अराजकता हटाओ, लो. कतंत्र बचाओ' विशाल मार्च को सफल बनाने के लिए भी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सत्यपाल चौधरी ने किया। बैठक की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि इसमें जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों ने सहभागिता की। जिला पदाधिकारियों सहित मोर्चों के अध्यक्ष रहे मौजूद। बैठक में जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे, जिला महामंत्री अमन ठाकुर, सत्यपाल चौधरी एवं आकाश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष जगमोहन पाठक, कमल वार्ष्णेय, अनिल चौधरी, मनीषा पाराशर, वीरचंद्र गुर्जर, मुकेश वार्ष्णेय एवं मुदिता शर्मा, जिला मंत्री ज्ञानेंद्र चौहान, अजय जाटव, रणवीर सिंह, भानु प्रताप, ओमप्रकाश सैनी एवं सुरेश तरकर तथा जिला कोषाध्यक्ष हुकुम चंद्र अग्रवाल सहित सभी मोर्चों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने कहा कि कार्यकर्ता पूरी तैयारी के साथ आमजन के बीच पहुंचें तथा २०१४ और २०१७ से पहले के शासनकाल की सच्चाई बताएं। आज के युवा जो उस समय १०-१२ साल के थे, उन्हें सपा की गुंडागर्दी के बारे में पता नहीं है। मथुरा के जवाहर बाग की घटना कोई नहीं भूला है, जहां सार्वजनिक पार्क पर अवैध कब्जा और खाली कराने गई टीम पर हमले में एक इंस्पेक्टर और एक अधिकारी की मृत्यु हुई थी।

धूमधाम से संपन्न हुआ प्रख्यात संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी का १३८वां प्राकट्य महोत्सव

आठ दिवसीय महोत्सव में भागवत कथा, विचार गोष्ठी, संत सेवा और विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

वृंदावन। वंशीवट स्थित संकीर्तन भवन में प्रख्यात संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी का आठ दिवसीय १३८वां प्राकट्य महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के अंतर्गत प्रख्यात भागवत प्रवक्ता गोपाल भैया के मुखारविंद से संगीतमय भागवत चरित कथा, विचार गोष्ठी, संत-विप्र एवं ब्रजवासी सेवा तथा वृहद भंडारे सहित विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। नाभा पीठ सुदामा कुटी के अध्यक्ष जगद्गुरु सुतिचन दास देवाचार्य की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें पीपा पीठाधीश्वर जगद्गुरु बाबा बलराम दास देवाचार्य महाराज, संत प्रवर गोविंदानंद तीर्थ, पुरुषोत्तम शरण महाराज, प्रख्यात साहित्यकार एवं यूपी रत्न डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, भजन सम्राट बनवारी महाराज, गोपाल भैया, विनय त्रिपाठी, मंगेश दुबे, आचार्य बद्रीश, श्रीमहंत फूलडोल बिहारी दास महाराज, सौरभ गौड़, बुद्धि प्रकाश शास्त्री, डॉ. रामदत्त मिश्रा तथा पंडित श्याम सुंदर ब्रजवासी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए उन्हें भारतीय वैदिक संस्कृति का संवाहक, युग प्रवर्तक तथा गोसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संत बताया। वक्ताओं ने कहा कि प्रभुदत्त ब्रह्मचारी ने अपने जीवन और कार्यों से भारतीय आध्यात्मिक परंपरा, वैदिक संस्कृति तथा गोसेवा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके आदर्श आज भी समाज को धर्म, सेवा और संस्कारों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर सभी ने संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी के १३८वें प्राकट्य महोत्सव पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। विचार गोष्ठी का संचालन पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने किया। महोत्सव के अंतर्गत संतों, विप्रों, वैष्णवों एवं ब्रजवासियों की सेवा के साथ वृहद भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें असंख्य श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। आठ दिवसीय इस महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से आए संत-महात्माओं, धर्माचार्यों, साहित्यकारों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। संपूर्ण आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

मथुरा में अहोईअष्टमी पर श्रद्धालुओं ने किया राधाकुंड में महास्नान: संतान प्राप्ति की कामना की, जय श्री राधे के जयकारे लगाए

मथुरा। जनपद के थाना गोवर्धन क्षेत्र के राधाकुंड में अहोई अष्टमी पर आधी रात को श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर महास्नान किया। उन्होंने राधा रानी के जयकारे लगाए और हाथ जोड़कर संतान प्राप्ति की मनोकामना मांगी। गोवर्धन परिक्रमा मार्ग स्थित राधाकुंड में महास्नान के लिए देर शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। स्नान करने के लिए दंपत्ति घाटों पर इंतजार करते रहे। करीब डेढ़ किलोमीटर के दायरे में फैले राधाकुंड के चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। घाटों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। रात में १२ बजते ही लोग कुंड में उतरने लगे। उन्होंने एक दूसरे का हाथ पकड़कर कुंड में डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने संतान सुख की कामना की। मान्यता के अनुसार, दंपत्तियों ने लाल कपड़े में बांधकर पेठे का फल राधाकुंड में अर्पित किया। दावा है कि एक लाख से अधिक लोगों ने स्नान किया है। मान्यता है कि अहोई अष्टमी की मध्यरात्रि में राधाकुंड में स्नान करने से निसंतान दंपत्तियों को संतान सुख मिलता है। गुजरात से आई कुसुम ने बताया कि उनकी शादी को ८ साल हो गए हैं, लेकिन अभी तक संतान सुख नहीं मिला। किसी ने राधाकुंड में स्नान की मान्यता के बारे में बताया था। इसी विश्वास के साथ यहां आई हैं। चंडीगढ़ से आए टीना और नीरज ने बताया कि उनकी शादी को ५ साल हो गए हैं। डॉक्टरों को भी दिखाया, लेकिन संतान नहीं हुई। परिवार के बुजुर्गों से राधाकुंड की मान्यता के बारे में पता चला तो यहां आने का फैसला किया। स्नान कर राधारानी से मनोकामना मांगी है। मध्यप्रदेश से आई रागिनी ने बताया कि भीड़ काफी थी, लेकिन पुलिस और स्थानीय लोगों ने अच्छा सहयोग किया। उन्हें लगा था कि इतनी भीड़ में परेशानी हो सकती है, लेकिन कुछ ही मिनट में स्नान करके बाहर आ गईं। जयपुर से आए नीरज चोपड़ा ने बताया कि बुजुर्गों से राधाकुंड की मान्यता के बारे में सुना था। यहां आकर अच्छे से स्नान किया। व्यवस्थाएं भी बेहतर रहीं। महास्नान को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पूरे मेला क्षेत्र को ४ सुपर जोन, १३ जोन और ३१ सेक्टर में बांटा गया था। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ३० होल्डिंग एरिया बनाए गए थे। डीआईजी आगरा शैलेश पांडे, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे हुए थे। श्रद्धालुओं को रोक-रोककर कुंड में स्नान के लिए भेजा गया।

राधाकुंड में स्नान करने आई बंगाल की महिला की मौत तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले गए थे परिजन, बेटे के साथ श्रद्धालुओं के जत्थे में आई थीं

मथुरा। गोवर्धन के राधाकुंड में सोमवार को अहोई अष्टमी पर स्नान करने आई पश्चिम बंगाल की ७६ वर्षीय महिला की मौत हो गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, महिला की मौत हृदय गति रुकने से हुई। वह करीब ६० श्रद्धालुओं के जत्थे के साथ राधाकुंड पहुंची थीं। मृतका की पहचान सावित्री प्रमानिक (७६), पत्नी नेतई प्रमानिक, निवासी पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। बताया गया कि स्नान के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सावित्री के बेटे गोकुल चंद प्रमानिक ने बताया कि उनकी मां श्रद्धालुओं के जत्थे के साथ अहोई अष्टमी पर स्नान करने राधाकुंड आई थीं। इसी दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई। डॉ. नीरज के मुता. बिक, महिला को अस्पताल लाया गया था, जहां जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अहोई अष्टमी पर राधाकुंड में स्नान का विशेष महत्व है। इस अवसर पर देश के अलग-अलग हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं।

वृंदावन के बाजारों में सफाई नहीं, कूड़े के ढेर लगे: वार्ड ५० में नालियां चोक होने की कगार पर; त्योहारों से पहले व्यापारी और श्रद्धालु परेशान

वृंदावन। वार्ड संख्या ५० के बाजारों में सफाई नहीं होने से दुक. ानों के सामने कूड़े के ढेर लगे हैं। नालियां भी चोक होने की कगार पर हैं। इससे व्यापारी परेशान हैं और कारोबार पर असर पड़ रहा है। व्यापारियों के मुताबिक, त्योहार नजदीक हैं और अधिक मास का महीना चल रहा है। बाजारों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ रही है, लेकिन गंदगी के कारण उन्हें भी परेशानी हो रही है। गोपीनाथ नगला, गोपीनाथ बाजार, राधारमण, निधिवनराज, केशीघाट और शाहजी मंदिर जाने वाले रास्तों पर गंदगी फैली है। इससे श्रद्धालुओं को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि इससे वृंदावन की छवि पर भी असर पड़ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि बाजारों में नियमित सफाई नहीं होने से ग्राहकों को भी परेशानी होती है। त्योहारों में बाजारों में भीड़ बढ़ती है, ऐसे में सफाई जरूरी है। उनका आरोप है कि नगर निगम प्रशासन पर्याप्त सफाई नहीं करा रहा है। व्यापारी चंद्रकांत, पप्पू माहौर, मनीष शर्मा और राजू ने नगर निगम प्रशासन से बाजारों में रोज सफाई कराने की मांग की है। उन्होंने नालियों की सफाई कर जल निकासी दुरुस्त करने को कहा है, ताकि श्रद्धालुओं को मंदिरों तक आने-जाने और व्यापारियों को कारोबार में परेशानी न हो।

अकादमी ब्रजभाषा की, किंतु ब्रज का प्रतिनिधित्व नहीं!

मथुरा। ब्रजभाषा साहित्य- संस्कृति क्षेत्र के विकास के लिए संस्कृति विभाग ने मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सूरदास ब्रजभाषा अकादमी का गठन किया है। ब्रज भाषा साहित्य- संस्कृति के क्षेत्र में पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया ने अकादमी के गठन पर खेद व्यक्त किया है कि अकादमी में एक भी ब्रजभाषा, ब्रजभाषी तथा ब्रज साहित्य- संस्कृति ज्ञाता न होने के कारण अकादमी का मूलभूत उद्देश्य पूर्ण नहीं हो सकेगा। उन्होंने मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से अकादमी में ब्रजभाषा साहित्य एवं संस्कृति विषयक विद्वानों को सम्मिलित किये जाने का आग्रह किया है।

स्मोकिंग का विरोध करने पर उपद्रवियों ने टेंट व्यापारी के मकान पर किया पथराव, इलाके में दहशत लोई बाजार में दबंगई का मामला आया सामने, घर के बाहर धूम्रपान करने से रोकने पर भड़के युवक,

वृंदावन। धर्मनगरी वृंदावन के बेहद व्यस्त और भीड़भाड़ वाले व्यावसायिक क्षेत्र लोई बाजार में दबंगई का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घर के बाहर स्मोकिंग करने का विरोध करना एक टेंट व्यापारी को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध से नाराज कुछ बेखौफ युवकों ने व्यापारी के मकान को निशाना बनाते हुए जमकर पथराव कर दिया। अचानक हुई पत्थरबाजी से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि घर के बाहर धूम्रपान करने से मना करने पर युवकों का विवाद हुआ, जिसके बाद उन्होंने अपना आपा खो दिया और व्यापारी के मकान पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। घटना से आसपास के व्यापारियों और स्थानीय निवासियों में भी आक्रोश व्याप्त है। व्यस्त बाजार क्षेत्र में इस तरह खुलेआम गुंडागर्दी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और बाजार क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की मांग की है।

डीएम ने किया उपजिलाधिकारियों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनहित एवं शासकीय कार्यहित में पांच प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से नई तैनाती लागू कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार सुश्री सलोनी गौतम को उप जिलाधिकारी (न्यायिक) गोवर्धन बनाया गया है। संजय सिंह को उप जिला मजिस्ट्रेट गोवर्धन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साक्षी शर्मा को उप जिला मजिस्ट्रेट छाता बनाया गया है। अखिलेश कुमार को उप जिलाधिकारी (न्यायिक) महावन और अश्वनी कुमार को उप जिलाधिकारी (न्यायिक) सदर मथुरा के पद पर तैनात किया गया है। जिलाधिकारी ने आदेश में स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी। संबंधित अधिकारियों को नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

मथुरा में अतिक्रमण पर नगर निगम की कार्रवाई: १४,५०० रुपए जुर्माना वसूला, ४ ड्रम, इलेक्ट्रिक तराजू और ६ बोर्ड-बैनर जब्त

मथुरा में सड़कों और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सोमवार को नगर निगम ने अभियान चलाया। प्रवर्तन दल ने भूतेश्वर तिराहे से जन्मभूमि गेट नंबर-१, डीग गेट सब्जी मंडी और मसानी रोड तक कार्रवाई की। अभियान के दौरान सड़क किनारे दुकान लगाने और रास्ता घेरकर सामान रखने वालों को हटाया गया। टीम ने अतिक्रमण में इस्तेमाल हो रहे सामान को जब्त किया और नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया। नगर निगम की इस कार्रवाई में कुल १४,५०० रुपए का जुर्माना लगाया गया। टीम ने ४ ड्रम, एक लोहे की कुर्सी, इलेक्ट्रिक तराजू और ६ बोर्ड-बैनर समेत अन्य सामान जब्त किया। इन इलाकों में चलाया अभियान-नगर निगम के प्रवर्तन दल ने भूतेश्वर तिराहे से अभियान शुरू किया। इसके बाद जन्मभूमि नंबर-१ गेट, डीग गेट सब्जी मंडी, अग्रसेन चौक, मसानी रोड और परिक्रमा मार्ग तक कार्रवाई की गई। टीम ने सड़क किनारे अस्थायी दुकान लगाने और सार्वजनिक जगहों पर सामान रखकर रास्ता घेरने वालों को हटवाया। अतिक्रमण में इस्तेमाल हो रहे सामान को भी जब्त किया गया। १४,५०० रुपए का लगाया जुर्माना- कार्रवाई के दौरान टीम ने ४ ड्रम, एक लोहे की कुर्सी, एक इलेक्ट्रिक तराजू और ६ बोर्ड-बैनर जब्त किए। इसके अलावा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कुल १४,५०० रुपए का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम का कहना है कि शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी नहीं होगी और यातायात व्यवस्था भी बेहतर रहेगी। नगर निगम ने दुक. ानदारों और रेहड़ी-पटरी संचालकों से निर्धारित जगह पर ही सामान रखने की अपील की है। अधिकारियों के मुताबिक, अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आगे भी जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई जारी रहेगी।

मथुरा में यम द्वितीया पर घाटों पर तैनात होंगे गोताखोर-स्टीमर: महिला-पुरुषों के लिए अलग चेंजिंग रूम बनेंगे; ११ नवंबर को होगा पर्व

मथुरा। जनपद ११ नवंबर को मनाए जाने वाले यम द्वितीया पर्व को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए यमुना के दोनों किनारों के घाटों पर विशेष इंतजाम किए जाएंगे। घाटों पर बैरिकेडिंग के साथ गोताखोर और स्टीमर तैनात होंगे। गहरे पानी वाले स्थानों पर चेतावनी संकेतक लगाए जाएंगे। सोमवार को भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने अधिकारियों और पार्षदों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। नगर आयुक्त ने जलकल, प्रकाश, निर्माण और स्वास्थ्य विभाग को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग कराई जाएगी। गोताखोरों और स्टीमर की तैनाती के साथ लाइफ जैकेट और अन्य सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे। गहरे पानी वाले स्थानों पर चेतावनी संकेतक और बैनर लगाए जाएंगे। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग पूरी तरह ढके चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे। इसके अलावा घाटों पर खोया-पाया शिविर भी लगाए जाएंगे। नगर आयुक्त ने घाटों की सफाई, मरम्मत, सजावट और प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। घाटों और उनसे जुड़े रास्तों पर २४ घंटे सफाई कराई जाएगी। नियमित रूप से चूना छिड़काव भी होगा। जलभराव रोकने के लिए नालियों की सफाई और मरम्मत कराने के साथ पेयजल के टैंकर और मोबाइल शौचालय उपलब्ध कराने को कहा गया है। मुख्य अभियंता निर्माण को घाटों और आसपास की दीवारों पर वॉल पेंटिंग कराने के निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं के आवागमन वाले रास्तों पर जरूरत के मुता. बिक पैचवर्क भी कराया जाएगा। इसके साथ ही गंगा दशहरा से पहले यमुना से गाद हटाने का काम पूरा कराने को कहा गया। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त सुनीता सिंह और प्रियंका सिंह, अनिल कुमार, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, मुख्य अभियंता संजय सिंह, महाप्रबंधक जल मोहम्मद अनवर ख्वाजा और नगर स्वास्थ्य अधिकारी रामगा. पाल सिंह सहित पार्षद और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी के निर्देश पर सीडीओं ने शिक्षकों के प्रमोशन आदेश किया निरस्त 30 अप्रैल 2025 की श्रेष्ठता सूची के आधार पर हुए थे प्रमोशन

प्रमोशन के नाम पर घाल-मेल को लेकर जिलाधिकारी गंभीर

मथुरा। मुख्य विकास अधिकारी डॉ० पूजा गुप्ता ने अवगत कराया है कि सचिव उ०प्र० बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज तथा संशोधित शासनादेश द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में विशेष अपील संख्या ६५२/२०२४ में पारित आदेश दिनांक ३०.०४.२०२५ के आलोक में जनपद की ज्येष्ठता सूची के आधार पर सहायक अध्यापकों द्वारा प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थापित / तैनात किये जाने के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा द्वारा पदस्थापना / संशोधित पदस्थापना आदेश निर्गत किये गये थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के उपरोक्त आदेशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ० पूजा गुप्ता के विभागीय सी०यू०जी० नम्बर पर विभिन्न माध्यमो से प्राप्त शिकायतों एवं दिनांक ३१.१०.२०२६ को समाचार पत्र में प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाने के नाम पर तैनाती का खेल १४२ शिक्षकों की सूची पर सवाल प्रकाशित हुई है। अतः जिलाधिकारी मथुरा के अनुमा. देन दिनांक ०२.११.२०२६ के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा द्वारा उपरोक्त निर्गत किये गये आदेशों के क्रम में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के फलस्वरूप सहायक अध्यापकों को प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थापित / तैनात किये जाने के निर्गत आदेशों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। साथ ही उपरोक्त सूची में पदस्थापित / तैनात किये गये समस्त अध्यापकों को निर्देशित किया जाता है कि वह पूर्व की भांति अपने मूल विद्यालय में तैनात रहकर शिक्षण कार्य करना सुनिश्चित करेंगें। उपरोक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाये।

मथुरा में यातायात जागरूकता अभियान शुरू:प्रशासन ने रेलवे ग्राउंड से हरी झंडी दिखाई

मथुरा। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को यातायात माह नवंबर का शुभारंभ किया गया। धौलीप्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड (ब्रजरज उत्सव स्थल) पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता अभियान को रवाना किया। इस दौरान एसपी ट्रैफिक, एसपी सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट सहित पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। थोड़ी सी लापरवाही सड़क पर बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए वाहन चलाते समय सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। अधिकारियों ने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने और कार चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने की अपील की। इसके साथ ही वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने और नशे की हालत में गाड़ी नहीं चलाने के लिए जागरूक किया गया। पैदल चलने वालों की सुरक्षा का ध्यान रखने तथा सड़क पार करते समय सावधानी बरतने का भी संदेश दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशन में पूरे नवंबर माह यातायात जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत विभिन्न माध्यमों से वाहन चालकों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को जागरूकता और जिम्मेदार व्यवहार से काफी हद तक रोका जा सकता है।

महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी



हाथरस। ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल बाल विवाह ब्लाक टास्क फोर्स की बैठक में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल व मुख्य विकास अधिकारी पीएन दीक्षित के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सीमा मौर्या के नेतृत्व में विकास खंड सासनी में ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह ब्लाक टास्क फोर्स की बैठक खंड विकास अधिकारी अनुज मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें उनके द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। खंड बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ ही बालक बालिकाओं को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।

आईसीडीएस विभाग से प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी स्मृति दुबे द्वारा मातृ वंदना योजना एवं ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों को सक्रिय करने और नियमित बैठक करने के साथ ब्लाक स्तरीय अगली त्रैमासिक बैठक में सुरक्षा एवं संरक्षण की आवश्यकता की श्रेणी में आने वाले बच्चों को चिन्हित कर कार्यवृति प्रस्तुत करने के लिए आश्वस्त किया गया।

वन स्टाप सेंटर की सेन्टर मेनेजर मनीषा भारद्वाज ने वन स्टाप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं कानूनी सहायता, अस्थाई आश्रय, मनोसामाजिक परामर्श, चिकित्सीय सहायता एवं पुलिस सहायता के साथ घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम एवं पोश एक्ट 2013 के साथ वन स्टाप सेंटर में आने वाले प्रकरणों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

सहायक विकास अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक अजब सिंह, मुख्य सेविका कुर्कुकी रानी, आउटरीच कार्यकर्ता बंटी कुशवाह एवं विकास खंड की आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थिति रहीं।

रुहेरी-रहना रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से फर्नीचर कारीगर की मौत, तीन बच्चों को छोड़ गया राजेश

हाथरस। हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र में रुहेरी-रहना रोड पर देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार सुबह करीब 10 बजे मृतक की पहचान होने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान राजेश (35 वर्ष) पुत्र निवासी मोहल्ला श्रीनगर नई बस्ती, थाना कोतवाली हाथरस गेट के रूप में हुई है। राजेश फर्नीचर का काम करते थे। मिली जानकारी के अनुसार वह रविवार को हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गांव रहना में अपनी ससुराल गए हुए थे। देर रात वहां से बाइक पर घर लौटते समय रुहेरी-रहना रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सोमवार सुबह करीब 10 बजे राजेश की पहचान होने पर उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। राजेश अपने पीछे तीन संतानों को छोड़ गए हैं। पिता की मौत की खबर से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बच्चों के सिर से पिता का साया उठने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस फरार अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी है।

त्योहारों पर हाथरस के बाजारों में रहेगा ई-रिक्शा, टेंपो एवं अन्य भारी/मध्यम वाहनों का प्रतिबंध, 12 प्रमुख स्थानों पर लगेंगे बैरियर

3 से 12 नवंबर तक सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक लागू रहेगा यातायात डायवर्जन

हाथरस। आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर के बाजारों में भीड़भाड़ और जाम की समस्या से निपटने के लिए हाथरस पुलिस ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। इसके तहत 3 नवंबर से 12 नवंबर 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक बाजारों की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर ई-रिक्शा, टेंपो और अन्य भारी एवं मध्यम वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान शहर के 12 प्रमुख डायवर्जन प्वाइंटों पर बैरियर लगाकर वाहनों को बाजारों में प्रवेश करने से रोका जाएगा। सासनी गेट चौराहा से कमला बाजार की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पेट्रोल पंप, तालाब चौराहा पंजाबी मार्केट की ओर प्रवेश नहीं मिलेगा। महिला थाने के सामने मोहनगंज घंटाघर की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। बांस मंडी चौराहा घंटाघर की ओर वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। घास मंडी तिराहा घंटाघर की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। बुर्ज वाला कुआं तिराहा बाजार की ओर प्रवेश बंद रहेगा। चूना वाला डंडा तिराहा बाजार की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। चामड़ गेट चौराहा घंटाघर बाजार की ओर प्रवेश नहीं मिलेगा। देवेन्द्र अग्रवाल मिष्ठान चौराहा घंटाघर बाजार की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। जामा मस्जिद चौराहा घंटाघर बाजार की ओर वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। नयागंज चौराहा निर्धारित बैरियर से प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सादाबाद गेट चौराहा निर्धारित बैरियर से वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। हाथरस पुलिस ने ई-रिक्शा, टेंपो संचालकों और अन्य वाहन चालकों से निर्धारित अवधि में यातायात डायवर्जन का पालन करने की अपील की है। आमजन से भी अनुरोध किया गया है कि त्योहारों के दौरान बाजारों में अनावश्यक रूप से वाहन लेकर न जाएं और यातायात पुलिस एवं डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करें। पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य त्योहारों के दौरान बाजारों में भीड़ और जाम से बचाव करना, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा आवागमन को सुगम बनाए रखना है।

लेखाकार पर हमला, गाड़ी का शीशा तोड़ा, जान से मारने की धमकी देने का आरोप

काली स्कार्पियो सवार लोगों पर हमले का आरोप, दी तहरीर

■ **गाड़ी पर एक पार्टी का बैनर और युवक का नाम लिखे होने की बात आई सामने**

हसायन। हसायन व सिकन्द्राराऊ विकास खंड कार्यालय में तैनात लेखाकार पर काली स्कार्पियो सवार कुछ युवकों पर हमला करने और उनकी गाड़ी का पिछला शीशा पत्थर मारकर तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में लेखाकार ने कोतवाली हाथरस जंक्शन में लिखित तहरीर देते हुए न्यायोचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। लेखाकार पुरुषोत्तम सिंह पुत्र स्वरूप पोखपाल सिंह निवासी नगला जहरू थाना सासनी कोतवाली ने कोतवाली हाथरस जंक्शन में घटना की लिखित तहरीर देते हुए जानकारी देते हुए बताया कि वह हसायन और सिकन्द्राराऊ विकास खंड कार्यालय में लेखाकार के पद पर कार्यरत हैं। उन्होने बताया कि वे 31 अक्टूबर दिन शनिवार को समय करीब साढे सात बजे विकास खंड कार्यालय हसायन से सरकारी कार्य निपटाकर अपने घर वापस लौट रहे थे, इसी दौरान सलेमपुर के पास स्थित रेलवे फाटक बंद होने के कारण वे वहां रुक गए, तभी मेरी गाडी के समक्ष ही काले कलर की एक स्कार्पियो खडी हुई थी, जिसके पीछे शीशे पर एक युवक का नाम लिखा हुआ था, गाडी पर यूपी ब्यासी नंबर अंकित था उसके आगे का नंबर नही मालूम।

जैसे ही रेलवे फाटक खुला और उन्होंने अपने ड्राइवर से गाड़ी आगे निकालने कहा तो जैसे ही ड्राइवर ने गाडी आगे बढ़ाई। तभी पीछे से आई एक काले कलर की एक स्कार्पियो में सवार कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी के पिछले शीशे पर पत्थर मार दिया, जिससे शीशा टूट गया। स्कॉर्पियो सवार युवकों ने उनके साथ हमला करने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी भी दी। लेखाकार पुरुषोत्तम ने बताया कि हमलावरों की गाड़ी पर एक राजनैतिक दल की पार्टी का बैनर लगा हुआ था। जिस पर सलेमपुर के रहने वाले एक युवक का नाम लिखा हुआ था। उन्होने मौके से ही डायल एक सौ बारह पुलिस को घटना की जानकारी दी। डायल एक सौ बारह पुलिस को घटना की जानकारी देने के बाद वह अपनी जान बचाने के लिए वह वहां से निकल गए। घटना के संबंध में लेखाकार पुरुषोत्तम सिंह द्वारा थाना हाथरस जंक्शन में लिखित तहरीर दी गई है। लेखाकार ने बताया कि उक्त मार्ग से हर रोज मेरा आना जाना रहता है। उपरोक्त युवक कभी भी मेरे साथ कोई अनहोनी घटना को अंजाम दे सकते है।

मुख्यमंत्री ने समाजसेवी प्रवीन वार्ष्णेय एवं विजेन्द्र सिंह को पत्र भेजकर सामाजिक कार्यों की सराहना की

हाथरस। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस के समाजसेवी एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता प्रवीन वार्ष्णेय को पत्र भेजकर उनके सामाजिक सरोकारों, जनसेवा के प्रति समर्पण और जरूरतमंदों की आवाज उठाने के प्रयासों की सराहना की है। पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक समाज की शक्ति उन नागरिकों से बढ़ती है, जो निस्वार्थ भाव से समाज के हित में कार्य करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति और सरकार के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं। वे समाज की समस्याओं को समझकर जरूरतमंदों की आवाज उचित मंच तक पहुंचाते हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में प्रदेश में कानून-व्यवस्था में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन सरकार बनने के बाद कानून के राज को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई तथा अपराधियों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रवीन वार्ष्णेय से अपेक्षा व्यक्त की कि वे अपने सामाजिक जुड़ाव के माध्यम से सरकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के साथ-साथ जनता की समस्याओं और सुझावों को सरकार तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

वहीं जुल्म के खिलाफ आवाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एससी, एसटी अत्याचार निवारण डिस्ट्रिक्ट विजिलेंस एंड मॉनेरेटिंग कमेटी के सदस्य चौधरी विजेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री ने पत्र भेजा है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चौधरी विजेंद्र सिंह के समाज सेवा के समर्थक भाव और अन्याय जुल्म के खिलाफ मुखर होकर आवाज उठाने के साहसी संघर्ष को सम्मानित करते हुए प्रेरणादाई शुभकामनाऐं दी हैं। इस महत्वपूर्ण सरहाना और प्रोत्साहन के लिए श्री सिंह ने मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है।

माटी कला आयोग की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एडीएम को भेंट किया दीप

हसायन। राष्ट्रीय हिंदू साम्राज्य उत्तर प्रदेश के महासचिव एवं प्रतिनिधि रमेश कुमार प्रजापति के नेतृत्व में सोमवार दो नवंबर को जिलाधिकारी कार्यालय के परिसर में संगठन के पदाधिकारियों ने अपर जिलाधिकारी (एडीएम) प्रकाश चन्द से मुलाकात कर उन्हें दीप भेंट किया। माटी कला आयोग के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री ओमप्रकाश गोला के नेतृत्व में माटी कला आयोग द्वारा संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के विषय में चर्चा की गई। भाजपा उत्तर प्रदेश की नव नियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी एवं कार्यसमिति से जुड़े राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र कुमार प्रजापति, राष्ट्रीय हिंदू साम्राज्य के जिलाध्यक्ष अर्जुन कुमार प्रजापति, मुकुट प्रजापति एवं राजा प्रजापति सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने माटी कला से जुड़े कारीगरों एवं प्रजापति समाज के लोगों तक आयोग की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने तथा उन्हें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने पर जोर दिया।

जर्जर हालत में पहुंचा सादाबाद का किसान भवन, चहुंओर उगी झाड़ियां, थप रहे कंडे

दीवारों से झड़ रहा सीमेंट, सरिया आई बाहर, परिसर में गंदगी और झाड़ियों का अंबार, शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

सादाबाद। किसानों की सुविधा और सामाजिक गतिविधियों के लिए बनाया गया किसान भवन आज खुद बदहाली के आंसू बहा रहा है। देखरेख के अभाव में भवन की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। भवन की छत और दीवारों से कई स्थानों पर सीमेंट झड़ चुका है और सरिया बाहर दिखाई देने लगी हैं। परिसर में लगा हैंडपंप भी खराब पड़ा है। पूरे परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है और जगह-जगह झाड़ियां उग आई हैं। भवन परिसर में कंडे थापे जा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी शिकायत है कि शाम होते ही परिसर में शराब पीने वालों का जमावड़ा लगने लगता है। सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल की जिला



उपाध्यक्ष डॉ. अनीता उपाध्याय ने किसान भवन पहुंचकर उसकी बदहाल स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जिले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से भवन की मरम्मत कराने तथा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। डॉ. अनीता उपाध्याय ने बताया कि किसान भवन का निर्माण पूर्व विधायक स्व. रामसरन आर्य ने किसान हित में कराया था, ताकि यहां किसानों की बैठकें, सामाजिक कार्यक्रम और किसान कल्याण से जुड़े आयोजन हो सकें। लेकिन उचित देखरेख के अभाव में भवन अपनी



उपयोगिता खोता जा रहा है। उन्होंने मांग की कि किसान भवन की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराई जाए। यहां बिजली और पानी की समुचित व्यवस्था की जाए तथा परिसर की नियमित साफ-सफाई कराई जाए, जिससे किसान भवन का उपयोग किसानों की बैठकों और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए दोबारा किया जा सके। इस दौरान डॉ. राजेश उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

खाद्य विभाग की टीम ने बर्फी व खोया के भरे तीन सैंपिल



हाथरस। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उप्रलखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मनोज कुमार सिंह तोमर के आदेश व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में आगामी त्योहार के दृष्टिगत पंत चौराहा सिकन्द्राराऊ हाथरस स्थित कमल कुमार की दुकान का निरीक्षण कर 1 बर्फी का नमूना, पंत चौराहा सिकन्द्राराऊहाथरस स्थित-विपिन यादव की दुकान से 1 बर्फी का नमूना व पंत चौराहा सिकन्द्राराऊ हाथरस स्थित हरी सिंह की दुकान से 1 खोया का नमूना जांच हेतु संग्रहीत कर प्रयोगशाला भेजा गया। उक्त तीनों नमूने संग्रहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्ति के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी यदुवीर सिंह, पारूल सिंह, भरत सिह उपस्थित रहे। मिलावट खाद्य पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

खेल प्रतियोगिताओं में सरस्वती शिशु मंदिर सादाबाद के विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम, कई पदक जीते

कबड्डी में दोनों वर्गों ने हांसिल किया द्वितीय स्थान, कुश्ती और एथलेटिक्स में भी विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन



सादाबाद। विद्या भारती के बैनर तले सरस्वती शिशु मंदिर, सिकंदराराऊ में आयोजित संकुल स्तरीय एथलेटिक्स एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में सरस्वती शिशु मंदिर सादाबाद के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विभिन्न खेल स्पधाओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का परिचय देते हुए कई स्थान हासिल किए। प्रतियोगिता में सादाबाद के अलावा सरस्वती शिशु मंदिर लेबर कॉलोनी हाथरस, मुरसान और सिकंदराराऊ के कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 100, 200 और 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, रिले रेस, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और शतरंज सहित विभिन्न खेल आयोजित किए गए। सादाबाद विद्यालय की अंडर-11 बालिका कबड्डी टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम में पलक गौतम, प्रियांशी, तनु, आयुषी वर्मा, गौरी शर्मा, धानी, अनन्या सिंह, भावना और गौरी दीक्षित शामिल रहीं। वहीं अंडर-11 बालक कबड्डी टीम ने भी द्वितीय स्थान हासिल किया। टीम में ध्रुव चैधरी, पृथ्वी चैहान, अभिमन्यु, उमंग, लक्ष्य दत्त, प्रशांत, शिवांश और उत्कर्ष गौतम ने शानदार प्रदर्शन किया। कुश्ती प्रतियोगिता में भरत ने 30 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिंस ने 33 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया। एथलेटिक्स में शिवम ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय और प्रियांशु ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रियांशु ने लंबी कूद और ऊंची कूद दोनों स्पधाओं में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय लौटने पर सभी विजेता विद्यार्थियों का व्यवस्थापक दाऊ दयाल अग्रवाल ने सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ खेल भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास के साथ अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह सिसोदिया ने प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों, आचार्य बंधुओं और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

ट्रैक्टर-मोटरसाइकिल की भिड़ंत में तीन युवक घायल, एक रेफर

सादाबाद। आगरा-अलीगढ़ राजमार्ग पर कुरसंडा मोड़ के निकट सोमवार को ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन युवक राहुल गोला, शुभांशु परमार और विष्णु शर्मा निवासी गुलाब नगर, टेढ़ी बगिया (आगरा) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिचित ने तीनों को सीएचसी सादाबाद पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पैर में गंभीर फ्रैक्चर होने के चलते राहुल गोला को हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि अन्य दोनों घायलों का उपचार किया गया। बताया गया है कि तीनों युवक दवा लेने के लिए सादाबाद आ रहे थे।

खेत में तारबंदी करते समय पूर्व सैनिक की हार्ट अटैक से मौत, परिवार में मचा कोहराम

आवारा पशुओं से गेहूं की फसल बचाने के लिए खेत पर गए थे रवेंद्र सिंह, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

सादाबाद। क्षेत्र के गांव थलूगढ़ी में खेत पर गेहूं की फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए तारबंदी कर रहे सेना के सेवानिवृत्त हवलदार की अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार गांव थलूगढ़ी निवासी रवेंद्र सिंह फौजी (60 वर्ष) पुत्र सुल्तान सिंह सेना में हवलदार के पद से सेवानिवृत्त थे। उनके भतीजे चंद्रपाल ने बताया कि रवेंद्र सिंह ने अपने खेत में गेहूं की फसल बोई थी। फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए वह खेत के चारों ओर तारबंदी करने पहुंचे थे। इसी दौरान वह करीब चार-पांच खंभे गाड़ चुके थे कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें दिल



का दौरा पड़ गया। उन्हें अचानक गिरता देख आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर परिजनों को सूचना दी।

परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए आगरा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। र

वेंद्र सिंह अपने पीछे एक पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा



परिवार छोड़ गए हैं। चारों बच्चों की शादी हो चुकी है।

उनके निधन से पत्नी शकुंतला देवी, पुत्र पंकज कुमार, पुत्रवधू और दो बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक फौजी के असमय निधन से परिवार के साथ गांव में भी शोक का माहौल है। जाट रेजीमेंट के अधिकारियों ने पूर्व सैनिक को अंतिम विदाई दी। गांव निवासी बनी सिंह पहलवान, डॉ. बच्चू सिंह, अजयपाल नंबरदार आदि ने घटना पर दुख जाहिर किया है।

65 की उम्र में भी दौड़ का जुनून बरकरार, मोहन सिंह आर्य ने तीन पदक जीतकर बढ़ाया सादाबाद का गौरव

मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण, 5000 मीटर में कांस्य और 10 हजार मीटर में जीता रजत पदक

सादाबाद। उम्र महज एक संख्या है और अगर हौसले बुलंद हों तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस कहावत को सादाबाद के अंतरराष्ट्रीय एथलीट मोहन सिंह आर्य ने एक बार फिर सच साबित कर दिखाया है। लखनऊ में आयोजित 34वीं उत्तर प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से तीन पदक जीतकर आगरा मंडल और सादाबाद का नाम रोशन किया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के खेल मैदान पर 31 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। प्रतियोगिता में आगरा मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए मोहन सिंह आर्य ने 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में हिस्सा लिया। उन्होंने 400 मीटर दौड़ में बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि 10 हजार मीटर दौड़ में रजत और 5000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मूल रूप से हाथरस जिले के सादाबाद क्षेत्र के गांव मंस्या खुर्द निवासी मोहन सिंह आर्य भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल), आगरा में मुख्य लेखाधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी खेल के प्रति उनका जुनून और नियमित अभ्यास उन्हें लगातार सफलता दिला रहा है। तीन पदक जीतकर उन्होंने न केवल क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है, बल्कि युवाओं और बुजुर्गों के लिए भी प्रेरणादायक संदेश दिया है।



स्कूटी में टक्कर मारकर दुकानदार से मारपीट, लाठी-डंडों और सरियों से किया हमला

सादाबाद। क्षेत्र के गांव कुरसंडा में स्कूटी से दुकान पर जा रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही तीन लोगों सहित अन्य अज्ञात व्यक्तियों पर स्कूटी में टक्कर मारने, लाठी-डंडों और सरियों से हमला करने, मोबाइल फोन तोड़ने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए सादाबाद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव कुरसंडा निवासी नीरज कुमार पुत्र महेंद्र सिंह ने रिपोर्ट में बताया कि 2 नवंबर की सुबह करीब 9.30 बजे वह अपनी स्कूटी से कुरसंडा मोड़ स्थित मंडी समिति में अपनी दुकान पर जा रहे थे। रास्ते में जगवीर सिंह की दुकान के सामने गांव के अजीत कुमार ने अपनी अपाचे बाइक से उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े। आरोप है कि इसके बाद अजीत कुमार, मनवीर सिंह और जगवीर सिंह सहित कुछ अज्ञात लोग लाठी-डंडे और सरिया लेकर मौके पर पहुंच गए।

अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के विरोध में हड़ताल, नारेबाजी

दी बार एसोसिएशन सादाबाद के बैनर तले जताया विरोध, मुकदमा निरस्त कराने की उठाई मांग

सादाबाद। दी बार एसोसिएशन सादाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र पाराशर और उनके पुत्र के खिलाफ कोतवाली सादाबाद में मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में सोमवार को अधिवक्ताओं ने विरोध जताया। इस प्रकरण को लेकर सादाबाद, जिला बार एसोसिएशन हाथरस सहित पांच बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सांकेतिक रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहे। दी बार एसोसिएशन सादाबाद के अध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित एडवोकेट ने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र पाराशर और उनके पुत्र के खिलाफ कोतवाली निरीक्षक द्वारा बीएनएस की धारा 61(2) और आईटी एक्ट की



धारा 67 में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि संबंधित तहरीर के आधार पर कोई अपराध नहीं बनता और मुकदमा गलत तरीके से दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के विरोध में जिला बार एसोसिएशन हाथरस, सिकंदराराऊ बार, सादाबाद बार, रेवेन्यू बार और कलेक्ट्रेट बार के अधिवक्ता सांकेतिक रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहे। एसोसिएशन की ओर से मांग की गई कि मामले का निष्पक्ष परीक्षण कराते हुए मुकदमे को निरस्त कराया जाए। इस संबंध में अधिकारियों से कोतवाली प्रभारी को आवश्यक निर्देश देने की अपेक्षा की गई है।

फिरोजाबाद में यातायात माह का शुभारंभ, एसएसपी ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी







फिरोजाबाद। जनपद में यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद ने यातायात माह नवम्बर-2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स एवं एसएमके इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी यातायात सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। एसएसपी ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, तीन सवारी न बैठाने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, बिना नंबर प्लेट वाहन न चलाने, नशे में ड्राइविंग से बचने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सड़क पर बाईं ओर चलने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की अपील की। इसके बाद एसएसपी ने एनसीसी कैडेट्स एवं स्कूली छात्र-छात्राओं की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विवेकानन्द चैराहा से नालबंद चैराहा तक निकाली गई, जिसके माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात माह के दौरान जनपद के विभिन्न विद्यालयों, प्रमुख चैराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। फिरोजाबाद पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहने और दूसरों को भी सुरक्षित रखने की अपील की है।

मोदीनगर रेलवे लाइन के किनारे चेकिंग में थाना दक्षिण पुलिस ने युवक को अवैध चाकू सहित दबोचा



फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दक्षिण पुलिस ने चेकिंग के दौरान बन्टू पुत्र दयाचन्द्र निवासी गौतमनगर, हिमायूंपुर को मोदीनगर रेलवे लाइन के किनारे से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी दक्षिण योगेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस ने की गई कार्रवाई में आरोपी के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया। बरामदगी के आधार पर थाना दक्षिण में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी मारपीट और अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेजा जा रहा है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दक्षिण योगेन्द्रपाल सिंह, उपनिरीक्षक मो. अकरम, उपनिरीक्षक गुलफाम, कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह और कुलदीप शामिल रहे।

साइबर ठगों से फिरोजाबाद पुलिस ने वापस कराए 1.23 लाख, 8 पीड़ितों को मिली राहत

फिरोजाबाद। साइबर अपराध के खिलाफ फिरोजाबाद पुलिस की साइबर सेल ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए ठगी के 8 मामलों में पीड़ितों को कुल 1,23,905 रुपये वापस कराए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में टीम ने एमआरएम पोर्टल के माध्यम से संबंधित बैंकों और भुगतान माध्यमों से समन्वय कर धनराशि वापस कराई। इनमें राहुल सिंह को 41,347 रुपये, मोहम्मद आलिम को 25,368 रुपये, निखिल गुप्ता को 6,000 रुपये, जीसान को 6,156 रुपये और रेखा को 39,803 रुपये शामिल हैं। तीन अन्य पीड़ितों को भी 5,231 रुपये वापस मिले। पुलिस ने साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत करने और ओटीपी व बैंकिंग गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करने की अपील की है।

फरिहा पुलिस की कार्रवाई, अपहृता किशोरी सकुशल बरामद; वांछित आरोपी मोहित गिरफ्तार

फिरोजाबाद। फरिहा थाना पुलिस ने अपहरण के मामले में कार्रवाई करते हुए अपहृता किशोरी को सकुशल बरामद कर एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी मोहित पुत्र बृजेश निवासी दादुपुर, थाना मटसेना को गिरफ्तार किया है। मामला थाना फरिहा में दर्ज मुकदमा से संबंधित है, जिसमें पॉक्सो एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

फिरोजाबाद में निजी अस्पतालों की आईसीयू सेवाओं पर स्वास्थ्य विभाग सख्त

तीन नवंबर को होगी अहम बैठक; मानकों की जांच के लिए गठित होंगी संयुक्त टीमें

फिरोजाबाद। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जनपद के निजी अस्पतालों में संचालित आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) सेवाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाने की कवायद तेज हो गई है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) फिरोजाबाद ने तीन नवंबर को अपराह्न तीन बजे सीएमओ कार्यालय के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों के साथ जनपद के सभी निजी चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में निजी अस्पतालों में उपलब्ध आईसीयू बेड, विशेषज्ञ चिकित्सकों, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और जीवनरक्षक उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही ऑक्सीजन आपूर्ति, वेंटिलेटर, मरीजों की निगरानी के उपकरणों, संक्रमण नियंत्रण और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाओं का भी सत्यापन किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आईसीयू सेवाओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए नोडल अधिकारी नामित कर संयुक्त निरीक्षण दल गठित किए जाने की तैयारी है। ये टीमें निर्धारित चेकलिस्ट के आधार पर अस्पतालों का स्थलीय निरीक्षण करेंगी और मानकों के अनुरूप उपलब्ध सुविधाओं का आकलन कर कमियों की रिपोर्ट तैयार करेंगी। जिन अस्पतालों में निर्धारित मानकों के अनुरूप सुविधाओं की कमी मिलेगी, उनसे सुधार के लिए समयबद्ध कार्ययोजना और लिखित अंडरटेकिंग ली जाएगी। विशेष रूप से लेवल-2 और लेवल-3 आईसीयू संचालित करने वाले अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों, प्रशिक्षित स्टाफ और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता की जांच की जाएगी। चिकित्सकीय एवं नर्सिंग मानव संसाधन से संबंधित निर्धारित व्यवस्थाएं 20 मार्च 2027 तक पूर्ण करने की समय-सीमा भी ध्यान में रखी जाएगी।

सीएमओ ने स्पष्ट किया है कि निरीक्षण में गंभीर कमियां मिलने पर संबंधित अस्पतालों से स्पष्टीकरण और अनुपालन रिपोर्ट मांगी जाएगी। मरीजों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है। आईसीयू सेवाओं के अनुपालन की प्रत्येक 15 दिन में समीक्षा तथा मासिक प्रगति रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। उल्लेखनीय है कि शासन के निदेर्शों के क्रम में 5 नवंबर 2026 को सर्वोच्च न्यायालय में स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी है, जबकि मामले की अगली सुनवाई 16 नवंबर को निर्धारित है। इसी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक सूचनाएं जुटाने और अनुपालन सुनिश्चित करने में जुटा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी निजी अस्पताल संचालकों से अपील की है कि वे 3 नवंबर को होने वाली बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों और अपने संस्थान के आईसीयू की सुविधाओं, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ तथा उपकरणों का अद्यतन विवरण साथ लेकर आएं। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य जनपद में मरीजों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित मानकों के अनुरूप गहन चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है।

दुष्कर्म के मामले में खैरगढ़ पुलिस की मुठभेड़, दो आरोपी पैर में गोली लगने से गिरफ्तार; तीसरे आरोपी की तलाश जारी







फिरोजाबाद। थाना खैरगढ़ क्षेत्र में एक नवंबर को खेतों में घायल अवस्था में मिली युवती के साथ दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, विवेचना में घटना में तीन अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए थे। दो नवंबर को मुखबिर की सूचना पर थाना खैरगढ़, मक्खनपुर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने नगला रमिया से हाईवे की ओर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में ऋषि और जगत पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

मामले में पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

झगड़े के मामलों में शांति व्यवस्था भंग करने पर छह आरोपी गिरफ्तार, दक्षिण पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही



फिरोजाबाद। थाना दक्षिण क्षेत्र में दो नवंबर 2026 को विभिन्न स्थानों पर हुए झगड़ों के मामलों में पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका के दृष्टिगत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में गुलशाद उर्फ वायरलैस, सरफराज, शहनबाज, अमित कुमार, विशाल (सभी निवासी नई बस्ती मुस्ताक बिल्डिंग, थाना दक्षिण) तथा अलीम निवासी लेबर कॉलोनी, थाना लाइनपार शामिल हैं।

थाना प्रभारी दक्षिण योगेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय द्वारा आरोपियों के वारंट जारी किए जाने के बाद सभी को जिला कारागार में दाखिल कराया जा रहा है।

डीएम ने खुद पेंशनरों का जमा कराया डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र, बोले- अब घर बैठे स्मार्टफोन से करें जमा



फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान (डीएलसी)-05 की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार सिंह, लीड बैंक मैनेजर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं कुछ पेंशनरों का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा कराकर उन्हें इसकी प्रक्रिया समझाई और अधिक से अधिक पेंशनरों को डिजिटल माध्यम अपनाने के लिए जागरूक किया। भारत सरकार द्वारा 1 से 30 नवंबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अब पेंशनरों को जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए कोषागार या बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वे स्मार्टफोन के माध्यम से घर बैठे आधार फेस आरडी और जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड कर 10 मिनट से भी कम समय में प्रमाणपत्र जमा कर सकते हैं। इसके अलावा बुजुर्ग एवं बीमार पेंशनरों के लिए डाक विभाग द्वारा 70 रुपये शुल्क पर घर पहुंचकर प्रमाणपत्र जमा कराने की सुविधा उपलब्ध है। पेंशनर जिला कोषागार में स्थापित हेल्पडेस्क अथवा अपनी नजदीकी बैंक शाखा में जाकर भी यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों में ऑपरेटर ऑथेंटिकेशन की प्रक्रिया पूरी कराई जाए, जिससे पेंशनरों को प्रमाणपत्र जमा कराने में परेशानी न हो। जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायत सचिवों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेंशनरों को जागरूक करने और उनकी मदद करने के निर्देश दिए। वहीं, लीड बैंक मैनेजर को सभी बैंक शाखाओं में विशेष हेल्पडेस्क स्थापित कराने को कहा। डीएम ने नगर क्षेत्र की बड़ी आवासीय कॉलोनियों, पार्कों एवं पेंशनरों की अधिक संख्या वाले स्थानों पर विशेष शिविर लगाने के निर्देश भी दिए। अभियान से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए समर्पित हेल्पलाइन नंबर जारी करने तथा पूरी व्यवस्था की निगरानी और विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित करने के निर्देश दिए।

खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, 329 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

87 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी, 118 नमूने जांच को भेजे, 27 नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे

कासगंज। जनपद में मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग लगातार अभियान चला रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में एक अप्रैल से 28 अक्टूबर तक विभागीय अधिकारियों ने 329 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। वहीं संदेह और शिकायत के आधार पर 87 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर 118 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। इनमें से प्राप्त 70 जांच रिपोर्टों में 27 नमूने मानकों के विपरीत पाए गए। विभाग ने इस अवधि में 41 खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर किए, जबकि 15 मामलों में निर्णय हुआ।



इनमें कुल 1.25 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। नौ अक्टूबर को राज्य सचल दल ने विभिन्न घी प्रतिष्ठानों से 17 नमूने लेकर जांच रिपोर्ट आने तक 3511 लीटर घी सीज किया, जिसकी कीमत करीब 21.06 लाख रुपये है।

जिला न्यायालय की कैंटीन से चार नमूने लेकर 500 किलोग्राम आटा और मैदा सीज किया गया। राधा डेयरी से 200 किलोग्राम दूषित पनीर नष्ट कराया गया। ओम साक्षी डेयरी से 11 नमूने लेकर 400 किलोग्राम पनीर नष्ट कराया गया और खाद्य लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा 10 कारोबारियों को सुधार नोटिस जारी किए गए। एमडीएम के 15 निरीक्षणों में 38 तथा आईसीडीएस के तीन निरीक्षणों में चार नमूने लिए गए। विभाग ने प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए कारोबारियों एवं विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया।

मिठाई की दुकानों पर खाद्य विभाग का छापा, दो नमूने लिए

अलीगढ़ और हाथरस की संयुक्त टीम की अचानक कार्रवाई से दुकानदारों में मची खलबली



कासगंज। शहर में सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने मिठाई की दुकानों पर पहुंचकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। लखनऊ खाद्य विभाग के निर्देश पर अलीगढ़ और हाथरस से आई टीम की अचानक कार्रवाई से मिठाई कारोबारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अलीगढ़ मंडल के सहायक आयुक्त खाद्य अजय कुमार जायसवाल और हाथरस के सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मनोज कुमार तोमर के नेतृत्व में टीम ने दोपहर करीब दो बजे सहावर गेट स्थित गौतम स्वीट्स पर जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने दुकान में उपलब्ध मिठाइयों की गुणवत्ता परखी और राजा भोग व काजू कलश के नमूने संग्रहित किए। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभियान का उद्देश्य मिठाइयों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन कराना है।

अलीगढ़ मंडल के सहायक आयुक्त खाद्य अजय कुमार जायसवाल ने बताया कि शासन के निर्देश पर एक दिवसीय अभियान चलाया गया है। टीम में प्रवीण कुमार, शिवदास, महेश कुमार, सुनील शर्मा और आशीष गंगवार शामिल रहे।

मराठा होटल संचालक पर तमंचे से फायरिंग, बाल-बाल बची जान, पुलिस ने मुख्य आरोपी को तमंचे और बुलेट बाइक समेत दबोचा

छह-सात युवकों ने किया था होटल पर हंगामा

कासगंज। शहर के कासगंज-बदायूं रोड स्थित मराठा होटल पर रविवार रात हुए हंगामे और फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक, अवैध तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है। होटल संचालक ओमकार सिंह निवासी भूड़ जखारुद्रपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक नवंबर की रात करीब 9:30 बजे बाइक सवार छह-सात युवक होटल पहुंचे और कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी होटल के गेट पर हंगामा करने लगे। इसी दौरान बुलेट बाइक से पहुंचे भोले ठाकुर और गौरव के कहने पर पीछे बैठे प्रिंस ठाकुर ने तमंचे से उन पर फायर कर दिया। गोली उन्हें नहीं लगी और उनकी जान बच गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई। पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने सोमवार को हनौता पेट्रोल पंप के पास से वांछित आरोपी प्रिंस ठाकुर पुत्र हरेंद्र सोलंकी निवासी गेंदूपुरा, थाना अमांपुर, हाल निवासी मोहल्ला जय-जयराम कासगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश और सीसीटीवी फुटेज की जांच जारी है।





खेलकूद प्रतियोगिता में मोनिका और खुशबू बनीं ब्लॉक चैंपियन

विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित, विभिन्न खेलों में बच्चों ने दिखाया दमखम

कासगंज। गंजडुंडवारा ब्लॉक की खेलकूद प्रतियोगिताएं सोमवार को यूबीएच एकेडमी में आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा और दमखम दिखाया। निर्णायक मंडल द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के बाद अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्राथमिक बालिका वर्ग में मोनिका (धनसिंहपुर) और जूनियर बालिका वर्ग में खुशबू (बहादुर नगर) को ब्लॉक चैंपियन घोषित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीएसए विकास कुमार सिंह, एबीएसए सुरेंद्र कुमार अहिरवार, जिला समन्वयक सुनील यादव और जिला व्यायाम शिक्षक राजेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद बीएसए ने ध्वजारोहण और हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दौड़ प्रतियोगिताओं में प्राथमिक बालक वर्ग में गौरव और नितिन, बालिका वर्ग में सृष्टि व मोनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में प्रेमचंद्र, प्रशांत और वासुदेव, जबकि बालिका वर्ग में खुशबू ने विभिन्न स्पधाओं में बाजी मारी। कबड्डी में प्राथमिक बालक वर्ग में नागर कंचनपुर, बालिका वर्ग में धनसिंहपुर तथा जूनियर बालक वर्ग में वमनपुरा और बालिका वर्ग में अल्हेपुर की टीम विजेता रही। इस दौरान शिक्षक और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



गैंगस्टर एक्ट के आरोपी शाहिद की 1.10 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क



कासगंज। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सोरों पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की अवैध गतिविधियों से अर्जित धनराशि को कुर्क कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के बैंक खाते में जमा 1 लाख 10 हजार 342 रुपये की धनराशि जब्त करने की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, सहावर थाना क्षेत्र के गांव सेवनपुर निवासी शाहिद पुत्र बाबू खां के खिलाफ थाना कासगंज में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि उसने अपराध और अवैध गतिविधियों से धन अर्जित कर अपने नाम से स्टेट बैंक की सहावर शाखा में जमा किया था। जिलाधिकारी कासगंज के 28 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के अनुपालन में दो नवंबर को पुलिस ने खाते में जमा 1,10,342 रुपये कुर्क कर जब्त कर लिए। आरोपी के खिलाफ सहावर और कासगंज थानों में चोरी, चोरी का माल रखने और धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में चार मुकदमे दर्ज हैं। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चैहान के नेतृत्व में की गई। जब्तीकरण की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक लोकेश सिंह ने पुलिस टीम के साथ की।

AMU-NPCIL के बीच स्वास्थ्य, आहार सर्वेक्षण पर समझौता



अलीगढ। एएमयू और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) नरौरा परमाणु बिजलीघर के बीच बिजलीघर के आसपास के क्षेत्रों में महामारी विज्ञान संबंधी स्वास्थ्य, आहार सर्वेक्षण कराने को समझौता हुआ। हस्ताक्षर समारोह में एएमयू की कुलपति प्रो. नइमा खातून, कुलसचिव प्रो. आसिम जफर, नरौरा परमाणु बिजलीघर के स्टेशन निदेशक अमरनाथ ठाकुर, मुख्य अन्वेषक प्रो. एम. अतहर अंसारी, सह-मुख्य अन्वेषक डॉ. अली जाफर आब्दी और नरौरा परमाणु बिजलीघर आदि मौजूद रहे।


कुलपति प्रो. नइमा खातून ने कहा कि शोध परियोजनाओं से विश्व विद्यालय को शैक्षणिक और वैज्ञानिक विशेषज्ञता का उपयोग सामुदायिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान में करने का अवसर मिलता है। उन्होंने इस परियोजना को संच. ालित करने के लिए जे.एन. मेडिकल कॉलेज के साम. ुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रयासों की भी सराहना की। प्रो. आसिम जफर ने शोध और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में एएमयू और राष्ट्रीय संस्थानों के बीच सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। अमरनाथ ठाकुर ने एएमयू के साथ इस सहयोग का स्वागत किया और कहा कि बिजलीघर के आसपास रहने वाली आबादी के स्वास्थ्य एवं खानपान से जुड़ी विश्वसनीय जानकारी जुटाने के लिए व्यवस्थित अध्ययन आवश्यक हैं। प्रो. एम. अतहर अंसारी ने समुदाय आधारित इसी तरह की पूर्व शोध परियोजनाओं के अपने अनुभव के आधार पर प्रस्तावित सर्वेक्षणों की जानक. ारी दी। डॉ. अली जाफर आब्दी ने सर्वेक्षण की कार्यप्रणाली और अपेक्षित परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व परियोजनाओं से प्राप्त अनुभव वर्तमान अध्ययन को व्यवस्थित ढंग से पूरा करने में सहायक होगा।

स्वास्थ्य सर्वेक्षण बिजलीघर के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाली आबादी को कवर करेगा। लगभग 2.20 लाख की अनुमानित आबादी में से 8,796 परिवारों के 43,983 लोगों को सर्वेक्षण में शामिल करने का प्रस्ताव है। इसके तहत जन सांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति, जीवनशैली, चिकित्सा इतिहास, प्रजनन स्वास्थ्य और चुनिंदा चिकित्सकीय मानकों से संबंधित जानकारी जुटाई जाएगी। पात्र लोगों में मुंह और स्तन कैंसर की जांच भी की जाएगी। आहार सर्वेक्षण बिजलीघर के 30 किलोमीटर के दायरे में किया जाएगा, जहां लगभग 1.99 लाख की आबादी होने का अनुमान है। इसके तहत गर्मी, मानसून और सर्दी के मौसम में तीन चरणों में परिवारों के भोजन और पेयजल की खपत का आकलन किया जाएगा। भौगोलिक क्षेत्र, आयु और लिंग के आधार पर आहार सेवन का स्थानीय स्तर पर अनुमान तैयार किया जाएगा। इसके निष्कर्ष विकिरण प्रभाव के आकलन, विशेष रूप से भोजन और पेयजल के माध्यम से शरीर में पहुंचने वाली विकिरण की मात्रा की गणना में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएंगे। यह परियोजना 16 महीने में पूरी की जाएगी और दोनों सर्वेक्षणों के लिए अलग-अलग तकनीकी रिपोर्ट तैयार की जाएंगी। अध्ययन आवश्यक नैतिक स्वीकृति प्राप्त करने के बाद किए जाएंगे। इनमें सूचित सहमति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा।

दीपोत्सव पर रेलवे ने चलाई स्पेशल ट्रेन

अलीगढ़। दीपोत्सव पर रेलवे प्रशासन ने लोगों की सहूलित को देखते हुए विशेष ट्रेन का संच. ालन शुरू कर दिया है। एनसीआर के पीआरओ ने बताया कि गाड़ी संख्या 04066/ 04065 आनंद विहार टर्मिनल-सबौर, आनंद विहार टर्मिनल आरक्षित विशेष ट्रेन 06, 07, 11 और 12 नवंबर 2026 को चार फेरे होंगे। वहीं दूसरी ओर इसी गाडी की वापसी 07, 08, 12, 13 नवंबर को चार फेरे करेंगी। इस ट्रेन में थ्री एसी द्वितीय, 11 एसी तृतीय श्रेणी और दो एसएलआर है। गाड़ी संख्या 04066 आनंद विहार टर्मिनल से प्रस्थान सुबह पांच बजे, गाजियाबाद 05:33-05:35 बजे, अलीगढ़ जंक्शन पर 06:48-06:50 बजे, टूंडला जंक्शन 08:15-08:17 बजे, गोविंदपुरी 12:20-12:25 बजे, सूबेदारगंज 15:45-15:50 बजे, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन रात आठ बजे-8:10 बजे, भभुआ रोड 8:50-8:52 बजे, सासाराम 9:23-9:25 बजे, डेहरी ऑन सोन 9:50-9:52 बजे, अनुग्रह नारायण रोड 10:08-10:10 बजे, गया जंक्शन 11:30-11:35 बजे, तिलैया रात 12:30-12:32 बजे, वारिसलीगंज रात 01:20-01:22 बजे, शेखपुरा 01:53-01:55 बजे, किऊल जंक्शन 03:25-03:30 बजे, अभयपुर 03:55-03:57 बजे, जमालपुर जंक्शन 04:50-04:55 बजे, सुल्तानगंज 05:43-05:45 बजे तथा भागलपुर 06:15-06:25 बजे होते हुए साबौर 07:00 बजे पहुंचेगी।

यह गाडी वापसी में साबौर से प्रस्थान 11:00 बजे, भागलपुर 11:10-11:20 बजे, सुल्तानगंज 11:43-11:45 बजे, जमालपुर जंक्शन



12:25-12:30 बजे, अभयपुर 12:58-13:00 बजे, किऊल जंक्शन 13:50-13:55 बजे, शेखपुरा 14:23-14:25 बजे, वारिसलीगंज 14:48-14:50 बजे, तिलैया 15:23-15:25 बजे, गया जंक्शन 17:45-17:50 बजे, अनुग्रह नारायण रोड 18:35-18:37 बजे, डेहरी ऑन सोन 18:55-18:57 बजे, सासाराम 19:15-19:17 बजे, भभुआ रोड 19:48-19:50 बजे, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन 20:40-20:50 बजे, सूब. दारगंज 23:45-23:50 बजे, गोविंदपुरी 03:05-03:10 बजे, टूंडला 06:30-06:32 बजे, अलीगढ़ जंक्शन 07:38-07:40 बजे, गाजियाबाद 13:00-13:02 बजे होते हुए आनंद विहार टर्मिनल 13:45 बजे पहुंचेगी।

रिटायर्डमेंट पर गेम्स कमेटी ने मुबाशिर को किया सम्मानित



अलीगढ़। एएमयू गेम्स कमेटी में सेक्शन ऑफिसर के पद पर कार्यरत मुबाशिर खान की सेवाओं के बाद सेवानिवृत्ति पर सोमवार को गेम्स कमेटी में विदाई समारोह आयोजित किया, इसकी अध्यक्षता सचिव प्रो. युसुफ उज जमां खान ने की।

जिमखाना क्लब अध्यक्ष प्रो. इफत असगर, जिम्नेजियम अध्यक्ष डा. इफ्तखार अहमद अंसारी, राइडिंग क्लब अध्यक्ष डा. सरफराज आलम, फूटबाल क्लब अध्यक्ष डा. आसिफ खान, टेनिस क्लब अध्यक्ष डॉ यासिर अजीम, डिप्टी डायरेक्टर अनीस उर रहमान खान, असिस्टेंट डायरेक्टर अरशद महमूद, क्रिकेट कोच डॉक्टर फैसल शेरवानी, बैडमिंटन कोच खुसरो मारूफ, राइडिंग कोच इमरान शिब्ली, टीटी कोच नवेद, मोहम्मद अहमद, सरफराज, हामिद अली, स्कैटिंग कोच मोहम्मद रिजवान सहित गेम्स कमेटी कर्मचारियों ने मुबाशिर खान के संग बिताए कार्यकाल को याद किया। समारोह में यूनिवर्सिटी गेम्स कमेटी की ओर से मुबाशिर खान को प्रशस्ति पत्र, शॉल भेंट की गई। सचिव प्रो. युसुफ उज जमां खान ने कहा कि किसी संस्थान की सेवा करना केवल एक नौकरी का कार्यकाल नहीं, बल्कि संस्थान के प्रति निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी की एक लंबी यात्रा है। मुबाशिर खान ने अपने अनुभव एवं कार्यनिष्ठा से यूनिवर्सिटी की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी संस्थान के साथियों के बीच स्थापित आत्मीय संबंध और उनकी सेवाओं की स्मृतियाँ सदैव बनी रहेंगी। कार्यक्रम का संचालन जिम प्रशिक्षक मजहर उल कमर ने किया। कार्यक्रम का समापन पवित्र कुरान पाक की तिलावत से की गई

आज सर्किट हाउस में होगी समीक्षा बैठक

अलीगढ़। राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उत्तर प्रदेश दानिश आजाद अंसारी सोमवार को शाम सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। एडीएम सिटी प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल संगीता देवी ने बताया कि राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मंगलवार को सर्किट हाउस सभागार में सुबह 10 बजे विभागीय समीक्षा बैठक करने के दोपहर एक बजे लखनऊ जाएंगे।

ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाने की अनूठी पहल

जरारा में महिला उद्यम विकास केंद्र का शुभारंभ

खैर। ग्रामीण महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सोमवार को गांव जरारा स्थित गिरिजी की गौशाला (वैदिक ट्री कैंपस) में गुरुग्राम की संस्था रीड इंडिया की ओर से महिला उद्यम विकास केंद्र का शुभारंभ किया। केंद्र के माध्यम से अगले पांच महीनों में क्षेत्र की 200 महिलाओं को विभिन्न कृषि आधारित उत्पादों के निर्माण, विपणन और व्यवसाय संच. ालन का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे विशेषज्ञों और सफल महिला उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा कर महिलाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

रीड इंडिया की कंट्री डायरेक्टर डॉ. गीता मल्होत्रा ने कहा कि रीड इंडिया देश के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में लाइब्रेरी और कंप्यूटर सेंटर स्थापित करने के साथ महिलाओं को रोजगारप. रक प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। संस्था का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को हुन. रमंद बनाकर उन्हें स्वयं का रोजगार शुरू करने के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं अपनी क्षमता पहचानें और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। मुरादाबाद से पहुंचे जाट संस्था के प्रमुख दीपक मेहंदीरत्ता ने बताया कि उनकी संस्था अब तक पांच हजार उद्यमियों को प्रशिक्षण प्रदान कर चुकी है। उन्होंने महिलाओं को प्रशिक्षण का लाभ उठाकर छोटे-छोटे उद्यम शुरू करने और उन्हें सफल व्यवसाय में बदलने के लिए प्रेरित किया। पशु आहार विशेषज्ञ राक. श रैकवार ने वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन प्रबंधन की जानकारी देते हुए बताया कि उचित पशु आहार और बेहतर देखभाल से उच्च गुणवत्ता वाले दूध का उत्पादन करने, पशुओं का स्वास्थ्य सुधरने के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और ग्रामीण परिवारों की आमदनी में वृद्धि की संभावनाओं के बारे में बताया।

पानीपत की उद्यमी अर्चना सोनी ने तैयार किए उत्पादों का प्रदर्शन किया और ऑनलाइन माध्यम से उत्पादों की बिक्री करने के अनुभव साझा किए। पलवल के बड़ौली गांव से पहुंचे मनोज



बैसला ने महिलाओं को साबुन बनाने का प्रशिक्षण दिया। लखनऊ से आए वैद्य राजेंद्र दीक्षित ने जोड़ों के दर्द में उपयोग होने वाले तेल और पंचगव्य मंजन बनाने का प्रदर्शन किया। खाद्य विशेषज्ञ गुरमिंदर कौर और गोबर गैस विशेषज्ञ अभिषेक होंडा ने भी अपने अनुभव साझा किए। मानेसर से आई जोतना माकन ने उत्पादों के बाजार विकास और मार्केटिंग के संबंध में जानकारी दी। जैविक किसान हरेंद्र बैसला ने अपने गांव में जैविक सब्जियों का उत्पादन करने और स्थानीय स्तर पर उनके लिए बाजार विकसित करने का अनुभव साझा किया। सभी विशेषज्ञों की बातों को महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सुना और स्वयं का उद्यम स्थापित करने में रुचि दिखाई।

इस दौरान गांव बझेड़ा से आईं प्रिया शर्मा ने महिलाओं एवं बच्चों की सुविधा के लिए कंप्यूटर सेंटर और लाइब्रेरी स्थापित करने की मांग रखी। इस पर डॉ. गीता मल्होत्रा ने तत्काल सहमति देते हुए अगले एक महीने में केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए। वैदिक ट्री संस्था के अवधेश गिरि, सरोज गिरि, जगदीप गिरि, तरुण गिरि और अरविंद गिरि ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने वैदिक ट्री कैंपस में क्षेत्र के बच्चों के लिए कंप्यूटर सेंटर और लाइब्रेरी स्थापित करने की पहल का स्वागत किया।

प्राथमिक ग्रामीण सहकारी केंद्र का छर्रा का शुभारंभ



अकराबाद। विकास खंड के गांव बमनोई में सोमवार को बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड के नवीन खाद केंद्र का छर्रा विधायक ठा. रवेंद्र पाल सिंह ने शुभारंभ किया। विधायक ने केंद्र पर मौजूद किसानों को खाद का वितरण कराया और नवीन खाद समिति की स्थापना से क्षेत्र के किसानों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। अब ग्राम बमनोई एवं आसपास के किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उनका समय-आवागमन का खर्च बचेगा। इस दौरान माधवेंद्र कुमार गुप्ता, संजीव पप्पू, मोरध्वज सिंह, संजीव कुमार सिंह, जयपाल सिंह, राजेश, उमेश पाठक, भूपेंद्र, विजय पाल बघेल, प्रेमपाल बघेल, रामवतार, मुन्ना पाठक, ऋषि सिंह एवं महाराज आदि मौजूद रहे।

12 जिला सिंचाई बंधु की बैठक

अलीगढ़। अधिशासी अभियंता अलीगढ़ खंड गंगा नहर राज. ेंद्र कुमार ने बताया कि अध्यक्ष/प्रशासक जिला पंचायत विजय सिंह की अध्यक्षता में जिला सिंचाई बंधु की बैठक 12 नवंबर की सुबह 11 बजे विकास भवन सभागार में आयोजित होगी।

रतरोई में बुखार की सूचना पर टीम, जांच

अलीगढ़। जिला मलेरिया अधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम ने गांव रतरोई में डेंगू, मलेरिया की रोकथाम को संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान चलाया। इस दौरान आशा, संगिनी, ग्राम प्रधान के साथ घर घर भ्रमण के दौरान लार्वा धनात्मक पात्रों को उपस्थिति में साफ कराया। ग्रामीणों को मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने, घरों के आसपास साफ-सफाई रखने तथा पानी जमा न होने देने के प्रति जागरूक किया। भ्रमण के दौरान पाए बुखार के रोगियों की जांच कर उपचारित किया। गांव में एंटीलार्वल कीटनाशक छिड़काव और फोकल स्प्रे कराया, ग्राम प्रधान द्वारा नाला सफाई और फॉगिंग कराई। टीम में डॉ विशाल, डॉ शोएब, जितेंद्र वार्ष्णेय, प्रीती सिंह, राजेश पाठक, विनय कुमार, दिलीप कुमार, भूपेंद्र, अजय, लोकेश, रामवती, प्रकाशी, प्रीति, मीरा आदि मौजूद रहे।



प्रेम प्रसंग में युवक को लगी गोली, महिला के पति पर आरोप

छह साल पहले महिला को ले गया था युवक **एक माह पहले पति के पास लौटी थी महिला**

खैर। खैर कोतवाली की शिवाला चौकी के गांव अहरौला में 25 वर्षीय युवक के गोली लगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने घायल युवक को मेडीकल में भर्ती कराया है। गोलीकांड के पीछे प्रेम प्रसंग मामला चर्चाओं में है।

ग्रामीणों की मानें तो गांव निवासी कालीचरण छह साल पहले गांव की महिला को ले गया था। करीब एक माह पहले महिला अपने पति के पास वापस लौटकर आई थी। आरा. प है कि रविवार को काली. चरण महिला के घर पहुंचा और उसे अपने साथ चलने के लिए कहने लगा। इस पर महिला के पति ने पुलिस चौकी में शिकायत भी की थी। दो नवंबर को कालीचरन गोली लगने से घायल हो गया। घटना को लेकर गांव में तरह तरह की अफवाह



फैल रही है। तो वहीं सीओ अभिषेक पटेल ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा और संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। आरो. पित युवक से पूछताछ की जा चुकी है। घायल युवक जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की घटना वाले दिन की फुटेज भी डिलीट मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तहरीर और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाही की जाएगी।

यातायात माह में निकाली जागरूकता रैली

अलीगढ। सोमवार को पुलिस अफसरों ने पुलिस कार्यालय से यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर यातायात माह नवम्बर-2026 का शुभारंभ किया। एसपी सिटी आदित्य बंसल ने सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई। रैली में यातायात पुलिस के साथ-साथ नौरंगी लाल इंटर कॉलेज, गगन पब्लिक स्कूल के करीब 50 विद्यार्थियों, एनसीसी के 30 कैडेट्स, सिविल डिफेंस के लोगों ने भाग लिया। रैली एसएसपी कार्यालय से शुरू होकर, तस्वीर महल से कलेक्ट्रट से ठंडी सडक से एएमयू सर्किल से कंट्रोल रुम से तस्वीर महल चौराहा पर जाकर समाप्त हुई। जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों का पालन करने को प्रेरित किया।

अफसरों ने लोगों से कहा कि यातायात नियमों का पालन करना न केवल एक कानूनी जिम्मेदारी है, बल्कि यह हर नागरिक के जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। यातायात माह में जिले भर में विशेष जागरूकता अभियान



चलाए जाएंगे, जिसके तहत चौराहों, मुख्य बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए संवे. दनशील बनाया जाएगा। इस दौरान एसपी सिटी आदित्य बंसल, मनीष कुमार मिश्र एसपी देहात, प्रवीण कुमार एसपी यातायात, ममता कुरील एसपी अपराध, एएसपी गभाना सृष्टि जैन आदि मौजूद रहे।

आज कल लगेगा रोजगार मेला

अलीगढ। वृहद रोजगार मेले का आयोजन दीक्षित महाविद्यालय भटौला, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, मॉडल कैरियर सेंटर, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में आईटीआई रोड स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में मंगलवार-बुधवार सुबह 10 बजे से होगा। मेले में 25 से अधिक कंपनियों भाग लेकर करीब 15 सौ से अधिक रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों का चयन होगा। रोजगार मेले में एनआईआईटी दिल्ली, विजन इंडिया सर्विस नोयडा, ईएफएस प्रालि. सुडियाल अलीगढ़, एसआईएस देहरादून, पेटीएम सर्विस नोयडा, एचडीएफसी फाइनेंस अलीगढ़ आदि अन्य सिक्यौरिटी सर्विस, मार्केटिग, अकाउंटेंट, प्रोडक्शन एसोसिएट, कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्स, वेलनेस एडवाईजर, सुपरवाईजर, स्टोर इंचार्ज, पैकिंग इंचार्ज, टेलीकालर आदि के पदों पर हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटैक., बीबीए, एमबीए उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन होगा।


हाईवे पर पलटी मैक्स, चालक घायल

अकराबाद। नेशनल हाईवे पर गड्ढे के कारण धान से लदी मैक्स लोडर पलट गई। जिसमें चालक पवन कुमार घायल हो गया।

जलेसर (एटा) के गांव खेड़िया खाटी निवासी पवन कुमार रविवार रात गांव से मैक्स लोडर में धान लादकर धनीपुर मंडी जा रहे थे। गांव असगरपुर के पास हाईवे पर गड्ढे के कारण मैक्स लोडर का एक्सल टूट गया। हादसे के बाद वाहन सड़क पर पलट गया। इससे वाहनों की आवाजाही रुक गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाई-वे कर्मचारियों की लापरवाही के कारण वाहन रात से दोपहर तक सड़क पर पड़ा रहा। उनके मुताबिक इस दौरान कई लोग हादसे का शिकार होने से बचे। लोगों ने यह भी कहा कि हादसे के बाद पुलिस काफी देर से मौके पर पहुंची। एसआई अनिल कुमार ने बताया कि हादसा उनके संज्ञान में नहीं है।



एएमयू कैंपस में आग से मचा हड़कंप



अलीगढ़। एएमयू के इंजी. नियरिंग एडं टेक्नोलॉजी की लैब में सोमवार सुबह आग लगने से हडकंप मच गया। आनन-फानन में मौके पर पहुंची दमकल की गाडियों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। इस बीच देरी को लेकर छात्रों की प्रॉक्टोरियल टीम से नोकझोंक तक हो गई।

एएमयू कैंपस में इन दिनों छात्र संघ के चुनाव को रंग चढ़ रहा है। चुनावी रणभूमि के योद्ध दिन रात अपने पक्ष में चुनावी विसात बिछाने में जुटे हुए हैं। सोमवार तड़के चुनावी योद्धा साथियों के साथ अपने-अपने हास्टल की ओर लौट रहे थे। उन्होंने देखा कि इंजीनियरिंग एडं टेक्नोलॉजी की लैब में से आग की लपटें निकल रही है। उन्होंने इस बात की जानकारी प्राक्टोरियल टीम के साथ-साथ दमकल कर्मियों को दी। बताया जाता है कि सिविल लाइन और बन्नादेवी से दमकल की गाडियां मौके पर पहुंच गई। दोनों गाडियों पर मौजूद कर्मचारियों ने आग बुझाना शुरू कर दिया। देरी से मौके पर पहुंचते ही छात्रों की प्रॉक्टोरियल टीम से नोकझोंक हो गई। छात्रों का कहना था कि लैब पूरी तरह से ध्वस्त हो जाती तभी आप लोग यहां आते। किसी तरह से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

धनतेरस को भी घर लाएं मां लक्ष्मी-गणेश की प्रमिमाएं



अलीगढ़। श्री गुरु ज्योतिष शोध संस्थान अध्यक्ष पं. हृदय रंजन शर्मा ने बताया कि मां लक्ष्मी के पूजन से दो दिन पहले पड़ने वाला धनतेरस का त्योहार देव वैद्य श्रीधनवंतरि और मां लक्ष्मी के खजांची माने जाने वाले कुबेर को याद करने का दिन है। दीपोत्सव से पहले कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाए जाने वाले 'धनतेरस' को 'धनवंतरि त्रयोदशी' भी कहा जाता है। इस दिन सोने चांदी की कोई चीज या नए बर्तन खरीदने को अत्यंत शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी के साथ धनवंतरि और कुबेर की भी पूजा की जानी चाहिए क्योंकि कुबेर जहां धन का जोड़-घटाव रखने वाले हैं। धनतेरस के दिन पूजा को उपयुक्त समय प्रदोष काल के दौरान होता है। जब स्थिर लग्न प्रचलित होती है। माना जाता है कि अगर स्थिर लग्न के दौरान धनतेरस पूजा की जाये तो लक्ष्मीजी घर में ठहर जाती हैं। वृषभ लग्न को स्थिर माना है और दीवाली के त्यौहार के दौरान यह अधिकतर प्रदोष काल के साथ ही चल रही होती है।

धनतेरस के दिन सिर्फ नयी वस्तुओं की खरीदारी ही नहीं की जाती बल्कि दीप भी जलाए जाते हैं। इस दिन प्रवेश द्वार पर जलाए जाने वाले दीपकों के बारे में मान्यता है कि इनकी वजह से घर में अकाल मौत का भय खत्म हो जाता है, परिवार की लौ हमेशा जलती रहती है। मां लक्ष्मी और गणेश जी की मूर्ति खरीदें और दीपावली के दिन इसी का पूजन करें। धनतेरस पर नई गाड़ी लेना चाह रहे हैं तो ऐसा कर सकते हैं लेकिन उसके लिए भुगतान पहले ही कर दें। वाहन को राहू काल में घर में नहीं लाना चाहिए, स्वर्ण-चांदी की वस्तुएं खरीदना शुभ है। इस दिन रत्न खरीदना भी लाभप्रद होता है।

जेल में सीने में दर्द के बाद विचाराधीन बंदी की मौत



बुलंदशहर। जिला कारागार में बंद एक विचाराधीन कैदी की सोमवार की सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। जेल में तबीयत बिगड़ने पर उसे पहले जेल अस्पताल ले जाया गया, जहां से बंदी को जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने बंदी को मृत घोषित कर दिया। जेल प्रशासन ने घटना की जानक. ारी पीड़ित परिजनों को देते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जेल अधीक्षक कोमल मंगलानी ने बताया कि खुर्जा नगर निवासी हरि सिंह सैनी उर्फ राजेन्द्र(47 वर्ष) पुत्र विजयपाल को साइबर क्राइम थाना पुलिस ने धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े से जुड़े एक मामले में न्यायालय के आद. श पर 30 दिसंबर 2024 को जिला कारागार में दाखिल कराया गया था। घ्सोमवार की सुबह बंदी हरि सिंह सैनी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसने सीने की बाईं तरफ तेज दर्द, भारी घबराहट और पसीना आने की शिकायत की। सूचना मिलते ही उसे पहले जेल अस्पताल भेजा गया। जेल चिकित्साधिकारी ने उसका परीक्षण किया और हालत गंभीर देखते हुए तत्काल हायर सेंटर रेफर कर दिया। घ्जेल प्रशासन ने सुरक्षा गार्डों की मौजूदगी में सरकारी एंबुलेंस से बंदी को तत्काल जिला चिकित्सालय बुलंदशहर भेजा। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदी की मौत की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बंदरों के झुंड खेतों में घुसकर फसलें कर रहे बर्बाद

❑किसान लंगूर के बैनर और गिलोल लेकर कर रहे रखवाली



बुलंदशहर। ऊँचा गाँव क्षेत्र के नरसेना, रघुनाथपुर और पाली गांवों में बंदरों के झुंड खेतों में घुसकर खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान फसल बचाने के लिए दिनभर खेतों की रखवाली कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि बंदरों को भगाने के लिए खेतों में लगातार निगरानी करनी पड़ती है। इसके बावजूद बंदरों के झुंड मौका मिलते ही खेतों में घुस जाते हैं। बंदरों से फसल बचाने के लिए किसान हाथों में लंगूर के बैनर और गिलोल लेकर खेतों में पहरा दे रहे हैं। सुबह से शाम तक निगरानी के बाद भी उनकी कोशिश पूरी तरह सफल नहीं हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार बंदर किसानों पर भी हमला कर रहे हैं। खेतों में काम करते समय बंदरों के झुंड किसानों को घेर लेते हैं और हमला करने की कोशिश करते हैं। इससे किसान और ग्रामीण चिंतित हैं।

अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत, दो संचालक गिरफ्तार



जहांगीराबाद (बुलंदशहर) । नगर के भईपुर दोराहे के निकट स्थित जीवन ज्योति अस्पताल में प्रसव के दौरान एक महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया और चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मामले में पुलिस ने अस्पताल के 2 संचालकों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार डुंगराजाट निवासी विष्णु पुत्र जगदीश ने अपनी गर्भवती पत्नी कविता देवी को प्रसव पीड़ा होने पर 31 अक्टूबर 2026 को अस्पताल में भर्ती कराया था। पति की तहरीर के मुताबिक 1 नवंबर को महिला का ऑपरेशन किया गया।

आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान महिला की हालत बिगड़ गई और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। इसी दौरान कविता देवी ने एक बच्ची को जन्म दिया लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने महिला को एंबुलेंस से अलीगढ़ रेफर कर दिया। इसी दौरान डिबाई दोराहे के पास अत्यधिक रक्तस्राव के चलते कविता देवी ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर हंगामा किया और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मृतका के पति विष्णु की तहरीर पर पुलिस ने डॉक्टर और अस्पताल के 2 संचालकों और एक महिला कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि नामजद अस्पताल संचालक रॉबिन और आमिर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

त्योहारों को लेकर सर्राफा कारोबारियों संग की बैठक



अलीगढ़। एसपी सिटी ने सोमवार को त्यौहारों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सर्राफा कारोबारियों के साथ गोष्ठी की। एसपी सिटी आदित्य बंसल ने त्यौहार धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज के दृष्टिगत पुलिस लाइन सभागार में शहर के सर्राफा व्यापारियों एवं कारोबारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की।

गोष्ठी में व्यापारियों से संवाद स्थापित कर आगामी त्यौहारों के दौरान बाजारों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, सर्राफा प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे सुचारू रखने और संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा। उन्होंने थाना प्रभारियों को सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने के संबंध में निर्देशित किया। व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सुझाव लिए और उनकी समस्याओं, सुझावों को सुनकर प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया।

नारऊ रामलीला कमेटी ने किया भाजपा नेता का भव्य स्वागत



छतारी (बुलंदशहर)। ग्राम नारऊ में आयोजित श्री रामलीला में भाजपा नेता एवं समाजसेवी शांति स्वरूप शर्मा ने पहुंचकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर उन्होंने रामलीला कमेटी को 11 हजार रुपये की धनराशि भेंट की। कार्यक्रम के दौरान आदर्श युवा कमेटी के पदाधिकारी अरुण कुमार भारद्वाज कपिल गौड़ एवं डॉ. ऋषि भारद्वाज सहित अन्य सदस्यों ने भाजपा०नेता शांति स्वरूप शर्मा का फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कमेटी की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके आगमन पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान शांति स्वरूप शर्मा ने कमेटी के पदाधिकारियों एवं समस्त ग्रामवासियों का आभार जताते हुए कहा कि ग्राम नारऊ के लोगों से उनका विशेष लगाव है। गांववासियों ने उन्हें जो मान- सम्मान और स्नेह दिया है, उसे वह कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने स्वयं को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर उन्हें आत्मिक प्रसन्नता मिलती है।

उनके साथ पहुंचे गौरव अग्रवाल, विक्की चौहान एवं दीपक कुमार का भी कमेटी के सदस्यों और ग्रामवासियों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर रामल. ीला परिसर में उत्साह और भक्तिमय माहौल बना रहा।

काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने दर्ज कराया विरोध



अलीगढ। शीर्ष संगठन, फुपुक्टा, रंपुटा के आवाह्न पर डीएस डिग्री कालेज शिक्षक संघ के तत्वावधान में प्राचार्य कक्ष के समक्ष सभी शिक्षक साथियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। आगामी दिनों में भी शीर्ष संगठन के दिशानिर्देशों के अनुपालन में धरना-प्रदर्शन आयोजित करने, डीएम को ज्ञापन सौंपने के लिए शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सक्रिय सहभागिता करने की अपील की। रंपुटा के पदाधिकारियों में सचिव डॉ. विशाल यादव, उपाध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण पांडेय एवं कोषाध्यक्ष डॉ. डी.के. सिंह के साथ सदस्य डॉ. रेखा तोमर, डॉ. दशरथ एवं डॉ. आशुतोष, धर्म समाज महाविद्यालय शिक्षक संघ की ओर से उपाध्यक्ष प्रो. पुष्पेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष प्रो. जेपी. सिंह, संयुक्त सचिव डॉ. अनुराग मिश्रा, महिला उपाध्यक्ष डॉ. नीलम श्रीवास्तव, सचिव डॉ. पूजा, सदस्य डॉ. मंजू सिंह, डॉ. अजय, डॉ. राज कुमार भारती, डॉ. नंद कुमार तिवारी, प्रो. वेदवती राठी, डॉ. रंजीत आदि मौजूद रहे।

पहासू पुलिस ने एक क्विंटल पटाखों के साथ युवक पकड़ा



पहासू (बुलंदशहर) पहासू थाना पुलिस ने करीब एक क्विंटल अवैध पटाखों और आतिशबाजी सामग्री के साथ बबलू खां को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पटाखे ले जा रहे छोटा हाथी वाहन को भी सीज कर दिया। पुलिस के मुताबिक 1 और 2 नवंबर 2026 की रात गश्त और वाहनों की जांच के दौरान बनैल बम्बे के पास छतारी की तरफ से आ रहे वाहन को रोका गया। तलाशी में 2 बोरे और 6 कार्टून मिले। इनमें करीब एक क्विंटल पटाखे थे, जिनकी अनुमानित कीमत 1,50,000 रुपए बताई गई है। चालक पटाखों के परिवहन और भंडारण का लाइसेंस या अनुमति पत्र नहीं दिखा सका। उसने अपना नाम बबलू खां पुत्र नन्हे खां निवासी वाहिद नगर, थाना क्वासी, जिला अलीगढ़ बताया। उसकी उम्र करीब 28 साल है। पुलिस ने उसको 2 नवंबर 2026 को रात करीब 2:45 बजे उसे गिरफ्तार किया। थाना पहासू में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार के निर्देशन में हुई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अंतरिक्ष जैन और क्षेत्राधिकारी शिकारपुर प्रमोद कुमार की निगरानी में थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की।

5 को लगेगा वृहद रोजगार मेला, 40 से अधिक कंपनियां करेंगी प्रतिभाग

बुलंदशहर। बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय बुलंदशहर की ओर से 5 नवंबर को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला सुबह 10 बजे से डीएवी० पीजी०कॉलेज, बुलंदशहर में आयोजित होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 40 से अधिक कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। मेले में आठवीं पास, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। साक्षात्कार के समय सभी अभ्यर्थियों को अपना बायोडाटा साथ लाना अनिवार्य होगा। रोजगार मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना भी अनिवार्य है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों और बायोडाटा के साथ रोजगार मेले में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

जैव-आधारित कार्बन संग्रहण एवं उपयोग पर राष्ट्रीय सम्मेलन में दिया व्याख्यान

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के औद्योगिक रसायन विभाग के डॉ. मोहम्मद जैन खान ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), मोहाली में आयोजित जैव-आधारित कार्बन संग्रहण एवं उपयोग विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में आमंत्रित व्याख्यान दिया।

सम्मेलन में कार्बन प्रबंधन के लिए नवीन जैविक तरीक. ें, विशेष रूप से शैवाल आधारित कार्बन अवशोषण तथा बैक्टीरिया की मदद से कार्बन संग्रहण एवं उपयोग की तकनीकों पर चर्चा की गई।

'माइक्रोबियल कैटेलाइज्ड इलेक्ट्रोकेमिकल रिडक्शन ऑफ कार्बन डाइऑक्साइड टू वैल्यू-एडेड केमिकल्स' शीर्षक से दिए गए अपने व्याख्यान में डॉ. खान ने विद्युत-सक्रिय सूक्ष्मजीवों पर आधारित जैव-विद्युत रासायनिक प्रणालियों की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन प्रणालियों के माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड को जैव ईंधन और अन्य उपयोगी रासायनिक पदार्थों में बदला जा सकता है।

एएमयू के जेडएच कालिज ऑफ इजीनियरिंग एण्ड टेक्नालोजी में सतत विकास पर अंतरर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेडएच कालिज ऑफ इजीनियरिंग एण्ड टेक्नालोजी ने 'डिजाइन, इंजी. नियरिंग और वास्तुकला में सतत विकास' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। इसमें शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और विद्वानों ने भाग लिया तथा सतत विकास से जुड़ी उभरती चुनौतियों और नए दृष्टिकोणों पर विचार-विमर्श किया।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता एएमयू कुलपति प्रो. नइमा खातून ने की। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सरित माहेश्वरी मुख्य अतिथि थे, जबकि जीएनए विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. वी.के. रत्तन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। एएमयू के सहकुलपति प्रो. मोहम्मद मोहसिन खान ने भी अपने विचार रखे।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. नइमा खातून ने कहा कि पर्यावरण और तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए विश्वविद्यालयों को शोध, नवाचार और जिम्मेदार व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि शैक्षणिक प्रयासों से ऐसे समाधान विकसित होने चाहिए, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ सामाजिक रूप से भी प्रासंगिक हों।

प्रो. मोहम्मद मोहसिन खान ने जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय क्षरण और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में विश्व. विद्यालयों की जिम्मेदारी को रेखांकित किया। उन्होंने सतत विकास को आगे बढ़ाने में बहुविषयक शोध, उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोग तथा नवीन तकनीकों के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि सरित माहेश्वरी ने भारत को सतत ऊर्जा भविष्य की ओर ले जाने में नवीकरणीय ऊर्जा और हरित तकनीकों के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने तकनीकी नवाचार, निवेश और उद्योग-अकादमिक सहयोग की आवश्यकता बताई। प्रो. वी.के. रत्तन ने कहा कि इंजीनियरिंग शिक्षा और व्यावसायिक कार्यों में सतत विकास को केंद्रीय महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने भावी इंजीनियरों में रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रो. मोहम्मद हसन ने जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा दक्षता, टिकाऊ सामग्री और मजबूत बुनियादी ढांचे से जुड़ी चुनौतियों के समाधान में सहयोगात्मक शोध की भूमिका को रेखांकित किया। सम्मेलन का परिचय देते हुए जेडएच कालिज ऑफ इजीनियरिंग एण्ड टेक्नालोजी के प्राचार्य प्रो. मोहम्मद मुजम्मिल ने कहा कि वर्तमान समय में इंजीनियरिंग, वास्तुकला और औद्योगिक विकास में सतत विकास एक बुनियादी आवश्यकता बन गया है।

ड्यूटी के दौरान महिला हेड कांस्टेबल के सीने में दर्द



❑डॉक्टर ने माइनर हार्ट स्ट्रोक बताया

बुलंदशहर। शिकारपुर नगर कोतवाली में तैनात महिला हेड कांस्टेबल छाया को सोमवार को ड्यूटी के दौरान सीने में तेज दर्द हुआ। साथी पुलिसकर्मी उन्हें पुलिस जीप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। डॉक्टर ने इसे माइनर हार्ट स्ट्रोक बताया। छाया रोजाना सिकंद. राबाद से शिकारपुर कोतवाली ड्यूटी करने आती हैं। तबीयत बिगड़ने पर महिला दरोगा दीप्ति और अन्य महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हें शिकारपुर सीएचसी०पहुंचाया। वहां उन्हें आपातकालीन वार्ड में भर्ती किया गया। सीएचसी०में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर नदीम खान ने उनकी जांच की। उन्होंने बताया कि छाया को माइनर हार्ट स्ट्रोक (प्री-हार्ट अटैक) हुआ है।

समय पर अस्पताल पहुंचने के बाद उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। उनकी हालत अब स्थिर और खतरे से बाहर बताई गई है।

खुर्जा के नाले में युवक का शव मिला

❑कचरा बीन रहे बच्चे ने देखा, पुलिस जांच में जुटीं



बुलदशहर। खुर्जा के आब. दानगर इलाके में सोमवार की सुबह नाले से एक अज्ञात युवक का शव मिला। कचरा बीन रहे एक बच्चे की नजर शव पर पड़ी। पुलिस हत्या और हादसे दोनों पहलुओं से जांच कर रही है। यह नाला कोतवाली खुर्जा नगर क्षेत्र में मुंडाखेड़ा रोड पर है। बच्चे ने शव देखकर आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मृतक की उम्र और पहनावे के आधार पर आसपास के इलाकों में उसकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। अभी उसकी पहचान नहीं हो सकी हहै पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देख रही है।

दुनिया भर में क्यों सड़कों पर उतर रही है नयी पीढ़ी



जर्मनी से लेकर इटली तक दुनिया के अलग-अलग देशों में युवा सत्ता को चुनौती दे रहे हैं। कहीं भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन है तो कहीं बेरोजगारी और महंगाई से इस गुस्से की वजह बन रही है। बेशक इन आंदोलनों के मुद्दे अलग-अलग हैं मगर इनका चेहरा एक है. वो चेहरा जिसे दुनिया जेन जी कहती है। यह पहली बार नहीं जब जेन जीं सड़कों पर उतरे हों. नेपाल से लेकर बांग्लादेश तक और केन्या से लेकर मेगाडास्कर तक पहले भी इस जेन जी के आंदोलन हुए हैं। मगर इस बार यूरोप जिस गुस्से की आग में जल रहा है। ऐसा शायद दुनिया के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ. यूरोप प्रदर्शन की आग में जल रहा है। फ्रांस में विरोध प्रदर्शन लगातार तीसरे सप्ताह जारी रहा. तो जर्मनी में ये विरोध हिंसक हो गया। फ्रैंकफर्ट समेत देश के 34 शहरों में प्रदर्शनकारियों की पुलिस ने झड़प हुई, तोड़ फोड़ हुई और कई दुकानों में लूटपाट भी की गई. कुछ ऐसा ही हाल पुर्तगाल, नीदरलैंड, बेल्जियम, इटली और अल्बानिया की सड़कों पर भी दिख रहा है.जेन जी में बढ़ते गुस्से की वजह तलाशने की कोशिश की गई है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसरएरिका चेनोवेथ और मैथ्यू सेबुल ने इस रिसर्च का शीर्षक जेन जी क्यों आगे बढ़ रहा है% रखा है. इसके अलावा इसी साल आम नागरिकों के वैश्विक संगठन सिविकस की रिपोर्ट में भी जेन जी के गुस्से और असंतोष पर एक एनालिसिस की गई है, जिसमें बताया गया है कि आखिर युवा पीढ़ी सड़कों पर क्यों उतर रही है.जेन जी उस जनरेशन को कहा जाता है, जिनका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है. इन्हें डिजिटल पीढ़ी भी कहा जाता है, क्योंकि इन्होंने इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के विस्तार के बीच आंखें खोली हैं। जर्नल ऑफ डेमोक्रेसी में प्रकाशित रिसर्च के मुताबिक इस जनरेशन का किसी चीज को समझने का अपना नजरिया है। यही इनके असंतोष की वजह भी है। दरअसल इन्होंने वैश्विक आर्थिक संकट, कोविड महामारी, महंगाई जैसी चीजें बहुत नजदीक से देखी हैं ऐसे में जब इन्हें अपने भविष्य में अस्थिरता दिखती है तो इनका गुस्सा फूट पड़ता है. जेन जी के विरोध की शुरुआत एशिया से हुई थी। यहां नेपाल में 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध की वजह से युवा आक्रोशित हुए. जब पुलिस कार्रवाई में युवाओं की मौत हुई तो प्रदर्शन और व्यापक हो गया। आखिरकार पीएम केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा. ऐसा ही बांग्लादेश में हुआ. यहां सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ छात्र आंदोलन शुरू हुआ। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शन को दबाने की कोशिश की तो यह ऐसा भड़का कि सत्ता को ही बदल दिया. श्रीलंका में भी बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना की तरह राष्ट्रपित गोटाबाया राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा.अफ्रीका में जेन जी का गुस्सा आर्थिक असमानता की वजह से पनपा. केन्या में जून 2024 में फाइनेंस बिल से इसकी शुरुआत हुई. प्रदर्शनकारी संसद के अंदर तक घुस गए थे। जब पुलिस ने कार्रवाई की तो कई लोगों की मौत हुई थी. राष्ट्रपति विलियम रुटो को विवादित वित्त विधेयक वापस लेना पड़ा था। इसी तरह मेडागास्कर में बिजली पानी संकट की वजह से जेन जी आंदोलन शुरू हुआ और फिर सरकार को बदलने के बाद ही शांत हुए. मोरक्को में गुस्सा महंगे स्टेडियम और बदहाल अस्पतालों को लेकर था। एशिया और अफ्रीका के बाद इंडोनेशिया और फिलीपींस में भी जेन जी ने अपने क्रोध से वहां की सरकारों को हिलाया. अब यूरोप कई कई देशों में प्रदर्शन फेल चुका है। हाल ही में 28 अक्टूबर को रॉयटर्स ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें यूरोप में फैल रहे युवा आंदोलनों का एनालिसिस किया. इसमें बेल्जियम, फ्रांस, इटली और अल्बानिया के युवाओं की समस्याओं को शामिल किया गया. फ्रांस में छात्रों की शिकायत स्कूलों की खराब इमारतों, शिक्षकों की कमी और विश्वविद्यालयों में दाखिले की व्यवस्था को लेकर शुरू हुई, जिसमें धीरे धीरे महंगाई, आवास संकट भी जुड़ गया. 31 अक्टूबर को फ्रांस में तीसरे सप्ताह लगातार प्रदर्शन हुए. वहीं जर्मनी में युवा प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च बढ़ाएं। जलवायु सुरक्षा और सस्ती जीवनशैली भी उनके मुद्दे हैं। हाल ही में यहां प्रदर्शन हिंसा में बदले जहां, तोड़ फोड़ और चोरी के मामले सामने आए कई लोगों को हिरासत में लिया गया. इटली, बेल्जियम, अल्बानिया, पुर्तगाल और नीदरलैंड में भी अलग-अलग मुद्दों को लेकर जेन जी प्रदर्शन कर रहे हैं।



प्रेम, विश्वास और पूर्णता की ओर

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

अक्सर प्रेम को दो व्यक्तियों के बीच का संबंध समझा जाता है। यदि आप जिससे प्रेम करते हैं, उसके साथ एकात्मता का अनुभव नहीं करते, तो कालांतर में संदेह उत्पन्न होता है। संदेह के कारण आप बिना शर्त प्रेम करने और उसमें विलीन होने में असमर्थ हो जाते हैं। अतः प्रेम में विश्वास अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक स्थिति और भाव, जो प्रेम का विरोध करते प्रतीत होते हैं, उनके प्रति उदासीन रहें। कभी-कभी ऐसी घटनाएँ घटित हो सकती हैं, जो प्रेम के विरुद्ध हों। जिनसे प्रतीत होता है कि ईश्वर हमसे प्रेम नहीं करते। उन घटनाओं के प्रति उदासीन रहें; अन्यथा प्रेम, घृणा, क्रोध, ईर्ष्या और निराशा जैसे विपरीत तथा नकारात्मक भावों में उलझना अत्यंत सरल हो जाता है। यदि आप प्रेम में केंद्रित रहना चाहते हैं, तो आपको उन सभी बातों को छोड़ना होगा जो प्रेम का विरोध करती प्रतीत होती हैं; अन्यथा आप विरोधों के चक्र में फँस जाएँगे। तब आप कभी मुक्त नहीं हो पाएँगे और उस पूर्णता को प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

अस्तित्व में पूर्ण होने के लिए, आपको प्रेम में डुबना होगा। अक्सर मनुष्य अनेक सहारों पर निर्भर रहता है। उदाहरण के लिए, यदि आप आध्यात्मिक मार्ग पर हैं, तो कभी-कभी आप किसी ज्योतिषी के पास जाकर पूछते हैं-क्या मैं प्रगति करूँगा? क्या होगा? इस प्रकार आप एक और सहारा खोज रहे होते हैं। किंतु परम की प्राप्ति के लिए अंततः सभी सहारों को छोड़ देना आवश्यक है। मन बैसाखियों की तलाश करता है, किंतु परमात्मा की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि सभी सहारों का त्याग कर दिया जाए-निराधार और निराश्रित बनकर।

इस संसार में आपके जन्म का उद्देश्य पूर्णता को प्राप्त करना है। पूर्णता केवल कार्य या वचन में नहीं होती, अपितु अस्तित्व में होती है। केवल अस्तित्व की पूर्णता ही वचन और क्रिया में पूर्णता ला सकती है। अस्तित्व में पूर्ण होने के लिए, आपको प्रेम में डुबना होगा। अक्सर मनुष्य अनेक सहारों पर निर्भर रहता है। उदाहरण के लिए, यदि आप आध्यात्मिक मार्ग पर हैं, तो कभी-कभी आप किसी ज्योतिषी के पास जाकर पूछते हैं-क्या मैं प्रगति करूँगा? क्या होगा? इस प्रकार आप एक और सहारा खोज रहे होते हैं। किंतु परम की प्राप्ति के लिए अंततः सभी सहारों को छोड़ देना आवश्यक है। मन बैसाखियों की तलाश करता है, किंतु परमात्मा की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि सभी सहारों का त्याग कर दिया जाए-निराधार और निराश्रित बनकर। भगवान श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता में कहा है-अनन्याश् चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते अर्थात् मैं उनके लिए हूँ, जो एकाग्रचित्त होकर अन्य किसी सहारे की तलाश नहीं करते। मैं उनके लिए आधार बन जाता हूँ, जो बैसाखियों की खोज नहीं करते।

भारत का वह बाजार, जहां नालियों के कचरे से निकलता है सोना

आमतौर पर जब किसी गली या बाजार की नाली में कचरा जमा होता है, तो लोग उससे दूर रहना ही पसंद करते हैं। गंदी बदबू और कीचड़ देखकर शायद ही कोई वहां रुकना चाहे. लेकिन क्या हो अगर आपको पता चले कि इसी गंदगी में सोना भी छिपा हो सकता है? जाहिर है, आप हैरान रह जाएंगे। बिहार के आरा शहर में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिलता है। यहां लोग नालियों की गाद और कचरे में सोने के छोटे-छोटे कण तलाशते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस काम के लिए सिर्फ आसपास के लोग ही नहीं, बल्कि राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से भी लोग पहुंचते हैं. उनके लिए यहां का कचरा बेकार नहीं, बल्कि कमाई का एक संभावित जरिया है।आरा शहर के गुदरी बाजार और जगजीवन मार्केट में सोने-चांदी के गहनों का कारोबार बड़े पैमाने पर होता है. यहां कई दुकानें और कारीगर आभूषण बनाने से लेकर उनकी कटिंग, घिसाई और पॉलिशिंग तक का काम करते हैं। गहने तैयार करने की इस प्रक्रिया में सोने के बेहद छोटे कण निकलते हैं। कई बार ये कण इतने बारीक होते हैं कि सामान्य आंखों से इन्हें पहचानना भी मुश्किल होता है. जब कारीगर दुकानों की सफाई करते हैं, तो सोने के ये कण फर्श पर जमा धूल और बुरादे के साथ मिल जाते हैं। इसके बाद सफाई के दौरान पानी के साथ बहकर इनमें से कुछ कण नालियों तक पहुंच जाते हैं. धीरे-धीरे नालियों की गाद में सोने के बारीक कण जमा होने लगते हैं. यही वजह है कि इन बाजारों की नालियां कुछ लोगों के लिए खास बन गई हैं. जहां आम लोग कचरा देखते हैं, वहीं ये लोग उसमें सोने की संभावना तलाशते हैं.इस अनोखे काम में स्थानीय लोगों के साथ दूसरे राज्यों से आए लोग भी शामिल हैं. राजस्थान और मध्य प्रदेश से आने वाले कुछ लोग भी आरा के इन बाजारों में नालियों की गाद और कचरा इकट्ठा करने पहुंचते हैं. उन्हें उम्मीद रहती है कि मिट्टी और गंदगी के बीच उन्हें सोने के कीमती कण मिल जाएंगे. इसके लिए पहले नालियों से गाद और कचरा निकाला जाता है. फिर उसे अलग-अलग तरीकों से साफ किया जाता है. छानने, धोने और पारंपरिक तरीकों की मदद से मिट्टी से सोने के बारीक कण अलग करने की कोशिश होती है। इस काम में काफी धैर्य और मेहनत लगती है। कई बार घंटों की मशक्कत के बाद भी कुछ खास हाथ नहीं लगता, जबकि कभी-कभी थोड़ी-सी गाद से भी सोने के कण मिल जाते हैं. यानी इस काम में मेहनत तो तय है, लेकिन कमाई की कोई गारंटी नहीं. कितनी मात्रा में सोना मिलेगा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि इकट्ठा की गई मिट्टी में कितने कण मौजूद हैं।



बच्चोंकी मोबाइल या स्क्रीन देखने की लत एक बड़ी समस्या

बच्चों की मोबाइल या स्क्रीन देखने की लत एक बड़ी समस्या है। पर अक्सर कई माता-पिता इस बात पर संतुष्ट होते हैं कि उनके बच्चे स्क्रीन पर एजुकेशनल वीडिया या कुछ अच्छा ही देख रहे हैं। इससे वो सीखेंगे और चीजें समझ पाएंगे। छोटे बच्चों को तो पढ़ाने के लिए अक्सर टीवी पर कविताएं, रंग-बिरंगे एनिमेशन चला दिए जाते हैं। पर ऐसे एजुकेशनल वीडियो देखकर बच्चा हर बार सीख रहा हो, ये जरूरी नहीं है। एक नई स्टडी में सामने आया है कि बच्चों का ध्यान शैक्षिक वीडियो में मौजूद पढ़ाई की सामग्री से ज्यादा उसके पीछे चल रही एनिमेटेड चीजों पर जाता है। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस और सांता क्लारा यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने बच्चों के वीडियो देखने के तरीके पर एक स्टडी की। इसमें पता चला कि वीडियो में जितने ज्यादा हिलते-डुलते दृश्य होते हैं, बच्चे उसे उतनी ही देर तक देखते हैं, लेकिन उनका ध्यान वीडियो में पढ़ाई से जुड़ी बातों पर कम और पीछे चल रहे एनिमेशन पर ज्यादा रहता है। यानी बच्चा स्क्रीन को लगातार देख रहा है, इसका मतलब यह नहीं कि वह वीडियो में बताई जा रही बातें भी समझ रहा है. रिसचरों ने बच्चों के वीडियो देखने के तरीके को समझने के लिए तीन तरीके अपनाए। सबसे पहले बच्चों के लिए बनाए गए 32 हजार से ज्यादा यू ट्यूब वीडियो का विश्लेषण किया गया. इसके बाद एक प्रयोग किया गया. साथ ही, 6 से 10 साल की उम्र के बच्चों की आंखों की गतिविधियों पर भी नजर रखी गई। इससे यह समझने की कोशिश की गई कि वीडियो देखते समय बच्चों की नजर स्क्रीन के किस हिस्से पर रहती है। वीडियो के विश्लेषण में पता चला कि अगर किसी वीडियो में विजुअल्स 10 प्रतिशत बढ़ा दिए जाएं, तो उसे देखने वालों की संख्या करीब 1.1 प्रतिशत बढ़ जाती है। यानी वीडियो में जितनी ज्यादा हलचल होती है, बच्चे उसे देखने में उतनी ही दिलचस्पी दिखाते हैं. शोधकर्ताओं ने अपने प्रयोग में कुछ शैक्षिक वीडियो में अतिरिक्त एनिमेटेड बैकग्राउंड जोड़े. फिर देखा कि बच्चे किस तरह के वीडियो ज्यादा देखते हैं। नतीजों में पता चला कि बिना एक्स्ट्रा एनिमेशन वाले वीडियो के मुकाबले मध्यम स्तर की हलचल वाले वीडियो को देखने वालों की संख्या 1.6 प्रतिशत ज्यादा थी। वहीं, जिन वीडियो में ज्यादा हलचल थी, उन्हें देखने वालों की संख्या 2 प्रतिशत बढ़ गई। यानी रंग-बिरंगे और हिलते-डुलते दृश्य बच्चों को वीडियो देखने के लिए आकर्षित करते हैं लेकिन इससे यह साबित नहीं होता कि वे पढ़ाई की बातें भी बेहतर तरीके से सीख रहे हैं। स्टडी का सबसे दिलचस्प हिस्सा बच्चों की आंखों की गतिविधियों से जुड़ा था। शोधकर्ताओं ने देखा कि जिन वीडियो में एनिमेटिड बैकग्राउंड था, उन्हें देखते समय बच्चे कम बार स्क्रीन से नजरें हटाते थे। इस वजह से स्क्रीन देखने में उनका समय करीब 3.4 से 3.6 प्रतिशत बढ़ गया, लेकिन जब यह देखा गया कि बच्चे स्क्रीन पर आखिर किस चीज को देख रहे हैं, तो पता चला कि उनका ध्यान ज्यादातर हिलते-डुलते बैकग्राउंड पर था. वे वीडियो में समझाई जा रही पढ़ाई की बातों को उतनी तवज्जो नहीं दे रहे थे.इस स्टडी से माता-पिता और शिक्षकों को एक जरूरी बात समझने की जरूरत है। बच्चा अगर आधे घंटे तक कोई एजुकेशनल वीडियो देख रहा है, तो इसका मतलब यह नहीं कि उसने आधे घंटे तक पढ़ाई भी की है. हो सकता है कि वह वीडियो में चल रहे मजेदार एनिमेशन और रंगों में ही उलझा रहा हो. इसलिए बच्चों के लिए वीडियो चुनते समय सिर्फ यह न देखें कि उसमें कितने अच्छे एनिमेशन हैं या बच्चा उसे कितनी देर तक देखता है. यह भी देखें कि वीडियो में समझाई जा रही बात कितनी साफ है और बच्चा उसे समझ पा रहा है या नहीं. जरूरत पड़ने पर बच्चे से वीडियो के बारे में सवाल पूछें. इससे अंदाजा लग सकता है कि उसने वीडियो से क्या सीखा।



कई शादियां करती है 'स्वर्ग की चिड़िया'



बर्ड्स ऑफ पैराडाइज की दुनिया में करीब तीन दर्जन से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें मादा पक्षियों का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए नर पक्षियों के बीच ऐसी खूंखार जंग छिड़ती है, जिसे देखकर इंसान दंग रह जाएंगे। ये मुकाबला किसी कोल्ड वॉर जैसा होता है, जहां हर नर पक्षी दूसरे से ज्यादा चमकदार और हसीन दिखने की कोशिश करता है। मादाएं हमेशा उसी नर को अपना पार्टनर चुनती हैं, जिसके पंख सबसे ज्यादा भड़कीले होते हैं और डांस सबसे दमदार होता है. इन खूबसूरत पक्षियों की दुनिया में पॉलीगाइनस यानी बहुविवाह का राज चलता है। इसका सीधा सा मतलब है कि एक नर पक्षी अपनी शान दिखाने के बाद एक ही ब्रीडिंग सीजन में कई अलग-अलग मादाओं के साथ संबंध बनाता है. सबसे दिलचस्प और हैरान करने वाली बात ये है कि रोमांस और मेटिंग का ये दौर खत्म होते ही नर पक्षी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। इसके बाद अंडे सेने से लेकर चूजों को पालने-पोसने तक का पूरा बोझ अकेली मादा पक्षी के सिर पर ही रहता है। आखिर इन पक्षियों के पास अपने लुक्स और डांस पर इतनी मेहनत करने का वक्त कहां से मिल जाता है? इसका पूरा श्रेय उनके घर यानी रैनफॉरेस्ट के पर्यावरण को जाता है. न्यू गिनी और ऑस्ट्रेलिया के इन घने जंगलों में फल-फूल, बेरीज और कीड़े-मकोड़े भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं. भोजन तलाशने में ज्यादा मेहनत न करनी पड़ने के कारण नर पक्षियों की ऊर्जा खाने के पीछे बर्बाद नहीं होती. इस बची हुई सारी एनर्जी का इस्तेमाल वो अपनी खूबसूरती को निखारने, लंबे-लंबे पंख उगाने और अपने डांस मूव्स की रिहर्सल करने में करते हैं।

२४ कैरेट सोने से बनेगी खास सड़क

दुबई अपनी भव्य इमारतों, आलीशान होटलों और अनोखी चीजों के लिए दुनियाभर में मशहूर है। अब यह शहर एक ऐसी खास सड़क बनाने की तैयारी कर रहा है, जिसकी चर्चा सुनकर हर कोई हैरान है. दरअसल, दुबई में जल्द ही 24 कैरेट सोने से बनी वॉकवे यानी गोल्ड स्ट्रीट तैयार की जाएगी। इस पर लोग आम सड़क की तरह पैदल चल सकेंगे। इसे दुनिया की पहली और सबसे लंबी गोल्ड वॉकवे बताया जा रहा है. खास बात यह है कि इस परियोजना को साल 2026 के अंत तक पर्यटकों के लिए खोलने की योजना है। दुबई के गोल्ड डिस्ट्रिक्ट में बनने वाली यह सड़क शहर के पर्यटन आकर्षणों में एक नया नाम जोड़ सकती है। इस गोल्ड वॉकवे को खासतौर पर पर्यटकों और सोने के शौकीनों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है. दुबई गोल्ड डिस्ट्रिक्ट के कमर्शियल सेक्टर के वरिष्ठ निदेशक राशिद अल हरमौदी के मुताबिक, इस परियोजना के जरिए लोगों को सोने से बने रास्ते पर चलने का अनोखा अनुभव मिलेगा. रिपोर्ट्स के अनुसार, इसे 2026 के आखिर तक शुरू करने की तैयारी है, हालांकि, इसके निर्माण की पूरी तकनीक और डिजाइन से जुड़ी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।



५३ वर्ष की हो गयीं ऐश्वर्या राय

अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन अपना जन्मदिन मना रही हैं। उन्होंने साउथ से लेकर बॉलीवुड तक कई चर्चित फिल्मों में काम किया है। कई इंटरनेशनल फैशन इवेंट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर वे जान फूंक देती हैं। उनकी खूबसूरती के चर्चे होते हैं। अभिनय से वे फैंस पर जादू कर देती हैं। इसी के साथ वे दौलत के मामले में भी कम नहीं हैं। कितनी है ऐश्वर्या की नेटवर्थ जानिए साल 1994 में ऐश्वर्या राय बच्चन ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता। फिर उन्होंने 1997 में तमिल फिल्म इरुवर से अभिनय की शुरुआत की। इसी साल उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी फिल्म और प्यार हो गया से कदम रखे। अभिनय की दुनिया में वे करीब तीन दशक से सक्रिय हैं। उनका जादू आज भी बकरार है। ऐश्वर्या राय बच्चन फिल्मों से मोटी फीस लेती हैं। मगर, फिल्मों के अलावा अन्य स्रोतों से भी उनकी अच्छी-खासी आमदनी होती है। वे एक्टिंग के साथ ही विज्ञापनों में भी नजर आती हैं, जहां उनकी फीस काफी तगड़ी है। इसके अलावा कई इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड्स के साथ भी वे जुड़ी हुई हैं। सेलिब्रिटी नेट वर्थ के अनुसार, ऐश्वर्या राय बच्चन की अनुमानित संपत्ति करीब 100 मिलियन डॉलर है। करीब 900 करोड़ रुपये। यह आंकड़ा भारतीय सिनेमा में उनके 28 वर्षों के फिल्मी करियर और कई इंटरनेशनल ब्रांड्स के साथ उनके जुड़ाव के कारण है। भारत के बाहर भी उनकी अच्छी फैन फॉलोइंग है, जिसके चलते कई ग्लोबल कंपनियों के साथ भी वे जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कई इंटरनेशनल इवेंट्स में भी भारतीय सिनेमा को रिप्रेजेंट किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐश्वर्या राय बच्चन एक फिल्म के लिए करीब 10 करोड़ रुपये फीस लेती हैं। वहीं, एक ब्रांड एंडोर्समेंट के लिए उनकी फीस पांच से सात करोड़ रुपये है। ऐश्वर्या की चर्चित फिल्मों की बात करें तो, मोहब्बतें, ए दिल है मुश्किल, उमराव जान, देवदास, धूम, गुरु, जोधा अकबर, ताल और पोन्नियिन सेलवन में उन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों पर छाप छोड़ी है।



इंसानों के लिए वरदान बन गया सांपका जहर

कहते हैं 'जहर ही जहर को काटता है', एक सांप के विष ने ये कहावत सच कर दी। इस जंगली और बेहद जहरीले सांप के डंक से वो वरदान निकला जो आज दुनिया भर में लाखों-करोड़ों इंसानों की जिदंगी बचा रहा है। जिस सांप के काटने से इंसान चंद मिनटों में तड़प-तड़पकर दम तोड़ दे, उसी के खतरनाक जहर से दुनिया की पहली सबसे असरदार हाई ब्लड प्रेशर की दवा बनाई गई। ये मेडिकल साइंस का एक ऐसा ऐतिहासिक सच है जिसने पूरी दुनिया में कार्डियोवैस्कुलर मेडिसिन की दुनिया बदल दी.1960 के दशक में ब्राजील के जंगलों में पाए जाने वाले एक बेहद जहरीले सांप पर हुए रिसर्च ने इसी रिसर्च की बदौलत 1981 में अमेरिका में 'कैप्टोप्रील' नाम की दवा को मंजूरी मिली, जो हाई ब्लड प्रेशर के इलाज में एक बहुत बड़ा मील का पत्थर साबित हुई. दक्षिण अमेरिका और खासकर ब्राजील के घने जंगलों में एक पिट वाइपर पाया जाता है, जिसे वैज्ञानिक भाषा में ब्राजीलियन लान्सहेड या जाराराका कहा जाता है। ये सांप अपनी तेजी और बेहद जहरीले डंक के लिए जाना जाता है. जब ये किसी शिकार को काटता है, तो पीड़ित का ब्लड प्रेशर अचानक बहुत तेजी से गिर जाता है और वह बेहोश होकर गिर पड़ता है. इस महान खोज की शुरुआत साल 1965 में हुई. सर्जियो फेरेरा नाम के एक युवा ब्राजीलियन फार्माकोलॉजिस्ट ने अपनी पीएचडी थीसिस के आधार पर 'ब्रिटिश जर्नल ऑफ फार्माकोलॉजी' में एक रिसर्च पेपर छापा। सर्जियो ने सांप के जहर का एक्सट्रैक्ट निकाला और पाया कि इसमें एक खास तरह का पदार्थ मौजूद है. ये पदार्थ शरीर में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले 'ब्रेडिकिनिन' नाम के पेप्टाइड के असर को बहुत ज्यादा बढ़ा देता था. ब्रेडिकिनिन का काम शरीर की रक्त वाहिकाओं को फैलाना और ब्लड प्रेशर को कम करना होता है। सर्जियो ने पहचाना कि सांप के जहर में मौजूद 'ब्रेडिकिनिन- पोटेंशिएटिंग पेप्टाइड्स' ही वो जादुई चाबी हैं, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं. जब वैज्ञानिकों ने इस पेप्टाइड पर गहराई से शोध किया, तो उनका ध्यान शरीर के एक बेहद महत्वपूर्ण एंजाइम पर गया, जिसे एसीई कहा जाता है। लसामान्य परिस्थितियों में हमारे शरीर में ऐस का काम दो तरह से होता है। ये 'एंजियोटेंसिन प्रथम' को 'एंजियोटेंसिन द्वितीय' में बदलता है. एंजियोटेंसिन द्वितीय एक ऐसा रसायन है जो नसों को सिकोड़ देता है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। इसके अलावा,ऐस एंजाइम ब्रेडिकिनिन को तोड़कर खत्म कर देता है, जो नसों को आराम पहुंचाने का काम करता है. वैज्ञानिकों ने देखा कि ब्राजीलियन पिट वाइपर का जहर सीधे इस ऐस एंजाइम को ही ब्लॉक कर देता है। जबऐस ब्लॉक हो गया, तो न तो नसें सिकुड़ पाईं और न ही ब्रेडिकिनिन नष्ट हुआ. नतीजा ये हुआ कि रक्त वाहिकाएं चौड़ी हो गईं और ब्लड प्रेशर तेजी से नीचे आ गया. जहर के पेप्टाइड से लैब की पहली गोली तक की मुश्किल चुनौती सांप के जहर के इस जैविक प्रभाव को समझना तो बस पहली शुरुआत थी. असली चुनौती ये थी कि इस खोज को एक ऐसी दवा में कैसे बदला जाए, जिसे मरीज रोजाना आसानी से खा सकें. शुरुआती रिसर्च में वैज्ञानिकों ने जहर से निकाले गए 'टेप्रोटाइड' नामक पेप्टाइड का इस्तेमाल करके देखा. इसने ऐस को ब्लॉक किया और ब्लड प्रेशर भी कम किया, लेकिन इसके साथ एक बहुत बड़ी समस्या थी, इसे गोली के रूप में पेट के जरिए नहीं लिया जा सकता था, इसे सिर्फ इंजेक्शन से देना पड़ता था. रोज-रोज बीपी के मरीज को इंजेक्शन देना प्रैक्टिकल नहीं था. वैज्ञानिकों को एक ऐसे मॉलिक्यूल की जरूरत थी, जो लैब में तैयार हो सके, पेट में जाकर पच सके और गोली के रूप में खाया जा सके. सालों की कड़ी मेहनत, केमिकल्स में बदलाव और अनगिनत प्रयोगों के बाद आखिरकार कैप्टोप्रील का आविष्कार हुआ. ये दुनिया की पहली खाने वाली दवा बनी. 15 से 20 सालों के लंबे शोध, टेस्टिंग और क्लिनिकल ट्रायल्स के बाद साल 1981 में अमेरिका की 'फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' ने कैप्टोप्रील को हाई ब्लड प्रेशर के इलाज के लिए आधिकारिक मंजूरी दे दी.ये फार्माकोलॉजी के इतिहास में एक क्रांति की तरह था. इसने साबित कर दिया कि प्रकृति के सबसे खतरनाक जहर का सही इस्तेमाल करके इंसान के लिए जीवनरक्षक दवाएं बनाई जा सकती हैं. कैप्टोप्रील के आने के बाद हृदय रोगों के इलाज की पूरी दिशा ही बदल गई.हाई ब्लड प्रेशर को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, क्योंकि इसके कोई साफ लक्षण नहीं दिखते, लेकिन ये धीरे-धीरे दिल, दिमाग और किडनी को खोखला कर देता है।



नोरा को अदालत ने लगायी फटकार



200 करोड़ की ठगी के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद सुकेश चंद्रशेकर से जुड़े इस मामले में अदालत ने नया आदेश दिया है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को नोरा फतेही को सबूत के लिए सरकारी गवाह के तौर पर पेश होने के लिए नया समन जारी किया। वह सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े एक एक्सटॉर्शन केस में गवाह हैं। स्पेशल जज गगनदीप सिंह ने नोरा फतेही को नया समन जारी किया। कोर्ट ने उन्हें 6 नवंबर को पेश होने का निर्देश दिया है। बता दें कि राउज एवेन्यू कोर्ट ने नोरा फतेही को इस मामले में गवाह के तौर पर पेश होने का आदेश दिया है। इससे पहले कोर्ट ने उन्हें 02 नवंबर 2026 को पेश होने के लिए समन जारी किया था। मगर, अभिनेत्री आज पेश नहीं हुईं। इसके बाद अदालत ने नोरा के व्यवहार पर सवाल उठाया है। साथ ही कहा कि वे कोर्ट को हल्के में न लें। नोरा की तरफ से उनके वकील ने अर्जी दी। बता दें कि नोरा फतेही का नाम इस मामले में दाखिल तीसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में गवाह के तौर पर शामिल है।